कार्तिक कृष्ण पक्ष पंचमी 02:29 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 21 अक्टूबर 2024
वर्ष 4, अंक 245, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हम एम्स ब्रांड को नहीं होने देंगे कमजोर : नड्डा 14

हिंदी में डब होगी तमन्ना की फिल्म ओडेला-2 13

चांद का दीदार...

करवाचौथ पर सुहागिनों ने अपने पति की दीर्घायु के लिए रविवार को व्रत रखा। देर शाम पूजा-अर्चना कर व्रत का पारण किया। पूजन के दौरान चांद का दीदार करती एक सुहागिन। ● अमृत विचार

फिर मिली 25 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

फ्लाइट्स की गहन जांच के बाद दी गई उड़ान की अनुमति, इस हफ्ते करीब 100 विमानों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई/ नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों के 25 उड़ानों को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि इन विमानन कपंनियों में इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा एयर शामिल हैं जिनकी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों सहित विभिन्न उड़ानों में बम होने की धमकी मिली।

इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों को धमकियां मिलीं। इस सप्ताह अब तक करीब 100 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं जो झूठी साबित हुई हैं।

जोधपुर में हवाई अड्डे पर एक उड़ान की लैंडिंग के बाद निगरानी करते सुरक्षाकर्मी।

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि जेद्दा से मुंबई, कोझिकोड से दम्माम, दिल्ली से इस्तांबुल, मुंबई से इस्तांबुल, पुणे से जोधपुर और गोवा से अहमदाबाद जाने वाली उड़ानों को बम की धमकी मिली। विस्तारा ने कहा कि उसे छह उड़ानों दिल्ली से फ्रैंकफर्ट, सिंगापुर से मुंबई, बाली से दिल्ली, सिंगापुर से दिल्ली, सिंगापुर से पुणे और मुंबई से सिंगापुर को लेकर धमकी मिली है। विस्तारा के प्रवक्ता ने बताया कि प्रोटोकॉल के अनुरूप, सभी संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित कर दिया गया तथा उनके निर्देशानुसार सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई जा रही हैं। अकासा एयर की छह उड़ानों अहमदाबाद से मुंबई, दिल्ली से गोवा, मुंबई से बागडोगरा, दिल्ली से हैदराबाद, कोच्चि से मुंबई और लखनऊ से मुंबई के लिए सुरक्षा चेतावनी प्राप्त हुई। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया कि निर्धारित प्रक्रियाओं और छह विमानों के गहन जांच के बाद, उन्हें परिचालन की मंजूरी दे दी गई। एयर इंडिया की छह उड़ानों को धमकी मिली है।

दो फ्लाइट में बम की सूचना, एक्स यूजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अमौसी एयरपोर्ट से सउदी के दम्माम और राजस्थान के किशनगढ़ जाने वाली फ्लाइट में बम रखने की सूचना शनिवार को एक्स (ट्विटर) हैंडल ‹bha›@‹/bha›adamlanza111 से वायरल हुई। जानकारी होते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। जहां किशनगढ़-लखनऊ फ्लाइट को तत्काल आइसोलेशन वे पर ले जाया गया। वही, दम्माम की फ्लाइट के लैंडिंग का इंतजार किया जा रहा था। फ्लाइट रात करीब 10 .30 बजे दम्माम हवाई अड्डे पर लैंड हुई। दोनों फ्लाइट के मैसेज एक ही एक्स (ट्विटर) हैंडल से वायरल हुए थे। एयर इंडिया में सहायक सुरक्षा अधिकारी अमरजीत सिंह और स्टार एयर के एयरपोर्ट मैनेजर नितिन कुमार श्रीवास्तव ने सरोजनीनगर थाने ने ‹bha›@‹/bha›adamlanza111 के प्रयोगकर्ता के खिलाफ अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एक नजर

दो साल की बच्ची दुष्कर्म, सौतेला पिता गिरफ्तार

जांजगीर। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चाम्पा जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है जहां दो साल की बच्ची के साथ हैवानियत की गई। पुलिस ने इस संबंध में उसके सौतेले पिता को रविवार को गिरफ्तार किया है। शनिवार की शाम को एक दो साल की बच्ची अपने घर के सामने खेल रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति बच्ची को फुसलाकर अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया।

लोगों ने की पीट-पीटकर युवक की हत्या

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के जगतपुरी इलाके में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों ने 21 वर्षीय एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि जांच के बाद पता चला है कि युवक की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह आरोपियों में से एक ध्रुव की बहन से बात करता था। पुलिस ने इस मामले में ध्रुव समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

असम से बांग्लादेशी घुसपैठिए को वापस भेजा

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि एक बांग्लादेशी नागरिक को करीमगंज जिले में अवैध रूप से भारत की सीमा में प्रवेश करते समय पकड़ लिया और उसे पड़ोसी देश वापस भेज दिया गया।

पांच साल में बढ़ेंगी 75 हजार एमबीबीएस की सीटें : मोदी

प्रधानमंत्री ने देश को सौंपी 6,611.18 करोड़ रुपये की 23 परियोजनाएं

- गरीबों के लिए किया 3 करोड़ और नए घर बनाए जाने का एलान
- वाराणसी में किया आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में 75 हजार नई मेडिकल सीटें और जोड़ी जाएंगी। ड्रोन टेक्नोलॉजी को भी स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। घोषणा की कि सरकार जल्द ही गरीबों के लिए 3 करोड़ और नए घर बनवाने जा रही है।

मोदी ने रविवार को वाराणसी में आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का लोकार्पण करने के बाद सिगरा स्टेडियम में जनसभा के दौरान 6,611.18 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। बाबतपुर, आगरा और सहारनपुर एयरपोर्ट के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अलग-अलग एयरपोर्ट का शुभारंभ करते हुए मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से इन राज्यों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

प्रधानमंत्री ने प्रदेश के विकास की चर्चा करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। कहा कि कभी यहां खराब सड़कों के लिए ताने सुनने पड़ते थे, लेकिन आज एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में जाना जाता है। सबसे अधिक इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं, और जल्द ही जेवर में एक भव्य इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी बनकर तैयार हो रहा है। मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। कहा कि गांव-गांव में महिलाएं अब लखपति दीदी और ड्रोन पायलट बन रही हैं। काशी में मां अन्नपूर्णा स्वयं भगवान शिव को भिक्षा देती हैं, और इसलिए यहां नारी शक्ति का सम्मान और सशक्तिकरण विशेष महत्व रखता है। मोदी ने सपा-कांग्रेस का नाम लिए बगैर सवाल उठाया कि आखिर क्यों काशी को इतने लंबे समय तक विकास से वंचित रखा गया। प्रधानमंत्री ने लोगों से भोजपुरी में संवाद करते हुए दीपावली समेत अन्य त्योहारों की अग्रिम बधाई भी दी। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहे।

10 साल पहले छाई रहती थीं घोटालों की खबरें

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश की जनता ने तीसरी बार उन्हें सेवा का अवसर दिया, तो उन्होंने तीन गुना गति से काम करने का वादा किया था। अभी केवल सवा सौ दिन ही हुए हैं, और इस दौरान 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले सरकार के घोटालों की खबरें छाई रहती थीं, जबकि आज देश के विकास की खबरें घर-घर में चर्चा का विषय हैं।

राजनीति में लाएंगे एक लाख नए युवाओं को

प्रधानमंत्री ने युवाओं को राजनीति में आगे लाने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वे एक लाख नए युवाओं को राजनीति में लाएंगे, जिनका राजनीति से कोई पूर्व कनेक्शन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को परिवारवादियों से सतर्क रहना चाहिए क्योंकि वे देश और युवाओं का नुकसान करते हैं।

10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

मोदी ने बीते 10 वर्षों में बढ़ी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि बीमारी गरीब को और गरीब बना देती है। 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, लेकिन एक गंभीर बीमारी उन्हें फिर से गरीबी में धकेल सकती है। इसी कारण सरकार पोषक खानपान और टीकाकरण पर विशेष जोर दे रही है।

गांदरबल में आतंकी हमले में दो प्रवासी श्रमिकों की मौत

सुरंग निर्माण कार्य में लगी निजी कंपनी के शिविर पर की गई गोलीबारी

टारगेट किलिंग

- हमलावरों का पता लगाने को सेना-पुलिस ने इलाके को घेरा
- नई सरकार के शपथ ग्रहण करने के चार दिन के बाद हुई घटना

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले के बाद इलाके में तैनात सुरक्षाबल।

जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में एक आतंकवादी हमले में दो प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने जिले के गुंड इलाके में एक सुरंग के निर्माण कार्य में लगी एक निजी कंपनी के एक शिविर में रह रहे मजदूरों पर गोलीबारी की।

उन्होंने बताया कि दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हमलावरों का पता लगाने के लिए पुलिस और सेना ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। यह घटना केंद्र शासित प्रदेश में नई सरकार के शपथ ग्रहण के चार दिन बाद हुई। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में सोनमर्ग क्षेत्र के गगनगीर इलाके में हुई घटना की निंदा की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता अब्दुल्ला ने कहा कि मृतक संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि गगनगीर हमले में मृतक संख्या अंतिम नहीं है, क्योंकि कई मजदूर घायल हुए हैं, जिनमें स्थानीय और बाहरी दोनों श्रमिक शामिल हैं। गंभीर रूप से घायलों को श्रीनगर के एसकेआईएमएस भेजा जा रहा है। शुक्रवार को शोपियां जिले में बिहार के एक मजदूर का गोलियों से छलनी शव मिला था।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हमले की निंदा की

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को गांदरबल जिले में गैर-स्थानीय मजदूरों पर हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सोनमर्ग क्षेत्र के गगनगीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर नृशंस और कायरतापूर्ण हमले की बहुत दुखद खबर है। ये लोग क्षेत्र में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना पर काम कर रहे थे। इस आतंकवादी हमले में दो लोग मारे गए हैं और दो से तीन अन्य घायल हुए हैं। मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद गनी लोन ने भी हमले की निंदा की। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने हमले पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

मुकेश अंबानी ने किए बदरी-केदार के दर्शन

- मंदिर समिति को सौंपा 5 करोड़ रुपये का चेक

ब्यूरो, देहरादून

मुकेश अंबानी का स्वागत करते बदरी-केदार मंदिर समिति के पदाधिकारी।

अमृत विचार : रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन व प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को बाबा केदार और भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। दर्शन के बाद अंबानी ने बदरी केदार मंदिर समिति को पांच करोड़ रुपये का दान भी दिया। मुकेश अंबानी सुबह करीब 9 बजे बद्रीनाथ धाम पहुंचे। जहां बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत तमाम पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने बदरी विशाल मंदिर में वेद पाठ और पूजा की। मंदिर परिसर स्थित माता लक्ष्मी मंदिर में भी दर्शन किए। पौने ग्यारह बजे मुकेश अंबानी केदारनाथ धाम पहुंचे और केदारनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक किया।

बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि मुकेश अंबानी ने बीकेटीसी को 5 करोड़ 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। वह हर साल भगवान बदरी विशाल के दर्शन के लिए आते हैं और करोड़ों रुपये का दान कर जाते हैं। वहीं, मुकेश अंबानी ने बद्रीनाथ मंदिर के सिंह द्वार पर प्रशंसकों और मंदिर समिति पदाधिकारियों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

चार से छह रुपये महंगी हो सकती है सीएनजी

नई दिल्ली। सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक की कटौती की है। सूत्रों का कहना है कि ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के दाम में चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो सकती है। भारत के भीतर अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है।

पुलभट्टा में पकड़ी 3 करोड़ की स्मैक, 3 गिरफ्तार

बरेली से सितारगंज ले जा रहे थे खेप, अब तक कर चुके हैं 30 किलो से अधिक की आपूर्ति

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पुलभट्टा थाना पुलिस ने 1 किलो 58 ग्राम स्मैक के साथ दंपती समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक बरेली से सितारगंज ले जाई जा रही थी। बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तीन करोड़ रुपये से अधिक बताई जाती है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि अलीखां मोहल्ला हजरतनगर, काशीपुर निवासी खुर्शीद पुत्र अली हसन और उसकी पत्नी आसमा स्मैक की तस्करी कर रहे हैं। इसको लेकर थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। पुलभट्टा पुलिस तलाश में जुटी थी। देर शाम सूचना मिली कि कुछ लोग एक कार में स्मैक लेकर सितारगंज की ओर जा रहे हैं। इस पर शंकर कट फार्म के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। चेकिंग को देख कार (यूपी14सीएफ-9528) वापस मुड़ने लगी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को रोक लिया। तलाशी लेने पर कार सवार महिला समेत तीन लोगों से एक किलो 58 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पकड़े गए तस्करों में खुर्शीद पुत्र अली हसन और उसकी पत्नी आसमा हैं। तीसरा युवक नाम शानू पुत्र रहीस अहमद निवासी मोहल्ला अंसारी, वार्ड नंबर आठ, फतेहगंज पश्चिम (बरेली) है। एसएसपी ने बताया कि ये स्मैक फतेहगंज पश्चिमी (बरेली) निवासी रिफाकत पुत्र सखावत से लेकर आए थे और उसे सितारगंज में देने जा रहे थे। पुलिस स्मैक सप्लायर रिफाकत की तलाश में जुट गई है।

पहले भी स्मैक तस्करी में लिफ्त रहे आरोपी

रुद्रपुर। एसएसपी ने बताया कि खुर्शीद व उसकी पत्नी आसमा पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट में कई बार जेल जा चुके हैं। खुर्शीद के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में तीन और आसमा के खिलाफ एक मुकदमा पहले से है। मुख्य स्मैक सप्लायर रिफाकत के खिलाफ ड्रग्स तस्करी के 15 मामले दर्ज हैं। उसकी पत्नी रेशमा भी कई बार नारकोटिक्स एक्ट में जेल जा चुकी है। वहीं शानू भी बेहद शातिर है, वह अब तक ऊधमसिंह जिले में 30 किलो से अधिक स्मैक की आपूर्ति कर चुका है।

प्रशांत विहार में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ धमाका

नई दिल्ली,एजेंसी

- जांच के लिए पहुंचीं एनआईए और एनएसजी की टीमें

दिल्ली में रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार सुबह एक जोरदार धमाका हुआ, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

अधिकारियों ने बताया कि रोहिणी के सेक्टर-14 में सीआरपीएफ स्कूल के पास सुबह करीब 7:50 बजे धमाका हुआ था, जिसके बाद बम निरोधक दस्ता और पुलिस की एक फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। एनआईए और एनएसजी के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। धमाके में स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और एक कार को नुकसान पहुंचा है। विस्फोट के बाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें घना सफेद धुआं नजर आ रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि वे मोबाइल नेटवर्क का डेटा एकत्र कर रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि विस्फोट के समय आसपास कौन-कौन मौजूद थे। उसने कहा कि ऐसा संदेह है कि एक देसी बम के कारण यह धमाका हो सकता है। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल पर संदिग्ध 'सफेद पाउडर' बरामद किया और उसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।

सड़क हादसे में 8 बच्चों, 3 महिलाओं समेत 12 की मौत

भरतपुर। राजस्थान में धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बस और टेंपो के टकराने से 8 बच्चों एवं तीन महिलाओं सहित 12 लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बाड़ी के करीम कॉलोनी गुमट निवासी इरफान और उसके परिवार के करीब 15 लोग सरमथुरा थाना क्षेत्र के बरौली में शादी समारोह में बहन का भात भरने गए थे। वहां से वे देर रात बाड़ी लौट रहे थे कि उनका टेंपो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11बी पर सुन्नीपुर गांव के पास रात करीब ग्यारह बजे धौलपुर से जयपुर जा रही एक बस की चपेट में आ गया।

अथक प्रयास बिहार की राम रेखा के बाद पुनर्भरण में लगे नदी साधक संजय सज्जन बोले- नदियों का पुन : प्रकट होना दुर्लभ लेकिन असंभव नहीं

टेम्स और पेनोब्स्काट की तरह हो रहा फल्गू नदी का पुनरुद्धार

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

संजय सिंह सज्जन

- फल्गू तट पर बुद्ध को मिला था ज्ञान पितरों को मिलता है मोक्ष

अमृत विचार : नदियां, देश की भाग्य रेखाएं हैं। विदेशियों ने यह बात पहले से समझ ली थी, तभी तो लुप्त प्राय हो चुकी दक्षिण कोरिया की च्योंग चियान, अमेरिका की पेनोब्स्काट को जीवंत किया। 1950 के दशक में लंदन की प्रसिद्ध टेम्स नदी गंदा नाला हो चुकी थी। इसमें एक भी मछली नहीं थी लेकिन आज इसमें मछली की 150 प्रजातियां पल रही हैं।

ऐसा भारत में भी हुआ है। केरल की वरात्तर और राजस्थान की अरवरी और अयोध्या की पौराणिक तमसा को पुनर्जीवन मिला। ये कहना है बिहार औरंगाबाद जिले के करमडीह-अमरपुर पिपरा पंचायत के रहने वाले नदी साधक संजय सिंह सज्जन का। वह रविवार को राम लला के दर्शन करने आए थे। इस दौरान अमृत विचार से नदियों के पुनरुद्धार पर बातचीत की। संजय कहते हैं नदियों का पुनः प्रकट होना दुर्लभ जरूर है, लेकिन यह असंभव नहीं। लगभग दो दशक से अपना जीवन नदियों के पुनरुद्धार के लिए समर्पित कर संजय ने अब तक बिहार की प्रसिद्ध राम रेखा नदी का पुनर्भरण कराया। अब वह हिंदुओं और बौद्धों के लिए धार्मिक महत्व की फल्गू (निरंजना) के पुनर्भरण में मिशन में लगे हैं। साल 2006 में राम रेखा नदी के बारे में जानकारी हुई। नदी सूख गई थी। 1952 से राम रेखा पर छकरबंधा पर बांध को लेकर आंदोलन चल रहा था। साढ़े आठ करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट था लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। इससे मुझे प्रेरणा मिली। गोकुल फाउंडेशन बनाकर किसानों, विद्यार्थियों, युवा को जोड़ा। फल्गू के पुनर्भरण पर बताया कि लगभग 650 किमी. लंबी फल्गू नदी हिंदुओं और बौद्धों के लिए बहुत धार्मिक महत्व की है। इसे सदेही बिष्णु गंगा,निरंजना के नाम से जानते हैं। यह पूरी तरह सूख गई है। भगवान बुद्ध को बोध गया में इसी नदी के तट पर स्थित पीपल के वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ था। गया का विष्णु पद मंदिर इसी के तट पर स्थित है। जहां हिंदु इसी नदी के पानी से पिंड दान करके अपने पितरों के लिए मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

10 साल में सदानीरा हो जाएगी फल्गू नदी

अपनी मुहिम के बार में संजय सिंह बताते हैं कि झारखंड के चतरा से निकलने वाली इस नदी के पुनरुद्धार के लिए 22 अगस्त 2021 को सैकड़ों बौद्ध भिक्षुओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ फल्गू के तट पर प्रार्थना और दीप प्रज्जवलन कर निरंजना (फल्गू) रीवर रिचार्ज मिशन की शुरूआत की। तीन साल तक तटीय जलस्रोतों पर काम किया गया। लगातार लोगों से जनसंपर्क चल रहा है। परियोजना को पूरा होने में कम से कम 10 साल लगने की संभावना है।

सार-संक्षेप

नैनीताल में डॉ. आदित्य सोंधी के साथ अधिवक्ता व छात्र। ● अमृत विचार

वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. आदित्य सोंधी ने दिया व्याख्यान

नैनीताल : वी द लॉयर्स नाम के अधिवक्ता समूह ने हाईकोर्ट बार सभाकक्ष में व्याख्यान का आयोजन किया। जिसे सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. आदित्य सोंधी ने संबोधित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सोंधी सुप्रीम कोर्ट और कर्नाटक उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। उनका विधि के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। वे कर्नाटक के अतिरिक्त महाधिवक्ता रह चुके हैं। डॉ. सोंधी एक कुशल वक्ता और विद्वान हैं। उन्होंने भारत और विदेशों में व्याख्यान दिए हैं। फरवरी 2021 में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति के लिए अनुशंसित किया था। डॉ. सोंधी ने इस दौरान वकीलों और छात्रों के साथ बातचीत की और रिट क्षेत्राधिकार और इसके प्रारूपण के बारे में चर्चा की। सत्र में कई वकील और छात्र शामिल हुए। जिनमें डॉ. कार्तिकेय हरि गुप्ता, शक्ति सिंह, सौरभ अधिकारी, कमलेश तिवारी, चंद्रशेखर जोशी, गौरव कुमार, स्वालेहा हुसैन तथा रोहित कक्कड़ शामिल थे।

विभिन्न वर्गों में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता

नैनीताल : वर्ष 1992 से लगातार हो रही नैनीताल समाचार की निबंध प्रतियोगिता रविवार को सीआरएसटी इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का यह 30वां संस्करण था। जिसमें 25 स्कूलों के लगभग 180 छात्रों ने भाग लिया। नैनीताल के अलावा भवाली, भीमताल, ज्योलीकोट एवं पटवाडांगर के स्कूलों के बच्चों ने उत्साह से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता सीनियर, जूनियर और मध्यम वर्ग में हुई। वरिष्ठ वर्ग कक्षा 10, 11 एवं 12 के लिए हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई, आपस में सब भाई-भाई, मध्यम वर्ग में कक्षा 7, 8 एवं 9 के लिए कैसा हो हमारा शहर नैनीताल, कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 4, 5 एवं 6 के लिए आप क्या खेलना पसंद करते हैं विषय पर प्रतियोगिता हुई। इस दौरान राजीव लोचन साह, विनोद पांडे, पवन राकेश, जय जोशी, दिनेश उपाध्याय, दीप पंत, अरुण रौतेला, विनीता यशस्वी, प्रताप सिंह खाती, श्रुति पंत बनर्जी, हरीश पाठक, भारती जोशी, श्याम लाल, कंचन सिंह कुरिया, राजेश कुमार, सोबन सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

बीएलओ और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया

भीमताल : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए घर-घर जाकर मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में ब्लॉक सभागार धारी और ओखलकांडा में कार्यशाला का आयोजन कर बीएलओ व पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। उपजिलाधिकारी धारी केएन गोस्वामी ने बताया कि बीएलओ-पर्यवेक्षकों ने धारी की 40 और ओखलकांडा की 75 ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर मतदाता सूची बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। किसी गांव के समान निवासी ऐसे व्यक्ति जो 1 जनवरी 2025 को 18 साल पूर्ण कर रहे हों या भारत के नागरिक हों वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। जिस व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में नहीं होगा वह अगामी पंचायत चुनाव में न तो वोट डाल सकेगा और न ही चुनाव लड़ सकेगा। उपजिलाधिकारी ने सभी पत्र व्यक्तियों से अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराने को कहा है।

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिमान को पितृ शोक

रामनगर : होटल एवं रिजॉर्ट एसोशिएसन के अध्यक्ष हरिमान सिंह के पिता सरदार

करनैल सिंह का निधन हो गया। 78 वर्षीय करनैल सिंह अपने पीछे दो पुत्रों समेत नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। तीन-चार दिन पहले उनकी अचानक तबीयत खराब हुई थी। उन्हें दिल्ली स्थित अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। करनैल सिंह नगर पालिका के सभासद रहने के साथ-साथ पालिका परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे। स्थानीय श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनकी चिता को उनके पुत्र हरिमान सिंह एवं गुरमीत सिंह मित्ता ने मुखग्नि दी। उनके निधन पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, हरजिंदर सिंह जोहल, अनिल अग्रवाल खुलासा, मो. अकरम, मदन जोशी ने शोक प्रकट किया।

सिटी मजिस्ट्रेट साहब...दुकान तोड़ी तो जान दे दूंगा

चौड़ीकरण में आड़े आ रही दुकानों को तोड़ने पहुंची प्रशासन की टीम को झेलना पड़ा विरोध

कार्रवाई

- दोमंजिला दुकान की छत पर चढ़कर धमकाया
- पुलिस ने व्यापारी को किया काबू, लोनिवि ने तोड़ा अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अतिक्रमण ढहाने के दौरान मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस व लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

सिटी मजिस्ट्रेट से उलझता व्यापारी। ● अमृत विचार

दुकान की छत पर चढ़कर अतिक्रमण ढहाता कर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नैनीताल रोड पर अतिक्रमण ढहाने पहुंची प्रशासन की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ एक व्यापारी दो मंजिला दुकान की छत पर चढ़ गया। बोला कि सिटी मजिस्ट्रेट साहब अगर दुकान तोड़ी तो जहर खाकर जान दे दूंगा। पुलिस ने जब व्यापारी पर काबू पाया तब कहीं जाकर लोक निर्माण विभाग ने अतिक्रमण ढहाने की कार्रवाई शुरू की।

मंगल पड़ाव लेकर रोडवेज बस स्टेशन तक नैनीताल रोड को चौड़ा किया जाना है। अतिक्रमण ग्रस्त क्षेत्र बेहद संकरा होने की वजह से इसका नाम बॉटल नेक पड़ गया है। कालू सिद्ध तिराहे से सरस मार्केट के बीच में चार दुकानें ऐसी हैं, जिनका एक बड़ा हिस्सा ढहाया जा चुका है, लेकिन आवश्यकता के अनुरूप इन चार दुकानों को डेढ़ मीटर तोड़ने के लिए रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, लोनिवि के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने पहले अतिक्रमणकारी दुकानदारों को दुकानें खाली करने के लिए कह दिया था, लेकिन व्यापारियों ने दुकानें खाली नहीं की।

रविवार को कार्रवाई के दौरान एक व्यापारी सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी से उलझ गया। वह प्रशासन को कार्रवाई के लिए रोक रहा था, लेकिन जब प्रशासन नहीं माना तो व्यापारी दोमंजिला पर स्थित दुकान की छत पर चढ़ गया और अतिक्रमण ढहाने पर जहर खाकर जान देने की धमकी देने लगा। वह नहीं माना तो प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ी। बमुश्किल पुलिस ने व्यापारी को छत से नीचे उतारा, जिसके बाद लोक निर्माण विभाग की टीम ने ध्वस्तीकरण शुरू कर किया।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि 23 अक्टूबर को हाईकोर्ट में सुनवाई है। उस दिन अंतिम फैसला आ जाएगा। जिसके बाद प्रशासन एक सिरे से अतिक्रमण तोड़ना शुरू करेगा।

डॉ. मोहित को एक्सीलेंस इन अकादमिक अवार्ड मिला

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : डीएसबी परिसर के डॉ. मोहित रौतेला को सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च एंड सोशल डेवलपमेंट नई दिल्ली और साउथर्न फेडरल यूनिवर्सिटी रूस ने एक्सीलेंस इन अकादमिक अवार्ड से सम्मानित किया है। मोहित को यह प्रतिष्ठित सम्मान राजनीति विज्ञान में उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान और अनुसंधान के लिए प्रदान किया गया।

डॉ. रौतेला ने कल्टीवेटिंग चेंज द इम्पैक्ट ऑफ रूरल डेवलपमेंट पॉलिसीज ऑन एग्रीकल्चरल प्रोडक्शविटी एंड फार्मर लाइवलिहोड्स विषय पर 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी। यह सम्मेलन 15-16 सितंबर को पश्चिम बंगाल स्थित द नेओटिया यूनिवर्सिटी में संपन्न हुआ। उनकी प्रस्तुति ने ग्रामीण विकास नीतियों के प्रभाव पर गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया, जो न केवल कृषि उत्पादकता बल्कि किसानों की आजीविका में सुधार के तरीकों पर केंद्रित था। उनकी उपलब्धि पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, कुलपति एसएसजे अल्मोड़ा प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, डॉ. महेंद्र राणा, प्रो. नीता बोरा, प्रो. पदम बिष्ट, प्रो. कल्पना अग्रहरि, प्रो. मधुरेंद्र कुमार, प्रो. आरसी जोशी, प्रो. हरीश बिष्ट, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. दीपक मेलकानी ने उन्हें बधाई दी है।

जगमोहन अध्यक्ष और जीवंती महामंत्री बनीं

संवाददाता, भीमताल/नैनीताल

प्राथमिक शिक्षक संगठन की भीमताल शाखा के निर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन की भीमताल शाखा द्वितीय की शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तल्लीताल में आयोजित हुई। गोष्ठी के प्रथम सत्र में एफएलएन एवं विद्या समीक्षा केंद्रों पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने प्रशिक्षण में स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता पर आपत्ति व्यक्त करने के साथ ही शिक्षकों को आठ किलोमीटर की परिधि में प्रशिक्षण देने की मांग उठाई।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों से केवल शिक्षण कार्य ही कराये जाने पर जोर दिया। प्रांतीय सदस्य मनोज तिवारी एवं जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार ने कहा कि शिक्षक अपने कार्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। शिक्षकों की प्रत्येक समस्या का समाधान संगठन स्तर पर किया जाएगा। कहा कि शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। द्वितीय सत्र में संगठन की चुनाव प्रक्रिया हुई। जिसमें जगमोहन सिंह पडियार अध्यक्ष और जीवंती गोस्वामी मंत्री निर्वाचित हुए।

इसके अलावा मोहन चंद्र पलडिया कोषाध्यक्ष, मंजू नेगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गीता तिवारी, उमेश चंद्र आर्य, सावित्री आर्य, कमल किशोर, इंदिरा शर्मा उपाध्यक्ष, नीरू बिष्ट संयुक्त मंत्री, बेबी बोहरा, मधु आर्य उप मंत्री, रश्मि रावत, सुमनकांत, प्रदीप चौसली, दिनेश बर्गली संगठन मंत्री, ज्योति पांडे, नीता आर्य प्रचार मंत्री, ज्योति पाठक लेखाकार निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव नवीन चंद्र, पर्यवेक्षक सुरेश चंद्र सुयाल, हेमचंद्र भट्ट एवं सिद्धार्थ पन्त की देखरेख में संपन्न हुए। सभी विजयी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन संतोष जोशी ने किया। इस मौके पर बहादुर सिंह रावत, गोविंद सिंह बिष्ट, हरीश पाठक, संतोष जोशी, मनीता कटारिया, जीवन सिंह बोरा, देवेंद्र गहरवाल, गोपाल बिष्ट, सिद्धार्थ पंत आदि मौजूद रहे।

भाजपा शासन में हो रहा विकास

संवाददाता, नैनीताल

पत्रकार वार्ता करते दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अनिल डब्बू व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : राज्य अतिथि गृह में पत्रकार वार्ता के दौरान मंडी समिति के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड में नारायण दत्त तिवारी के बाद सबसे अधिक कार्य करने वाले मुख्यमंत्री हैं। जिन्हें दूसरा विकास पुरुष कहा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास करने के लिए कुछ नहीं बचा है। लिहाजा अब जन आक्रोश रैली में केवल माफिया और गुंडे मौजूद रहेंगे। कांग्रेस भाजपा सरकार की सफलता से बौखलाकर केवल दुष्प्रचार कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से प्रगति कर रहा है, जबकि कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार और चोरी चरम पर थी। डब्बू ने कहा कि राज्य में बिजली उपभोक्ताओं के फायदे और ऊर्जा प्रबंधन में सुधार के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। नैनीताल के लकड़ी टाल में कार पार्किंग निर्माण के चलते किसी भी परिवार को हटाया नहीं जाएगा। पंत पार्क में फड़ व्यापारियों को क्षेत्र से हटाया नहीं जाएगा। पंत पार्क में छोटे फड़ व्यवसायियों को हटाने की कोई योजना नहीं है। पालिका उनकी आजीविका बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक सरिता आर्य ने बताया कि सरकार ने खनन से 1200 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। कोटाबाग में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नया हेलीपैड बनाया जाएगा। 15 जून से पहले भवाली सैनिटोरियम से कैंची बाईपास मार्ग को चालू कर दिया जाएगा। जिससे ट्रैफिक का दबाव कम होगा। यात्रा में सहूलियत मिलेगी। इस दौरान राज्यमंत्री दिनेश आर्या, मंडलाध्यक्ष आनंद बिष्ट, अरविंद पडियार, मोहित रौतेला, हरीश राणा, मोहित साह, मनोज जोशी, नितिन कार्की, मनोज साह जगाती मौजूद रहे।

पेंटिंग प्रतियोगिता में सैकड़ों बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शारदा संघ के तत्वावधान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के तमाम स्कूलों के 1400 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया।

54वीं पेंटिंग प्रतियोगिता में नैनीताल, भीमताल, भवाली, बगड़, ज्योलीकोट आदि के प्ले क्लास से लेकर 12वीं कक्षा तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों को अलग-अलग ग्रुप में पेंटिंग के लिए विषय दिया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को उकेरा। समाजसेवी ओमप्रकाश और विधायक सरिता आर्य मुख्य अतिथि रहे। आयोजक संस्था के डीएस बिष्ट ने बताया छात्रों द्वारा बनाई गई पेंटिग को 24 अगस्त तक शारदा संघ में प्रदर्शनी के लिए लगाया जाएगा।

24 अगस्त शाम को प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में नैनीताल जीजीआईसी, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, सैंट जोसफ कॉलेज, जीआईसी बगड़, ऑल सेंटस कॉलेज, सैंट जोंस, बाल संसार सैनिक स्कूल ज्योलीकोट, राजकीय इंटर कॉलेज बगड़, मदर्स हार्ट, बिशप शॉ स्कूल, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल, सनवाल स्कूल, रामा मोंटेसरी स्कूल आदि के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

जंगलियागांव में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया

संवाददाता, भीमताल

सड़क का लोकार्पण करते सांसद अजय भट्ट और विधायक राम सिंह कैड़ा।

अमृत विचार : जंगलियागांव में नवनिर्मित मेरा गांव-मेरी सड़क का लोकार्पण रविवार को सांसद अजय भट्ट और विधायक राम सिंह कैड़ा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सांसद भट्ट ने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सांसद निधि से विकास कार्य के लिए 5 लाख तथा 10 सोलर लाइट देने की घोषणा की।

विधायक राम सिंह कैड़ा ने ग्राम पंचायत के द्वार निर्मित कार्य की सराहना की तथा विधायक निधि से 2 लाख रुपये देने की घोषणा की। ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। ग्रामीणों ने जंगलियागांव शिमला मोटर मार्ग निर्माण, जंगलियागांव बूढ़ा धूरा मोटर मार्ग का डामरीकरण तथा राजकीय इंटर कॉलेज में विज्ञान वर्ग खोलने की मांग की। कार्यक्रम संचालन प्रेम सिंह कुल्याल ने किया। इस अवसर ग्राम प्रधान राधा कुलियाल, अनिल चनौतिया, कमला आर्य, जया बोरा, कमला देवी, लक्ष्मण सिंह गंगोला, गोपाल कृष्ण भट्ट, कमल गोस्वामी, नितेश बिष्ट, दिनेश सांगुड़ी, चंद्र बल्लभ पलड़िया, हरीश चंद्र भट्ट, किशन सिंह कुल्याल, पदमा दत्त, नारायण सिंह कुल्याल, ललित मोहन आर्य, पानी राम, जीवन चंद्र, देवेंद्र सिंह मेहता, प्रधानाचार्य बालम सिंह रैक्वाल मौजूद रहे।

कवायद लगभग छह माह पूर्व भी चलाया गया था झील से मछली निकालने का अभियान, झील के अस्तित्व के लिए बन रहीं खतरा

नैनी झील से कॉमन कार्प, बिगहेड मछलियों को निकालने का काम शुरू

गौरव जोशी, नैनीताल

नैनी झील में मछलियां निकालते मछुआरे। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नैनी झील के अस्तित्व के लिए खतरा बन चुकी बिगहेड और कॉमन कार्प मछलियों को निकालने का काम एक बार फिर शुरू कर दिया गया है। झील को ऑक्सीजन सप्लाई करने वाली एजेंसी लेक एरीएसन के सुपरवाइजर आनंद सिंह कोरंगा ने बताया कि नैनी झील में करीब 60 प्रतिशत के आसपास कॉमन कार्प और बिगहेड मछलियां हैं जो झील के अस्तित्व के लिए खतरनाक हैं।

जिला विकास प्राधिकरण ने झील से मछलियां निकालने के लिए रुद्रपुर की बायो मैनिपुलेशन को करीब 26.45 लाख रुपये में ठेका दिया है जो वर्तमान में नैनी झील में एक किलो से अधिक वजन वाली बिगहेड और कॉमन कार्प मछलियों को निकालने का काम कर रही है। पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के अध्ययन में पता चला कि नैनी झील के अस्तित्व के लिए कॉमन कार्प मछलियां बेहद खतरनाक हैं, जिन्हें निकालने की आवश्यकता है। वर्ष 2008 में नैनी झील से खतरनाक प्रजाति की कॉमन कार्प व बिगहेड मछलियों को निकालने का काम किया गया था, जो कुछ दिन चलने के बाद रुक गया था। बीते दिन जिला प्रसाशन ने नैनी झील के लिए सर्वे कराया, जिसके आधार पर एक बार फिर झील से खतरनाक कॉमन क्राप मछलियों को निकालने के निर्देश दिए गए। पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की रिपोर्ट में बताया गया कि झील में कॉमन कार्प मछली भोजन की तलाश में नैनी झील की सुरक्षा दीवारों को लगातार कोर रही है। जिससे झील के किनारे की दीवारों और पहाड़ियों पर भूस्खलन हो रहा है। इन मछलियों को झील से निकाला जाना बेहद आवश्यक है। कॉमन कार्प मछली की प्रजाति दूसरी प्रजाति को अपने साथ पनपने भी नहीं देती जो नैनी झील के लिए चिंता का विषय है। कॉमन कार्प मछली ने कश्मीर डल झील और मणिपुर लोकटस झील को भी को खत्म कर दिया था। कॉमन कॉर्प प्रजाति की वजह से नैनी झील में कार्बन, नाइट्रोजन और फास्फोरस भी बढ़ रहा है, जो झील की सेहत के लिए ठीक नहीं।

नैनी झील के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बनीं कॉमन कार्प

कॉमन कार्प मछली मूल रूप से श्रीलंका में पाई जाने वाली मछली की प्रजाति है, जो कई वर्ष पूर्व नैनी झील के पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रण करने के लिए मत्स्य विभाग ने डाली थी। लेकिन कॉमन कार्प नैनी झील के संरक्षण व संवर्धन के लिए उपयुक्त साबित नहीं हुई। जिस वजह से इस मछली की झील में उपलब्धता के चलते झील और शहर के अस्तित्व पर खतरा उत्पन्न होने लगा है। जिसको देखते हुए कॉमन कार्प प्रजाति की मछली को झील से निकला जा रहा है।

मित्र मछलियों को नहीं पनपने देती हैं बिगहेड, अंडों को भी पहुंचाती हैं नुसान

पर्यावरण प्रेमी व नैनीताल एक्वेटिक एंड एडवेंचर (नासा) के सचिव योगेश साह के अनुसार झील में काफी संख्या में बिगहैड देखी जा रही है। इन मछलियों के मल से निकले तरल पदार्थों के कारण झील के किनारे एक परत पैदा होती है, जो झील के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए नुकसान दायक है। इसके अलावा यह मछली झील की लाभदायक वनस्पति को भी नुकसान पहुंचाती है। इनकी प्रजनन क्षमता अधिक होने के कारण यह तेजी से पनपती हैं। अन्य मछलियों के अंडों को भी यह नुकसान पहुंचाती हैं।

झील को प्रदूषण रहित रखने के लिए पाली गई महाशीर

नैनी झील को प्रदूषण रहित रखने के लिए यहां महाशीर, कामन कार्प मंगूरा मछलियां पाली गई हैं, जो झील के पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखती हैं। 2004 में एयरेशन के दौरान पता चला कि प्रदूषित व नुकसान पहुंचाने वाली बिगहैड, कामन कार्प व गम्बुशिया मछली भी झील में है। झील विकास प्राधिकरण व पंतनगर मत्स्य महाविद्यालय के बीच करार हुआ कि झील को प्रदूषित करने वाली इन मछलियों को समय-समय पर निकाला जायेगा। 2004-05 में गम्बुशिया व बिगहैड मछलियां को निकालने का कार्य शुरू हुआ। झील में अब गम्बुशिया मछली तो नहीं है, लेकिन बिगहैड मछलियां काफी संख्या में है।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार

भाषा वाक में मैत्री, क्विज में चंद्रेश जीते

भीमताल : सरस्वती पब्लिक स्कूल निशौला भीमताल ने संस्थापक स्व. नैत्र सिंह रौतेला की स्मृति में कुमाउनी भाषा वाक एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें आठ विद्यालयों के 32 बच्चों ने प्रतिभाग किया। समारोह के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश बिष्ट रहे। जबकि एडवोकेट बीएस कार्की, बीएस भोज, विपिन सनवाल, चंद्रशेखर बृजवासी, धीरज मेहता, पीटीए अध्यक्ष रामपाल सिंह गंगोला मौजूद रहे।

हंसा बृजवासी, सुनीता पांडे व लीलावती पलडिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वाक प्रतियोगिता में (जूनियर वर्ग) में मैत्री बिष्ट प्रथम, हिमांशी द्वितीय और अनुज कुमार तृतीय रहे। सीनियर वर्ग में सुरभि प्रथम, मोनिका पलड़िया द्वितीय और कंचन जोशी तृतीय स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में चंद्रेश पांडे प्रथम, हर्षिता कुलियाल द्वितीय और अर्चित भट्ट तृतीय स्थान पर रहे। सौरभ पलडिया ने सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान पाने वाले छात्र को एक हजार, द्वितीय को 750 और तृतीय स्थान पाने वाले को 500 रुपये नगद पुरस्कार भी दिया गया। निदेशक हरीश सिंह रौतेला ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत बिष्ट ने किया।

आज का मौसम

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

29.0° अधिकतम तापमान | 20.3° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.17 | सूर्यास्त 17.35

एक नजर

आज से होंगी अर्द्धवार्षिक गृह परीक्षाएं

हल्द्वानी : राजकीय माध्यमिक व राजकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सोमवार (आज) से अर्द्धवार्षिक गृह परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। प्रथम पाली में कक्षा 6, 7 व 8 की विज्ञान तथा द्वितीय पाली में व्यायाम की परीक्षा होगी। कक्षा 9 व 10 की प्रथम पाली में अंग्रेजी और द्वितीय पाली में पंजाबी व अन्य वैकल्पिक भाषा विषयों की परीक्षा होगी। मंगलवार को कक्षा 6, 7 व 8 की प्रथम पाली में अंग्रेजी की परीक्षा होगी। जबकि कक्षा 9 व 10 की प्रथम पाली में संस्कृत और द्वितीय पाली में कला व अन्य वैकल्पिक विषयों की परीक्षा होगी। पांच नवंबर को अंतिम परीक्षा होगी।

27 को मनाया जाएगा कुमाऊं दिवस

हल्द्वानी : ऊंचापुल स्थित श्रीराम वाटिका बैंक्वेट हाल में 27 अक्टूबर को पूर्व सैनिक कुमाऊं दिवस धूमधाम से मनाया मनायेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर रविवार को ऊंचापुल में पूर्व सैनिकों ने बैठक की। पूर्व ले. कर्नल बीएस रौतेला ने बताया कि बैठक पूर्व मेजर केएस महरा, संरक्षक और कैप्टन एमएस राठौड़ की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान कैप्टन नरेंद्र सिंह कार्की, खिलाफ नंद चिलकोटी, भुवन पाठक, बीएस महर, कबिन्द्र सिंह बाफिला, प्रकाश जोशी, हवलदार माधो सिंह देवरी, गोपाल सिंह डसीला, देवेन्द्र सिंह दफाटी, कैप्टन सुरेश भट्ट, सूबेदार मेजर गोविन्द सिंह बर्ती मौजूद रहे।

पहाड़ों में बढ़ेगी ठंड बारिश की संभावना

हल्द्वानी : उत्तराखंड के पांच पर्वतीय जिलों में बारिश और ठंड बढ़ने के आसार जताये गए हैं। शेष जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार राज्य के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही बिजली भी कड़क सकती है। इन दिनों पर्वतीय क्षेत्रों में दिन के समय चटक धूप निकल रही है। अगर बारिश होती है तो तापमान में गिरावट आने की संभावना है। इधर, हल्द्वानी में दोपहर के समय चटक धूप निकल रही है। तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। हालांकि रात के समय न्यूनतम तापमान में गिरावट आ रही है। रविवार को हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री दर्ज किया गया। मैदानी इलाकों में अगले एक सप्ताह तक बारिश होने के आसार नहीं हैं।

एक सटोरिया गिरफ्तार

हल्द्वानी : एसओजी और मंगल पड़ाव चौकी पुलिस ने अंबेडकर नगर निवासी देव सक्सेना को गिरफ्तार कर 20,250 रुपये बरामद किये हैं। एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ ने बताया कि शनिवार की रात मंगल पड़ाव चौकी क्षेत्र में पुलिस टीम गश्त कर रही थी तभी मुखबिर की सूचना पर टिनशेड गली में छापेमारी की गई। टीम को देखते ही देव सक्सेना भागने लगा। उसे घर के अंदर से पकड़ा तो उसके पास से सट्टे की पर्चियां, दो मोबाइल और सट्टा में लगाए गए 20,250 रुपये की नगदी बरामद हुई।

डीएम ने पूछा महिला सुरक्षा को लेकर क्या किया...अधिकारी तलब

छात्राओं और महिलाओं ने बताये 480 स्थान, सुरक्षा के लिहाज से 82 अति संवेदनशील, संवेदनशील स्थानों पर होता है नशे का कारोबार और छेड़छाड़ की घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दखल के बाद महिला सुरक्षा को लेकर किए गए कार्यों की डीएम वंदना सिंह ने समीक्षा की। रविवार को उन्होंने अधिकारियों को तलब किया और जानकारी ली। सामने आया कि शहर में 480 स्थान महिलाओं के लिए असुरक्षित हैं। इनमें से 82 को प्रशासनिक टीमों ने अति संवेदनशील घोषित किया है।

समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने डीएम को बताया कि टीमों ने हल्द्वानी क्षेत्र में 41 विद्यालयों में 45 कार्यशालाएं कर बालिकाओं से महिला सुरक्षा के संबंध में सुझाव लिए। टीम की नोडल अधिकारी अपर निदेशक सेवायोजन ऋचा सिंह ने बताया कि कार्यशालाओं में छात्राओं ने बताया कि उन्हें अंधेरे के समय विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट न होने के कारण, खाली खुली भूमि पर जहां पर अधिक संख्या में अराजक तत्व एकत्रित होते हैं ऐसे स्थानों से गुजरने पर, विद्यालय जाते-आते समय तेज रफ्तार में बाइकर्स से और रात में ऑटो से यात्रा करने के अलावा ठेलों के समीप नशे में एकत्रित लोगों से भय महसूस होता है। ऐसे कुल 480 स्थान चिह्नित किए गए। इन स्थानों का निरीक्षण कर प्रशासनिक टीमों ने 82 स्थानों को अति संवेदनशील घोषित किया।

इन स्थानों को नशे के कारोबार करने, छेड़छाड़ की घटना के दृष्टिगत संवेदनशील चिह्नित किया गया।

इस पर डीएम वंदना ने सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस को इन सभी 82 अति संवेदनशील स्थानों में लगातार छापेमारी करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में महिला सुरक्षा को लेकर अधिकारियों से सवाल-जवाब करतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

शहर में 100 स्थानों पर दूर हुआ अंधेरा, और लगेंगी 46 स्ट्रीट लाइटें

बैठक में डीएम ने उन स्थानों के बारे में जाना, जहां अंधेरा होने के कारण लड़कियों और महिलाओं को डर का सामना करना पड़ता है। ऐसे 146 स्थान चिह्नित किए गए हैं। डीएम ने सभी स्थानों पर तत्काल स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने डीएम को बताया कि 106 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट लगा दी गई हैं। शेष स्थानों में उरेडा विभाग लाइटें लगा रहा है।

चार नवंबर से लागू होगा ऑटो चालकों के लिए ड्रेस कोड, आदेश जारी

डीएम वंदना सिंह ने बताया कि ऑटो व ई-रिक्शा में यात्रा के दौरान असुरक्षित महसूस करने संबंधित प्रकरण पर नगर निगम ने परिवहन विभाग के सहयोग से ऑटो व ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन किया है, जिन्हें परिवहन विभाग परिचय पत्र भी वितरित कर रहा है। इनका एक ड्रेसकोड भी तैयार किया जा रहा है, जो 4 नवंबर से लागू किया जाएगा। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि जिन्हें परिचय पत्र मिल गए हैं, वह परिचय पत्र का उपयोग करें।

शहर में अराजकता फैलाने वाले 102 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बेटियों की शिकायत पर पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। बीते शनिवार की रात पुलिस ने फिर से पीएसी को साथ लेकर 'ऑपरेशन रोमियो' चलाया। आधी रात सड़क पर बेवजह घूमने और हुड़दंग करने वाले 102 लोगों को पुलिस ने उठाया। जिन्हें एक स्कूल में ले जाया गया। सभी की काउंसलिंग की गई और चालानी कार्रवाई कर सशर्त छोड़ दिया गया।

शहर में हुए कई महिला संबंधी अपराधों के बाद एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा फेसबुक लाइव पर आये। उन्होंने महिलाओं व लड़ियों की शिकायत सुनी। लड़कियों ने एसएसपी को अपने-अपने क्षेत्र के वो स्थान बताये, जहां हुड़दंगियों की महफिल जमती है। जिसके बाद पुलिस ने ऑपरेशन रोमियो की शुरुआत की। शनिवार की रात एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, कोतवाल राजेश कुमार यादव, काठगोदाम एसओ विमल मिश्रा, मुखानी एसओ विजय मेहता, वनभूलपुरा एसओ नीरज भाकुनी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने व बेवजह सड़कों पर हुड़दंग करने वाले 102 लोगों को हिरासत में लिया गया। सभी का मेडिकल करा कर 81 पुलिस एक्ट में चालान किया गया। इसके बाद सभी के परिजनों को बुलाया गया और रात को ही काउंसलिंग की गई।

इस दौरान टीम में मंगलपड़ाव चौकी इंचार्ज दिनेश जोशी, टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट, भोटियापड़ाव चौकी इंचार्ज देवेंद्र राणा, खेड़ा चौकी इंचार्ज मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



आधी रात हुड़दंग करने वालों को वैन में उठाकर लाई पुलिस। ● अमृत विचार

कार्रवाई

- ऑपरेशन रोमियो के तहत चालानी कार्रवाई कर छोड़ा
- बेटियों ने की थी शिकायत, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

लालकुआं-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस का शुभारंभ आज

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : लालकुआं-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी का शुभारंभ आज सांसद अजय भट्ट एवं विधायक डॉ. मोहन बिष्ट संयुक्त रूप से करेंगे। हालांकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल रहेंगे।

विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी 21 अक्टूबर को देहरादून में कई कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे। जिसके चलते लालकुआं से बांद्रा टर्मिनल मुंबई को चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेन को सांसद अजय भट्ट और वह स्वयं संयुक्त रूप से लालकुआं रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर मुंबई के लिए रवाना करेंगे। 22544/22543 लालकुआं-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का नियमित संचालन लालकुआं से प्रत्येक सोमवार को तथा बांद्रा टर्मिनस से 22 अक्टूबर से प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार गाड़ी में एलएसएल आरडी का 1, जनरेटर सह लगेज यान का 1, साधारण द्वितीय श्रेणी के 4, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 2, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1 तथा शयनयान श्रेणी के 6 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी।

ड्यूटी ज्वाइन किये बिना फौजी लौटा घर, कुछ देर में हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : छुट्टी पूरी होने के बाद घर से सिक्किम के लिए निकला फौजी सिक्किम नहीं पहुंचा। 14 दिन बाद अचानक वह घर पहुंचा और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। गंभीर अवस्था में परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संदिग्ध हालात में हुई फौजी की मौत की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

देवलचौड़ निवासी उमेश सिंह नगरकोटी (39 वर्ष) मूलरूप से कांडा बागेश्वर के रहने वाले थे। देवलचौड़ में वह पत्नी गीता देवी, मां सरस्वती देवी, बेटी आशु और बेटे के साथ रहते थे। फौजी उमेश की वर्तमान में तैनाती सिलीगुड़ी सिक्किम में थी। उमेश के भाई कुंदन सिंह नगरकोटी ने बताया कि 15 दिन की छुट्टी पूरी कर वह बीती छह अक्टूबर को हल्द्वानी स्थित घर से सिक्किम के लिए निकले थे, लेकिन वह अपनी यूनिट में नहीं पहुंचे। शनिवार की दोपहर करीब दो बजे अचानक वह घर पहुंचे। उनके पास आईकार्ड के अलावा अन्य सामान भी नहीं था। वह सिलीगुड़ी तक तो गए, लेकिन अपनी यूनिट में आमद नहीं कराई और वापस घर लौट आए। घर पहुंचने के कुछ ही देर बाद उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। छह अक्टूबर व 19 के बीच वह कहां थे, इस संबंध में परिजन कुछ नहीं बता पाये। इधर, मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही वजह सामने आएगी। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दुखद

- छुट्टियां पूरी होने पर 6 अक्टूबर को निकला था सिक्किम के लिए
- शनिवार को अचानक लौटा था घर, 14 दिन कहां था पता नहीं

उमेश सिंह नगरकोटी। (फाइल फोटो)

सड़क हादसों में छात्रा और रेस्टोरेंट कर्मी की जान गई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कालाढूंगी रोड और बरेली रोड पर शनिवार की देर शाम दो सड़क हादसे हुए। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पहले मामले में छात्रा को एक डंपर ने टक्कर मार दी। जबकि दूसरे मामले में स्कूटी से जा रहे रेस्टोरेंट कर्मी की फिसलने से मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार भौनकपुर मिलख रामपुर उत्तर प्रदेश निवासी मदन लाल मंडी चौकी क्षेत्र में पत्नी, बेटे सुनील और बेटी के साथ रहते हैं। वह वहीं मजदूरी करता है। उसकी बेटी पुष्पा 11वीं की छात्रा है। शनिवार की शाम पुष्पा कुमारी (16 वर्ष) साइकिल से ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। मंडी से थोड़ी दूरी पर एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंडी चौकी प्रभारी भुवन सिंह राणा ने बताया कि मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

उधर, बोराखेत पिथौरागढ़ निवासी नंदन लाल (39 वर्ष) पुत्र शंकर राम गैस गोदाम रोड स्थित जीआरडी रेस्टोरेंट में काम करता है। वह शनिवार शाम सामान लेने के लिए हल्द्वानी को आ रहा था तभी कालाढूंगी रोड पर उसकी स्कूटी फिसल गई। इससे उसे गंभीर चोटें आई। इलाज के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने दोनों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

तीन ढाबा व एक होटल स्वामी को नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी अभियान तेज कर दिया है। रविवार को विभागीय टीम ने कई दुकानों में छापेमारी की।

इस दौरान एक दुकान से खोया और दूसरी दुकान से घी का सैंपल लिया गया। जिन्हें जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। वहीं तीन ढाबों और एक होटल स्वामी को नोटिस भी दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश टम्टा ने रामपुर रोड स्थित ढाबों और होटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन ढाबों और एक होटल में कई कमियां मिली। जिस पर उन्होंने ढाबा और होटल संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 55 के तहत नोटिस थमाया। साथ ही 15 दिन में खामियां पूरी नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके बाद उन्होंने गैस गोदाम रोड स्थित एक मिष्ठान भंडार से खोया का सैंपल लिया। वहीं के एक प्रतिष्ठान से घी का सैंपल लिया। इन्हें जांच के लिए रुद्रपुर लैब भेज दिया गया है।

छापेमारी के दौरान मिठाई की जांच करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

तय क्षेत्र से होकर ही गुजरेगी रिंग रोड

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : रिंग रोड परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों ने रविवार को प्रेमपुर लोश्ज्ञानी स्थित एक बैंक्वेट हॉल में महापंचायत की। जिसमें ग्रामीणों ने कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के सामने विभिन्न समस्याएं रखीं। विधायक भगत ने कहा कि रिंग रोड का जो सर्वे उन्होंने अधिकारियों के साथ किया था, रिंग रोड वहीं से गुजरेगी।

महापंचायत में ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग की ओर से क्षेत्र के पांच नए सर्वे कराने के सुझाव को मानने से इंकार कर दिया। विधायक भगत के भाखड़ा से दीवार खत्ता होते हुए आनंदपुर चौकी क्षेत्र के जंगल से बेलबाबा मंदिर पर रिंग रोड निकालने के सुझाव पर सहमति जताई। ग्रामीणों ने विधायक से एक शिष्टमंडल की मुलाकात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से करवाने की भी मांग की। विधायक भगत ने कहा कि उन्होंने पूर्व में रिंग रोड को लेकर जो सुझाव दिया था, वो अपने उस फैसले पर अड़िग हैं। वह ग्रामीणों के साथ खड़े हैं, लेकिन कुछ लोग प्रकरण पर राजनीति कर स्थानीय प्रभावित ग्रामीणों का नुकसान करने का काम कर रहे हैं। कहा कि वो हर संभव मदद करने को तैयार हैं, लेकिन किसी भी तरह के न्यायिक आदेश जारी होने पर वो न्यायालय के आदेश का सम्मान करेंगे। महापंचायत में ग्राम प्रधान ललित नेगी, कुंदन बोरा, हेमा देवी, निवर्तमान पार्षद प्रमोद तोलिया, सोबन सिंह नायक, वीरेंद्र रावत, त्रिलोक निगल्टिया, सुरेश बिष्ट, भवान सिंह बिष्ट, कुंदन भाकुनी, लोकेश बिष्ट, नवीन उपाध्याय, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, राजेंद्र सिंह मेहता, रेवाधर बृजवासी, किशन सिंह बिष्ट, हरीश दरम्वाल, राजू डालाकोटी, प्रदीप धर्मवाल, लक्ष्मण सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

महापंचायत में ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

राहत शासन ने रेडियोलॉजी समेत सात विभागों में संविदा चिकित्सकों का बढ़ाया मानदेय, मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की कमी होगी दूर

रेडियोलॉजिस्ट को अब सुपर स्पेशलिस्ट के बराबर मिलेगा वेतन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी विभागों के साथ ही रेडियोलॉजी विभाग में संविदा पर तैनात चिकित्सकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी की गई है। खास बात यह है कि रेडियोलॉजी विभाग के संविदा चिकित्सक का भी मानदेय सुपर स्पेशलिटी के बराबर कर दिया गया है।

हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी के छह विभाग हैं। इनमें यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गेस्ट्रो इंट्रोलॉजी, यूरो सर्जरी और न्यूरोलॉजी शामिल हैं। वर्ष 2014 से इन विभागों में संविदा के आधार पर रखे जाने वाले चिकित्सकों का वेतन नहीं बढ़ा था। वेतन कम होने की वजह से मेडिकल कॉलेज प्रबंधन बार-बार चिकित्सकों के साक्षात्कार आयोजित कर रहा था, लेकिन चिकित्सक नहीं मिल रहे थे। शासन ने रेडियोलॉजी के साथ ही इन छह विभागों में संविदा के आधार पर रखे जाने वाले सभी चिकित्सकों का वेतन बढ़ा दिया गया है।

सुपर स्पेशलिटी की बात करें तो इसमें प्रोफेसर को पहले 1.23 लाख रुपये वेतन दिया जाता था, जो अब बढ़कर चार लाख रुपये हो गया है। वहीं एसोसिएट प्रोफेसर को पहले 1.23 लाख रुपये वेतन मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 3.20 लाख रुपये कर दिया गया है। असिस्टेंट प्रोफेसर का वेतन 95 हजार रुपये से बढ़ाकर 2.30 लाख रुपये कर दिया गया है। वहीं रेडियोलॉजी विभाग में चिकित्सकों की कम संख्या को देखते हुए संविदा पर रखे जाने वाले चिकित्सक का वेतन भी सुपर स्पेशलिस्ट के बराबर कर दिया गया है। इधर, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि नये वेतन के आधार पर शीघ्र ही चिकित्सकों की नियुक्तियों के लिए साक्षात्कार आयोजित किये जायेंगे। वेतन बढ़ोत्तरी के बाद उम्मीद है कि मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की कमी को दूर करने में काफी हद तक मदद मिलेगी।

विभागों में 40 प्रतिशत चिकित्सकों की कमी

राजकीय मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन, बाल रोग, त्वचा रोग, मानसिक रोग, हड्डी रोग आदि विभागों में चिकित्सकों की भारी कमी है। स्वीकृत पदों के सापेक्ष करीब 40 प्रतिशत चिकित्सकों की कमी चल रही है। इस वजह से कई गंभीर मरीजों को रेफर करना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज में संविदा के आधार पर वेतन कम होने की वजह से भी चिकित्सक आने से परहेज करते हैं। इस वजह से पिछले कुछ सालों में कई चिकित्सकों ने नौकरी भी छोड़ी है।

बच्चों में तेजी से बढ़ रहा वायरल

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। जिसका दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है। सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार से बच्चे पीड़ित हो रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बच्चों को बीमार होने से बचाने के लिए उनका खास ध्यान रखने की जरूरत है।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) की ओपीडी और इमरजेंसी में इन दिनों बीमार बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है। यही हाल बेस अस्पताल का भी है। यहां भी बाल रोग विभाग की ओपीडी में बढ़ी संख्या में बीमार बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना कि बदल रहा मौसम बच्चों को बीमार कर रहा है। इसकी चपेट में व्यस्क भी आ रहे हैं। एसटीएच की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को फ्रिज का ठंडा पानी बिल्कुल नहीं दें। फास्ट फूड न खाने दें। बच्चों को हल्के गुनगुने पानी ने रोज नहलायें। अगर बच्चे को सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार जैसी परेशानी हो रही है तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

डेंगू से भी करें बचाव

हल्द्वानी : बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बच्चों को मच्छरों से बचाने के लिए फुल बाजू वाले कपड़े पहनाएं। साथ ही मच्छररोधी लोशन भी लगाएं। रात के समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

कॉलेज के बाहर छात्रगुटों में जूतमपैजार, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज के बाहर दो छात्र गुटों के बीच जूतमपैजार हो गई। पोस्टर चस्पा करने को लेकर आमने-सामने आये गुटों ने पत्थर भी चलाये। इस दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख सभी फरार हो गए, लेकिन दो छात्र नेता पुलिस के हत्थे चढ़ गए। हालांकि जब गिरफ्त में आये आरोपियों के खिलाफ किसी ने तहरीर नहीं दी तो पुलिस ने चेतावनी देकर उन्हें छोड़ दिया।

घटना शनिवार की रात करीब 10 बजे की है। बताया जाता है कि एक छात्र संघ पदाधिकारी अपने समर्थक के प्रचार के लिए साथियों के साथ पोस्टर लगा रहा था। तभी वहां चुनाव की तैयारी कर रहे प्रत्याशी के समर्थकों का दूसरा गुट पहुंच गया। आमने-सामने आने पर हूटिंग हुई, बहस हुई और फिर देखते ही देखते मारपीट होने लगी। कुछ लड़कों ने पत्थरों से भी हमला किया। हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जैसे ही मारपीट की सूचना मिली तो भोटिया पड़ाव चौकी इंचार्ज देवेंद्र राणा टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही मारपीट करने वाले मौके से फरार हो गए, लेकिन एक छात्र संघ पदाधिकारी और एक छात्र नेता पकड़ लिए गए, जिन्हें पुलिस चौकी ले आई। हालांकि कोई भी पक्ष तहरीर देने चौकी नहीं पहुंचा। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि छात्र संघ पदाधिकारी और एक छात्र नेता के बीच आपसी कहासुनी हो गई थी। किसी की ओर से तहरीर न मिलने पर दोनों को चेतावनी देकर छोड़ कर दिया गया है।

कठघरिया-चौफला क्षेत्र में सड़क कम, गड्ढे ज्यादा

पर्यटन सीजन में इस्तेमाल होने वाली सड़कें खस्ताहाल, कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था तक नहीं

कठघरिया चौराहे के पास उधड़ी सड़क। ● अमृत विचार

चौफला को जाने वाली सड़क में हुआ बड़ा गड्ढा। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुख्य शहर ही नहीं बल्कि शहर के बाहर भी सड़कों के हाल बेहद खराब हैं। वो भी उन सड़कों के जिनको पर्यटन सीजन में बाईपास के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। कठघरिया, बिठौरिया और चौफला क्षेत्र में सड़कों के हाल बुरे हैं। यहां स्ट्रीट लाइट की भी व्यवस्था नहीं है। रात के समय सड़क से गुजरना जान खतरे में डालने के बराबर है। कठघरिया चौराहा से एक सड़क जीआईसी कठघरिया होते हुए आगे की तरफ जाती है।

यह सड़क पूरी तरह से उधड़ी हुई है। थोड़ा और आगे बढ़ें तो एक निजी स्कूल के सामने भी यही हाल है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। एक जगह करीब चार मीटर लंबाई में सड़क कम बल्कि गड्ढे ज्यादा दिख रहे हैं। आगे तक सड़क पर यही हाल है। कठघरिया चौराहा से जीआईसी कठघरिया स्कूल से पहले तिराहा आता है। यहां से सड़क की एक दिशा चौफला की ओर जाती है। चौफला जाने वाली सड़क से वाहन चालक पनचक्की चौराहा-कॉलटैक्स होते हुए नैनीताल, कैंची धाम, अल्मोड़ा, भीमताल आदि के लिए जाते हैं।

पर्यटन सीजन या शहर में अन्य कोई बड़ा आयोजन होने पर कभी-कभी कालाढूंगी की तरफ से आने वाले लोगों को इसी मार्ग से होते हुए नैनीताल की ओर भेजा जाता है। चौफला की तरफ जब सड़क जाती है तो करीब दो किमी के रास्ते में सड़क के दोनों किनारे उधड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क से सटी सिंचाई नहर है। जब नहर ओवरफ्लो होती है तब सड़क पर पानी आ जाता है। जिस वजह से सड़क बनने के कुछ दिनों बाद ही खराब होने लगती है। सड़क में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। लोगों ने बताया कि इस सड़क का इस्तेमाल लोग मजबूरी में कर रहे हैं। लोग लंबा रास्ता तय कर लेते हैं, लेकिन इस सड़क से तब ही आते हैं जब बहुत जरूरी होता है।

रात के समय सफर करना बहुत ही खतरनाक

हल्द्वानी : चौफला को जाने वाली सड़क में स्ट्रीट लाइट भी नहीं हैं। सड़क किनारे ही सिंचाई नहर है। सिंचाई नहर की दीवार भी कई जगह टूटी हुई हैं। रात के समय दुर्घटना होने पर नहर में गिरने में भय रहता है। बारिश के दिनों में भी सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। चौफला से चंबल पुल तक सड़क को बनाया जा चुका है। इस सड़क को ठीक करना अभी बाकी है।

स्टेडियम ट्रेनीज का सेपक टाकरा में दबदबा

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिला स्तरीय सेपक टाकरा प्रतियोगिता में स्टेडियम ट्रेनीज टीम ने तिहरा खिताब अपने नाम किया है। महिला वर्ग में यूनिवर्सल स्कूल ने एमबीपीजी कॉलेज की टीम को हराकर खिताब जीता। जिला सेपक टाकरा संघ और जिला खेल विभाग की ओर से रविवार को यूनिवर्सल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

जिसका उद्घाटन उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, यूनिवर्सल स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू जोशी और सेपक टाकरा संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र नेगी ने किया। अंडर-14 आयु वर्ग के मैच में स्टेडियम ट्रेनीज टीम ने यूनिवर्सल स्कूल को रेगू और डबल हरा दिया। ओपन वर्ग के रेगू में स्टेडियम ट्रेनीज ने यूनिवर्सल स्कूल और डबल में स्टेडियम ट्रेनीज ने एमबीपीजी कॉलेज टीम को हराया। ओपन महिला वर्ग में यूनिवर्सल स्कूल की टीम ने अपना जलवा दिखाया। यूनिवर्सल स्कूल ने स्टेडियम हल्द्वानी को हराया। समापन समारोह में डीएन कांडपाल, राजेंद्र भाकुनी, अंकुश रौतेला, राहुल सिंह, नीरज जौशी, किरन मौजूद रहे।

सीएसआर फंड से बांटी 250 परिवारों को सोलर लाइटें

संवाददाता, चोरगलिया

अमृत विचार : देववाणी परोपकार मिशन हरिद्वार ने ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से लालकुआं विधानसभा क्षेत्र में सीएसआर फंड से 205 परिवारों को सोलर लाइटें वितरित कीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने बॉड खत्ता में 45, खमारी खत्ता में 38, डोल खत्ता में 43, हुरई में 20, रेखाल खत्ता में 15, हसपुर में 21, जोलासल में 22 लाइटों का वितरण किया।

संयोजक ईश्वर सुयाल ने बताया कि सभी खत्तों को 205 सोलर लाइटें वितरित की गईं। जिससे इन घरों में रोशनी होगी। विधायक बिष्ट ने कहा कि दीपावली से पहले जिन घरों में अंधेरा था, वहां पर रोशनी होगी। उन्होंने ओएनजीसी और देववाणी परोपकार मिशन का आभार जताया। वन विभाग के एसडीओ अनिल जोशी ने कहा कि इससे वन्य जीव संघर्ष कम होगा। इंसानों के साथ जानवरों की भी रक्षा होगी। इस अवसर पर वन विकास निगम के निर्देशक कुंदन सिंह चुफाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगदीश पंत, मनीष बोरा, ईश्वर सुयाल, आनंद शर्मा, सुधीर जानी, योगेश आर्य, मुकेश आर्य, घनश्याम चन्याल आदि मौजूद रहे।

सोलर लाइट वितरित करते विधायक डॉ. मोहन बिष्ट व अन्य। ● अमृत विचार

कांग्रेस सरकार में नहीं हुई राजस्व की प्राप्ति

हल्द्वानी, अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने नेता विपक्ष यशपाल आर्य के खनन को निजी हाथों में देने और किसी को लाभ देने के लिये स्मार्ट मीटर लगाने के आरोपों को हास्यास्पद बताया।

प्रदेश सरकार कोई भी नया कार्य जनहित में करना चाहती है और कांग्रेस बिना कारण समझे उसका विरोध करती है। कांग्रेस और उनके नेताओं की मानसिकता सिर्फ गलत बयानबाजी कर धामी सरकार की छवि को धूमिल करना है। कांग्रेस सरकार और उसके नेताओं के अवैध खनन में लिप्त होने के कारण राजस्व प्राप्त नहीं होता था। कांग्रेस सरकार में राजस्व कभी भी 300 करोड़ से अधिक प्राप्त नहीं हुआ।

रामनगर में शिक्षक के बंद घर पर चोरों का धावा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : जोशी कॉलोनी स्थित एक शिक्षक के बंद घर को चोरों ने खंगाल डाला। चोर घर से हजारों रुपये की नगदी और लाखों रुपये के जेवरात ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिये हैं।

डॉ. अनुपम शुक्ला अमगड़ी पाटकोट में हिंदी के प्रवक्ता हैं। कुछ दिन पूर्व उनके ससुर का निधन हो गया था। वह परिवार सहित शोक में शामिल होने के लिए प्रयागराज गये थे। घर में कोई नहीं था। रविवार की सुबह जब वह वापस लौटे तो घर के मैन गेट का ताला टूटा पड़ा था। घबराये डॉ. शुक्ला जब घर के अंदर गये तो कमरों के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गये। उन्होंने बताया कि चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे लगभग 30 हजार रुपये के अलावा सोने का मंगल सूत्र, सोने की अंगूठियां, सोने के कान के कुंडल सहित अन्य आभूषण ले गये हैं। अन्य सामान क्या गायब हुआ है इसका खुलासा उनकी पत्नी के आने पर हो पायेगा।

चोरों द्वारा खंगाला गया सामान।

देवरानी ने निर्धन छात्रों को किए वस्त्र वितरित

निर्धन बच्चों को वस्त्र वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला मोतीमहल स्थित शिशु विद्या मंदिर स्कूल के असिस्टेंट प्रिंसिपल रविन्द्र देवरानी ने निर्धन छात्रों को वस्त्रों का वितरण किया।

रविवार को वार्ड की निवर्तमान सभासद रुबीना सैफी व समाजसेवी डॉ. जफर सैफी के निवास पर देवरानी ने अल्पसंख्यक समुदाय के आधा दर्जन छात्रों को पेंट कमीज का वितरण किया। उन्होंने कहा कि पेंट और कमीजों के वितरण का मकसद निर्धन बच्चों को सर्दियों से बचना है। इस दौरान डॉ. जफर सैफी व छात्रों के अभिभावकों ने देवरानी के प्रति आभार व्यक्त किया।

एनसीसी से युवा बन रहे अनुशासित

संवाददाता, हल्दूचौड़

अमृत विचार : एक यूके एयर स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर की ओर से एवरग्रीन स्कूल बेरीपड़ाव में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जीबी पंत विश्विद्यालय के एग्रीकल्चर विभाग के डीन डॉ. एसके श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखे अनुशासन को सभी कैडेट अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। एनसीसी देश के युवाओं को अनुशासित और ऊर्जावान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

अतिथियों ने कैम्प के दौरान बनाये गए कैडेटों के ऐरोमोडलिंग मॉडल, ड्रोन आदि का अवलोकन किया। कैडेटों ने विभिन्न आंचलिक और देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों से कार्यक्रम में समां बांधा। इस अवसर पर कैंप के दौरान हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ उपवाहिनी का पुरस्कार दिया गया।

बेस्ट कैडेट का पुरस्कार सीनियर वर्ग में सीनियर अंडर अफसर अनिकेत और तनीषा नेगी एवं जूनियर वर्ग में दिनेश रावत और इशिता पाठक को दिया गया। ड्रिल प्रतियोगिता में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी को सीनियर वर्ग एवं सेंट लेमार्ट को जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान, रस्साकशी में जूनियर वर्ग में राइंका मोतीनगर और सीनियर वर्ग में ग्राफिक एरा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के चैयरमैन एलडी पाठक, डॉ. आनंद सिंह जीना, हेमंत कुमार, विद्या महतोलिया, गौरव पाठक, सौरभ पाठक, डॉ. मनीष बिष्ट मौजूद रहे।

विजेताओं को पुरस्कृत करते डॉ. एसके कश्यप एवं विवेक रावत। ● अमृत विचार

नदी में नहाते समय डूबा श्रमिक, मौत

रामनगर, अमृत विचार : मूल रूप से मिलक रामपुर क्षेत्र के रहने वाले एक श्रमिक की दाबका नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि रामपुर जनपद के मिलक क्षेत्र से यहां मजदूरी करने आया रविन्द्र (29) रविवार की दोपहर अपने एक साथी के साथ दाबका नदी में नहाने गया था। इसी दौरान उसे मिर्गी के दौरे पड़ गये और वह पानी में डूब गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छोई पुलिस चौकी इंचार्ज तारा सिंह ने बताया कि मृतक शादीशुदा था और यहां पर मजदूरी करने का काम करता था। सोमवार को सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

शव की हुई शिनाख्त

रामनगर : सिंचाई नहर में मिले अज्ञात शव की शिनाख्त हो गई है। शनिवार की दोपहर ग्राम हाथीडगर क्षेत्र में बहने वाली सिंचाई नहर में एक युवक का शव मिला था। पीरूमदारा चौकी इंचार्ज सुनील धानिक ने शव को नहर से बाहर निकालकर शिनाख्त कराने के प्रयास किये, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि सोशल मीडिया में खबर देखकर मृतक के परिजन कोतवाली पहुंचे और मृतक की शिनाख्त आसिक पुत्र रामावतार निवासी ग्राम भरतपुर थाना कुंडा जिला ऊधमसिंह नगर के रूप में की।

चाकू के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी : बनभूलपुरा पुलिस ने शनिवार की देर रात एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि चेकिंग के दौरान गौला बाईपास मार्ग पर पुलिस को देखते ही युवक भाग खड़ा हुआ। पूछताछ की तो उसने खुद को इंदिरानगर निवासी मोहम्मद अमन उर्फ चिंटा बताया। तलाशी में उसके पास से एक चाकू मिला। वह नशे का आदी है और रात में निकलने वाले लोगों को डराकर रुपये ऐंठता है।

दीपोत्सव इस वर्ष 31 अक्टूबर व एक नवंबर को है कार्तिक कृष्ण अमावस्या प्रदोषव्यापिनी

एक नवंबर को मनाया जाएगा दीपावली का त्योहार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दीपावली का पर्व इस बार एक नवंबर को मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि पर्व को लेकर तरह-तरह के संशय फैलाये जा रहे हैं, लेकिन दीपोत्सव महालक्ष्मी पर्व एक नवंबर को ही संपूर्ण भारतवर्ष में मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि संचार सेवाएं अत्यंत सशक्त होने के कारण इसका सदुपयोग होना चाहिए, परन्तु इसका दुरुपयोग हो रहा है। सनातन धर्म में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हिंदू धर्म के अनुयायी दो गुटों में संशय हो रहे हैं जो सनातन धर्म के लिए सोचनीय विषय है। कहा कि यदि दो दिन प्रदोष व्यापिनी अमावास्या होती है तो दूसरे दिन दीपावली (महालक्ष्मी) पर्व मनाना चाहिये। इस वर्ष 31 अक्टूबर तथा 1 नवम्बर को कार्तिक कृष्ण अमावास्या प्रदोषव्यापिनी है। ऐसे में एक नवम्बर को ही दीपावली (महालक्ष्मी) पर्व मनाना शास्त्रोक्त है। उन्होंने बताया कि प्रदोषव्यापिनी (सूर्यास्त के बाद त्रिमुहूर्त्त) कार्तिक अमावस्या के दिन ही दीपावली (महालक्ष्मी-पूजन) मनाने की शास्त्राज्ञा है।

इस वर्ष 31 अक्टूबर के दिन कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी तिथि का समाप्तिकाल अपराह्न 3:53 पर है। अतः चतुर्दशी समाप्ति के साथ ही कार्तिक अमावस्या प्रारंभ होकर अगले दिन 1 नवम्बर शुक्रवार शाम 06:17 तक व्याप्त है। स्पष्ट है कि अगले दिन एक नवम्बर प्रदोषकाल में अमावस तिथि की व्याप्ति कम समय के लिए है। जबकि 31 अक्टूबर 2024 को अमावस्या पूर्णतया प्रदोष एवं निशीथकाल को व्याप्त कर रही है। फिर भी शास्त्रनिर्देशानुसार 'दीपावली पर्व महालक्ष्मी-पूजन 1 नवम्बर, शुक्रवार, 2024 को ही मनाना शास्त्रसम्मत रहेगा। कार्तिक अमावस्या को प्रदोष के समय लक्ष्मीपूजनादि कहा गया है। उसमें यदि सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त के अंतर 1 घड़ी (24 मिनट) से अधिक रात्रि तक (प्रदोषकाल) अमावस्या हो, तो बिना संदेह उसी दिन पर्व मनाएं।

एक नवम्बर को लक्ष्मीपूजन करना शास्त्रसम्मत

शास्त्र-वचनों पर विचार कर मतानुसार एक नवम्बर शुक्रवार को ही दीपावली पर्व तथा लक्ष्मीपूजन करना शास्त्रसम्मत होगा। सम्पूर्ण भारत में यह पर्व इसी दिन होगा। यही निर्णय भारत के अधिकतर पंचाङ्गकारों को मान्य है। परम्परा अनुसार तथा गत अनेक उदाहरण भी इसी मत को मान्यता देते हैं। ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू कहा कि उत्तराखंड में जितने भी पंचांग हैं उन सभी में 1 नवंबर 2024 को दीपोत्सव मनाने का निर्णय दिया गया है। पंचांगकारों के परिश्रम को भी सम्मान देते हुए 1 नवंबर को ही दीपोत्सव मानना शास्त्र सम्मत होगा।

सार-संक्षेप

टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

पीरूमदारा में पानी के लिए मचा हाहाकार

रामनगर : पीरूमदारा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा है। मुख्य बाजार से सटी करीब आधा दर्जन कॉलोनियों में जल संस्थान की उदासीनता के कारण पानी का संकट खड़ा हो गया है। महिलाएं और पुरुष दूरदराज के खेतों में लगे सिंचाई पंपों से पानी लाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। हालांकि जल संस्थान टैंकर से पेयजल की आपूर्ति कर रहा है, लेकिन जनसंख्या के घनत्व को देखते हुए विभाग का यह प्रयास ऊंट के मुंह में जीरे की तरह नाकाफी है। किसान पूरन शर्मा व लोगों ने विभाग की सुस्ती पर आक्रोश जताते हुए तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। कहा कि अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह पानी के खाली बर्तन लेकर राजकीय मार्ग से लगे संपर्क मार्गों को जाम कर देंगे।

बैठक के दौरान युवा वैश्य महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

युवा वैश्य महासभा ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

हल्द्वानी : युवा वैश्य महासभा की एक बैठक नैनीताल रोड स्थित निजी संस्थान में सम्पन्न हुई। इस दौरान अध्यक्ष अतुल जायसवाल, महामंत्री कपिल अग्रहरि व कोषाध्यक्ष प्रकाश कसंल की संस्तुति पर नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसके तहत संरक्षक मंडल में रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, आलोक शारदा, गंगा जायसवाल और मार्गदर्शक मंडल में विजय गुप्ता, रूपेन्द्र नागर, उपाध्यक्ष उज्जवल जैन, गौरव गुप्ता, सचिन खण्डेलवाल को नियुक्त किया गया। इसके अलावा संगठन सचिव रवि केसरवानी, संदीप केसरवानी, आकाश अग्रहरि, जलज वार्ष्णेय, प्रचार सचिव और आय-व्यय निरीक्षक समेत सांस्कृतिक सचिव के सदस्य स्थायी रूप से नामित किए गए। सैकड़ों कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

राष्ट्रीय स्विमिंग प्रतियोगिता में शिवम ने जीता कांस्य

हल्द्वानी : सीबीएसई राष्ट्रीय स्विमिंग प्रतियोगिता में हल्द्वानी के शिवम धपोला ने कांस्य पदक जीता है। पिछले दिनों सीबीएसई ने ओडिशा में राष्ट्रीय चैंपियिनशिप का आयोजन किया था, जिसमें देशभर के स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसके तहत स्विमिंग प्रतियोगिता अंडर-17 पचास मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक वर्ग में शिवम ने प्रतिभाग किया। उन्होंने शानदार प्रदर्शन के दम पर कांस्य पदक जीता। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने पर उनके पिता संजय सिंह धपोला सहित शिक्षकों और परिवारजनों ने खुशी जताई। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्रीमद् भागवत महापुराण के दौरान मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

कथा सुनने से छह प्रकार के लोगों को मिलता है लाभ

हल्द्वानी : चांदनीचौक गरवाल में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। रविवार को कथाव्यास हेमचंद्र गुणवंत ने महाराज परीक्षित को श्रृंगी ऋषि के शाप देने, महाराज के गंगातट पर जाने और शुकदेव मुनि के आगमन, भगवान की ध्यान विधि और नारायण के विराट स्वरुप का वर्णन किया। बताया कि कथा सुनने और भगवान की भक्ति से 6 प्रकार के लोगों को लाभ मिलता है। जिसमें अर्थार्थी, अति डरा हुआ, जिज्ञासु और ज्ञानी शामिल हैं।

पूछड़ी मामले में ग्रामीणों की अपील वन न्यायालय में स्वीकृत

रामनगर : पूछडी की वन भूमि पर काबिज लोगो की बेदखली को लेकर चल रहे मामले में वन संरक्षक पश्चिमी वृत न्यायालय में अपील स्वीकृत की गई है। संयुक्त संघर्ष समिति ने उत्तराखंड हाईकोर्ट की अधिवक्ता तनुप्रिया जोशी व वन पंचायत संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष तरुण जोशी द्वारा पूछड़ी के ग्रामीणों की अपील न्यायालय वन संरक्षक पश्चिमी वृत कार्यालय हल्द्वानी में स्वीकृत कराने के लिए आभार व्यक्त किया है। अपील स्वीकृत होने से पिछले कई सप्ताह से घर बार उजड़ने से भयभीत ग्रामीणों को फिलहाल राहत मिल गई है। संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रेस विज्ञप्ति कर जारी बताया कि सोमवार को ग्यारह बजे व्यापार भवन कार्यालय रामनगर में संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में ग्राम पूछडी व अन्य स्थानों पर भाजपा सरकार द्वारा लोगों के घर तोड़ने की कार्रवाई पर रोक लगाने, सभी वन ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने, जंगल का काला कानून भारतीय वन अधिनियम, 1927 उत्तरांचल संशोधन 2001 को रद्द किए जाने, उत्तराखंड में जो व्यक्ति जहां पर निवास कर रहा है उसे वहीं पर नियमित कर मालिकाना हक देने व किसी भी व्यक्ति को हटाने से पूर्व उसको पुनर्वासित किए जाने आदि मांगों को लेकर आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

SAHAS Homeo साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग– • सफेद दाग • सोरायसिस, एलोपेसिया • मुंहासे • झाईयाँ • मस्से व गोखरू • एलर्जी
पेट रोग– • पेट दर्द • गैस • पेट में जलन • कमजोर पाचन • गुर्दे की पथरी
गुदा रोग– • बवासिर • फिशर • बवासीर के मस्से
लिवर सम्बन्धि रोग– • लीवर में सूजन • बदहजमी
अन्य रोग– • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग– • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
स्त्री रोग- • PCOD • हार्मोंस में असंतुलन • ओवरी सिस्ट • अनियमित माहवारी • वजन बढ़ना • बाल झड़ना • थायराइड
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरूद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473
शनिवार अवकाश

नैनीताल स्थित फेयर हैवेंस में संयुक्त रूप से करवाचौथ का पर्व मनाती महिलाएं। ● अमृत विचार

हल्द्वानी में करवाचौथ के अवसर पर चांद दिखने के बाद पति को छलनी से देखतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

चांद के साथ किया पिया का दीदार, मांगा अटल सुहाग

करवाचौथ पर सुहागिनों ने हाथों में मेहंदी रचाकर और सोलह श्रृंगार कर मां करवा की पूजा-अर्चना की

त्योहार

- महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह से मनाया पर्व
- विष्णुपुरी गली में स्थित दुर्गा मंदिर में कराई गई पूजा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : करवाचौथ पर पति के नाम की मेहंदी हाथों में रचाकर और सोलह श्रृंगार कर अखंड सौभाग्य की कामना के साथ सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखा। शाम के समय छलनी के पीछे से चांद के दीदार के साथ पति का चेहरा देखने के बाद अपना व्रत खोला। पतियों ने अपने हाथों से पानी पीकर व्रत का पारण किया। इससे पहले महिलाओं ने अटल सुहाग का वरदान मांगा। नए परिधानों में सजी महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह से पर्व मनाया।

रविवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में व्रती महिलाओं ने पूजन किया। इसके बाद मां करवा की कथा पढ़कर अखंड सौभाग्य का वर मांगा। रामपुर रोड विष्णुपुरी गली में स्थित दुर्गा मंदिर में पंडित जमुनादत्त बहुगुणा ने महिलाओं को पूजा कराई। इसके बाद अखंड सौभाग्यवती की कामना की। इस मौके पर सुहागिनों ने सर्व सुहागन करवड़ा.... गीत गाते हुए थालियां घुमाई। यहां चारू आहुजा, ज्योति भल्ला, प्रीती सेठी, जमुनादत्त बहुगुणा, राजवंती देवी, मणीरानी ढींगरा, ज्योति आर्या मौजूद रहीं।

रामपुर रोड विष्णुपुरी गली में स्थित दुर्गा मंदिर में करवाचौथ पर पूजन के लिए एकत्रित महिलाएं। ● अमृत विचार

पहाड़ी महिलाओं ने भी मनाया करवाचौथ

बदलते वक्त के साथ त्योहारों को लेकर भी एकता की भावना दिखने लगी है। करवाचौथ पर कई मंदिरों में महिलाएं कुमाउनी पिछौड़ा पहनकर सजी-धजी नजर आईं। करवाचौथ पर पिछौड़ा पहनी महिलाओं ने मां करवा की पूजा कर पति की लंबी उम्र का वरदान मांगा। शाम को चांद के दर्शन करने के बाद पूरे रीति रिवाजों के साथ व्रत खोला।

आरटीओ रोड स्थित सत्या विहार कॉलोनी में करवाचौथ पर पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

रामपुर रोड छठ पूजा स्थल पर मनाया करवाचौथ

हल्द्वानी : छठ पूजा सेवा समिति की ओर से रविवार को रामपुर रोड छठ पूजा स्थल पर सामूहिक रूप से करवाचौथ पर्व मनाया गया। महामंत्री मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि इसमें सभी महिलाओं ने अखंड सौभाग्य वर मांगा। इस मौके पर अनीता देवी, रीता देवी, रागिनी देवी, राधिका देवी, प्रमिला देवी, ललिता देवी, आरती देवी, ममता शाह, जयंती देवी, नीरू पाल, माया देवी, परिभाषा, मीनू शाह और ममता शाह मौजूद रहीं।

धूमधाम के साथ मनाया करवाचौथ का पर्व

नैनीताल : मल्लीताल स्थित फेयर हैवेंस में महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवाचौथ पूजन किया। साथ ही अपने पति की लंबी आयु की कामना की। पारुल अहूजा ने बताया कि महिलाएं सुबह से ही करवाचौथ की तैयारियों में जुटी थीं। विधिवत करवाचौथ की कथा पढ़ी। शाम 4 बजे सभी महिलाओं ने एकत्रित होकर पूजा-अर्चना की। शाम को चंद्रमा को छलनी से देखकर अपने पति की लंबी आयु की कामना करते हुए उपवास पूरा किया। इस दौरान मीनू व्यास, दिव्या पाडे, ज्योति खन्ना, मोहनी खन्ना, ममता, काया, पूजा, रजनी, ऋतू, सीमा, रेनू, बबिता, गौरवी, पारुल, कामना, आशा, शिवानी, नीलम आदि मौजूद रहे। वहीं तल्लीताल धर्मशाला में भी महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवाचौथ का पूजन किया। सभी महिलाएं सजधज कर पारंपरिक परिधान पहने नजर आईं।

कालाढूंगी में करवाचौथ पर पारंपरिक परिधान में सजी महिलाएं। ● अमृत विचार

अखंड सुहाग की कामना के लिए रखा उपवास

कालाढूंगी : कालाढूंगी, कोटाबाग, बैलपड़ाव व चकलुवा क्षेत्र में अंखड सुहाग की कामना के साथ करवाचौथ पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। रविवार को पूरे दिन बिना अन्न-जल ग्रहण किये महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए शिव-पार्वती, लक्ष्मी-गणेश की पूजा की। देर शाम जैसे ही चांद निकला तो सुहागिनों ने पति की पूजा कर उनके हाथों पानी पीकर व्रत का पारण किया। व्रत के बीच रविवार को बाजार में खरीदारी व ब्यूरो पार्लरों में दिनभर महिलाओं की भीड़ रही। महिलाओं ने घरों में करवाचौथ की से जुड़ी कहानियां एक-दूसरे के घर व मंदिरों में जाकर सुनी।

पति की पीठ पर मेंहदी से मेडिकल कॉलेज की प्रॉपर्टी लिखतीं गीता मिश्र।

पीठ पर मेहंदी से लिखा 'मेडिकल कॉलेज की प्रॉपर्टी'

हल्द्वानी, अमृत विचार : करवाचौथ के अवसर पर जहां एक ओर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए मेंहदी लगाकर कामना कर रही थीं। वहीं हिम्मतपुर तल्ला निवासी गीता मिश्र ने अपने पति की पीठ पर मेहंदी से 'मेडिकल कॉलेज की प्रॉपर्टी' लिखकर सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। गीता मिश्र ने कहा कि मरणोपरांत मेडिकल कॉलेज को यदि शव मिलता है तो मेडिकल छात्र-छात्राएं प्रयोगों से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हुए कुशल चिकित्सक बनेंगे। गीता के पति डॉ. सन्तोष मिश्र ने कहा कि उनके परिवार ने वर्ष 2013 में देहदान का संकल्प लिया था। अब अपने परिचितों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को नेत्रदान, देहदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डॉ. मिश्र ने लोगों से अपील की कि इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग से सम्पर्क करें। कहा कि शहर में सुचित्रा जायसवाल अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन के माध्यम से लोगों को देहदान और नेत्रदान संबंधी संकल्प पूरा कराने में सहयोग कर रही हैं।

5वीं अनुसूची के लिए सड़क से संसद तक होगा संघर्ष

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड के संपूर्ण पर्वतीय क्षेत्र में 5वीं अनुसूची और जनजातीय दर्जा की वापसी की मांग को लेकर रविवार को नगर निगम सभागार में अधिवेशन हुआ। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई।

अधिवेशन में मुख्य वक्ता अजय सिंह रावत ने बताया कि वर्ष 1972 से पहले उत्तराखंड का पर्वतीय क्षेत्र संविधान की 5वीं अनुसूची के अंतर्गत था। देश के जनजातीय क्षेत्र में शेड्यूल्ड डिस्ट्रिक्ट एक्ट 1874 , नॉन रेगुलेशन एरिया व बहिष्कृत क्षेत्र घोषित थे। इन्हीं क्षेत्रों के मूल निवासियों को आजादी के बाद ट्राइब स्टेट्स और 5वीं अनुसूची या 6वीं अनुसूची घोषित किया गया। उत्तराखंड युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी ने कहा कि उत्तराखंड की समस्याओं का एकमात्र समाधान 5वीं अनुसूची है। पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि 5वीं अनुसूची के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़नी होगी। जिसके लिए पहाड़ को एकजुट करने का काम पहाड़ी आर्मी करेगी। उत्तराखंड एकता मंच के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर अनूप बिष्ट ने सभी तथ्यों को पीपीटी के जरिए प्रस्तुत किया और 22 दिसंबर को दिल्ली के जंतर मंतर में होने वाले प्रदर्शन के लिए सभी को आमंत्रित किया। अधिवेशन में एडवोकेट डीके जोशी, संजय राठौर, विनीत कांडपाल, शांति जीना, भूपेंद्र कोरंगा, हेमा कांडपाल, सौरभ भट्ट, कल्पना रावत, योगिता बनौला, निशांत रौथान, तनु बिष्ट, बसंत पांडे, डॉ. श्याम सिंह रावत, हेमंत पाठक, कमल सुनाल, जीएस बिष्ट, कपिल शाह मौजूद रहे।

नगर निगम सभागार में आयोजित अधिवेशन में मौजूद विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तराखंड तैयार: सिंह

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड में आगामी जनवरी व फरवरी माह में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होगा। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है। यह बात उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह ने कही।

रविवार को ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. सिंह हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षक एके पंडित के साथ गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम का निरीक्षण किया। डॉ. सिंह ने डाइविंग पूल, स्वीमिंग पूल, बहुद्देश्यीय हॉल को देखा। एके पंडित ने बताया कि स्टेडियम में स्वीमिंग पूल और डाइविंग पूल अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार ही बनाया गये हैं। डीके सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल के लिए सभी निर्माण स्थायी तौर किये गए हैं। दिल्ली के बाद उत्तराखंड ही उत्तर भारत में ऐसा राज्य है, जहां साइकिलिंग के लिए वैलोड्रम बनाया जा रहा है। भविष्य में उत्तराखंड राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी कर सकेगा। खेल विभाग तेजी से काम करवा रहा है। कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखंड को नई पहचान मिलेगी। यहां खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य की संभावनाएं और बनेंगी। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को लेकर अभी भारतीय ओलंपिक संघ की सहमति बाकी है। 25 अक्टूबर को भारतीय ओलंपिक संघ उत्तराखंड में आयोजन स्थलों का दौरा करेगा।

कार्यक्रम एमबीपीजी कॉलेज में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अशिक्षा के रहते सार्थक नहीं होगी संस्कृति पर चर्चा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में रविवार को इतिहास विभाग ने दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसका विषय उत्तराखंड की लोक संस्कृति और सांस्कृतिक पर्यावरण था। गोष्ठी की शुरुआत मुख्य अतिथि पुष्कर राज जोशी, नेपाल मेयर नर सिंह दारचूला, प्रो. दया पंत, समाजसेवी हीरा जंगपागी, संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रो. आरएस भाकुनी, प्राचार्य तल्ला सल्ट महाविद्यालय प्रो. बीएम पांडे और एमबीपीजी प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने संयुक्त रूप से की।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुष्कर राज जोशी ने कहा कि संस्कृति के निर्माण में आज भारत और नेपाल के बीच संवैधानिक रूप से काम हो रहा है। सांस्कृतिक रूप से आज नेपाल और भारत एक ही हैं। आध्यात्मिक रूप से भी भारत से नेपाल जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज में जब तक गरीबी और अशिक्षा रहेगी तब तक संस्कृति पर चर्चा सार्थक नहीं होगी। समाजसेवी हीरा देवी, तुलसी देवी और प्रतिमा देवी ने वनराजी जनजाति के बारे में चर्चा की। प्रो. बीएम पांडे ने लोक संस्कृति व लोक भाषा के विलुप्तीकरण पर चिंता जताई। नर सिंह दारचूला ने कहा कि नेपाल और भारत समानांतर रूप से समाज निर्माण का संकल्प ले रहे हैं। प्रो. दया पंत ने परिवार की एकता, बच्चों के वातावरण और उनके मनोवैज्ञानिक व्यवहार के बारे में चर्चा की। उच्च शिक्षा के संयुक्त निदेशक प्रो. आरएस भाकुनी ने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की सराहना की और शोध कार्य बढ़ाने पर बल दिया। प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने गोष्ठी को भारत-नेपाल की दोस्ती, संस्कृति और विश्व बंधुत्व का प्रतीक बताया। संचालन नीलोफर अख्तर ने किया। इस मौके पर डॉ. नवल लोहनी, नेपाल से आये डॉ. अजब बहादुर, डॉ. धर्मराज, डॉ. लोक विक्रम, प्रो. एमएस मुनौला, प्रो. ऊषा मित्तल, डॉ. दीपा गोबाड़ी, डॉ. ममता अधिकारी, डॉ. कमला पंत, डॉ. सुरेश टम्टा मौजूद रहे। तकनीकी सत्र में डॉ. रेनू रावत और डॉ. बिमला देवी ने शोध पत्र वाचन किया।

संगोष्ठी के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

शटडाउन के चलते चार घंटे गुल रही बिजली

हल्द्वानी, अमृत विचार : राजपुरा और तिकोनिया क्षेत्र के दो फीडरों की लाइनों को अलग-अलग करने के लिए शटडाउन और मेंटीनेंस कार्य रविवार को भी जारी रहा। जिसके चलते ऊर्जा निगम ने चार बिजलीघरों से जुड़े क्षेत्रों में चार घंटे तक आपूर्ति बंद रखी। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रविवार को लाइनों के रखरखाव और पेड़ों की लॉपिंग-चॉपिंग का काम करने के लिए सुबह 10 बजे से चार बजे तक बिजलीघरों से आपूर्ति बंद रही। इस कारण ऊर्जा निगम के सुभाष नगर, काठगोदाम, रानीबाग और केडी चौराहा बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रही। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि दीपावली के दौरान आपूर्ति बेहतर करने के लिए मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है।

कुमाऊं में खोलें बीएसएफ यूनिट निधन पर दिया जाय गार्ड ऑफ ऑनर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिक संगठन कुमाऊं का एक शिष्टमंडल शुक्रवार को नई दिल्ली में बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी के महानिदेशकों से मिला। शिष्टमंडल ने केंद्रीयकृत मदिरा प्रबन्धन प्रणाली की प्रक्रिया को जल्द धरातल पर लागू करने की मांग की। कहा कि जब तक सुविधा लागू नहीं होती तब तक पहले की तरह मैनुअली कार्ड बनाए जाएं।

शिष्टमंडल ने कहा कि कुमाऊं में बीएसएफ की यूनिट खोली जाए। सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशकों ने एक एसओपी जारी की है, जिसमें सेवानिवृत्त केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के किसी सदस्य का निधन हो जाने पर उस बल के महानिदेशक की तरफ से पुष्प चक्र, गार्ड ऑफ ऑनर और 8000 की सहायता राशि दी जाएगी, लेकिन यह प्रक्रिया भी धरातल पर नहीं उतर पाई है। कल्याण एवं पुनर्वास परिषद की बैठक में सभी राज्यों के सेवानिवृत्त सैनिकों को भी आमंत्रित किया जाए। जिला कल्याण अधिकारी हर तीन महीने में अपने इलाके में आने वाले पूर्व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की बैठक लें। शिष्टमंडल में बीएसएफ के रिटायर डिप्टी कमांडेंट मनोहर सिंह नेगी, दरबान सिंह बोहरा और रूप सिंह बिष्ट आदि शामिल रहे।

महानिदेशक के साथ पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिक संगठन के पदाधिकारी।

एक नजर

हादसे में घायल मजदूर ने दम तोड़ा, मुकदमा दर्ज

किच्छा : ट्रक चालक की लापरवाही से पति की मौत होने पर मृतक की पत्नी ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रमपुरा, वार्ड नंबर 22, रुद्रपुर निवासी नन्ही देवी पत्नी स्वर्गीय ओमप्रकाश ने बताया कि विगत 13 अक्टूबर को रुद्रपुर निवासी सीमेंट व्यापारी ने तीन अन्य लोगों के साथ लालपुर, आइडिया कॉलोनी में ट्रक संख्या यूपी 38 टी 3887 के साथ सीमेंट उतारने के लिए भेजा था। गाड़ी से सीमेंट उतारने की तैयारी चल रही थी तथा उसके पति ओम प्रकाश, रामकिशोर व महेंद्र ट्रक के पीछे खड़े थे। आरोप है कि मना करने के बावजूद ट्रक चालक ने लापरवाही से अचानक गाड़ी बैक कर दी। जिससे पीछे खड़े पति ओम प्रकाश के सिर पर ट्रक का डाला गिर गया और उनका सिर फट गया। बरेली के अस्पताल में 15 अक्टूबर को पति की मौत हो गई।

अवैध निर्माण को किया सील

काशीपुर : जिला विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय की टीम ने निर्माणाधीन व्यावसायिक निर्माण कार्य को सील कर दिया। शनिवार को जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने मोहल्ला जसपुर खुर्द में तीन हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में चल रहे निर्माण कार्य को सील कर दिया। बताया कि तकनीकी अनुभाग की जांच आख्या के बाद भी निर्माण कार्य जारी था, जिसे तहसीलदार पंकज चंदोला और प्राधिकरण की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में सील कर दिया।

तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

काशीपुर। :पुलिस ने तमंचे के साथ घूम रहे एक आरोपी को विजय नगर नई बस्ती से गिरफ्तार कर उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरबाज बताया। आरोपी नशे की पूर्ति के लिए तमंचे से लोगों को डराता धमकाता है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान कर उसे न्यायालय में पेश किया है। आरोपी पर पूर्व में भी आपराधिक प्रवृत्ति के मुकदमे दर्ज है।

छत से गिरा युवक, घायल

काशीपुर : छत से गिरकर युवक घायल हो गया। रविवार की सुबह मोहल्ला मझरा निवासी रंजीत छत पर बिल्ली पकड़ रहा था। अचानक पैर फिसलने से नीचे गिरकर वह घायल हो गया। परिजनों ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

चौकीदार चरण सिंह हत्याकांड में पुलिस ने कई संदिग्धों को लिया हिरासत में, जल्द हो सकता है खुलासा

पत्नी की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में खेत में हुई अधेड़ चौकीदार की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हत्या के मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद अहम सुराग हाथ लगने की बात कही है। पुलिस के अनुसार जल्द ही हत्या का खुलासा कर दिया जाएगा और घटना में शामिल दोषी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

ज्ञात हो कि शनिवार सुबह कोतवाली अंतर्गत कलकत्ता फॉर्म क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में पालेज की चौकीदारी कर रहे ग्राम धाधा फॉर्म, किच्छा निवासी 55 वर्षीय चरण सिंह पुत्र सोहन लाल की धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई थी। चरण सिंह के चेहरे और सिर पर धारदार हथियार से कई बार हमला किया गया था। जबकि मृतक के शरीर पर चेहरे के अलावा चोट का कोई निशान नहीं मिला। किच्छा निवासी ठेकेदार अब्दुल शमी ने ठेके पर खेत लेकर लक्ष्मीपुर में सब्जी की पैदावार की है। विगत करीब चार माह से चरण सिंह चौकीदारी का कार्य कर रहा था। शनिवार सुबह चरण सिंह का शव लहूलुहान अवस्था में पुलिस को मिला था। पुलिस ने चरण सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी।

किच्छा में ग्रामीणों से जानकारी लेती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

ग्राम धाधा फॉर्म निवासी मीरा देवी पत्नी चरण सिंह ने बताया कि उसके पति 4 महीने से चौकीदारी का काम कर रहे थे। वहां पर उनका दामाद ग्राम आंदपुरा, तहसील आंवला, जिला बरेली निवासी दामाद धर्मेंद्र भी काम करता था। पीड़िता ने बताया कि 19 अक्टूबर की सुबह करीब 8:30 बजे जब दामाद धर्मेंद्र खेत पर पहुंचा तो खेत की झोपड़ी के पास खून पड़ा देखा। झोपड़ी से कुछ दूरी पर चरण सिंह का लहूलुहान शव पड़ा था। कुछ देर बाद ठेकेदार अब्दुल शमी भी मौके पर पहुंच गया और घटना की सूचना पर परिजन भी खेत में पहुंच गए। पीड़िता ने बताया कि करण सिंह के चेहरे तथा सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे। कहा कि उनके पति की हत्या की गई है।

प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि चरण सिंह की मौत के बाद पुलिस ने घटना स्थल की बारीकी से जांच की तथा कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया कि पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं और जल्द ही पुलिस हत्या के दोषियों तक पहुंच जाएगी।

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: प्रीत विहार फाजलपुर महरौला निवासी एक व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर उसके साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होने की पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रीत विहार फाजलपुर महरौला निवासी महफूज अहमद ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसके नाम से एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड है। क्रेडिट कार्ड की लिमिट 1.25 लाख रुपये है। 12 अगस्त 2024 को उसके मोबाइल नंबर पर कॉल आई। इस दौरान कालर ने अपने को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया। उसने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए कहा। पीड़ित के अनुसार वह उसकी बातों से झांसे में आ गया और विश्वास कर उसे क्रेडिट कार्ड नंबर की जानकारी व ओटीपी बता दी। क्रेडिट कार्ड को लेकर जब वह बैंक पहुंचा तो पता चला कि कार्ड की कोई सीमा नहीं बढ़ी है। जब उसने क्रेडिट कार्ड चेक किया तो उससे 1,21,645 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने शंका हुई। इसके बाद उसने पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। मामले की जांच की जा रही है, इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने 24 घंटे से कम समय में दबोचे हत्यारोपी

प्रेम प्रसंग के चलते हुई हत्या, लाठी- डंडे और सरिया किए बरामद

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: प्रेम प्रसंग के चलते घर में बंधक बनाकर युवक को लाठी डंडों से पीटने और गर्म सरिए से जगह जगह जलाने के दो आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए 24 घंटे से कम समय में पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लाठी डंडे और सरिया बरामद कर लिया है।

शुक्रवार रात्रि को जादोपुर में हुई घटना के बाद पुलिस को सौंपी तहरीर में मृतक के भाई मोहनपुर निवासी कमलजीत सिंह ने कहा कि शुक्रवार रात्रि करीब आठ बजे जादोपुर निवासी सुन्दरवती ने उसके भाई अनिल सिंह 27 पुत्र जगत सिंह को घर पर बुलाया। जहां महिला के देवर कृष्ण सिंह, सुमित सिंह ने उसके भाई अनिल सिंह के हाथ पांव बांधकर बुरी तरह से पीटा और गर्म सरिए से जगह जगह दागा गया। कमलजीत ने मां साथ वहां पहुंचकर घायल अनिल को नागरिक अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत ने टीमों का गठन कर हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करने के कड़े निर्देश दिए। पुलिस टीम ने 24 घंटे के अन्दर दो अभियुक्तों कृष्ण सिंह और सुमित सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लाठी, डन्डे तथा नुकीली सरिया भी बरामद कर ली है। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि घटना के पीछे अभियुक्त कृष्ण सिंह की विधवा भाभी सुन्दरवती के साथ मृतक अनिल सिंह के अवैध संबंध होना तथा विरोध किए जाने पर पूर्व में अनिल सिंह द्वारा अभियुक्त सुमित के साथ मारपीट, गाली गलौज किए जाने की पुरानी रंजिश का होना पाया गया। यह भी कहा कि अभियुक्तगण द्वारा वादी के भाई अनिल सिंह को कमरे हाथ बांधकर तथा मुंह मे कपडा ठूंस कर लाठी डंडे से पीटने तथा गर्म सरिया से जलाकर व गोद कर गम्भीर रुप से घायल किया गया जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई थी।

खटीमा में हत्या के मामले में पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

चालक पर 150 लीटर डीजल चोरी करने का आरोप

रुद्रपुर: रामपुर निवासी एक व्यक्ति ने चालक पर गाड़ी का मुख्य पार्ट ईसीएम और 150 लीटर डीजल चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शाहबाद रामपुर निवासी आनंद कुमार यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पीएसए प्लाजा में फ्लीट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। ग्राम कीरा शाहबाद रामपुर निवासी मनोज पुत्र मुकेश कंपनी की गाड़ी का चालक है। 28 सितंबर को चालक गाड़ी लेकर रुद्रपुर से लेकर निकला और माल लोड कर 11 अक्टूबर को फारूखनगर गुरुग्राम पहुंचा। इसके बाद उसने गाड़ी का मुख्य पार्ट ईसीएम और करीब 150 लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गया।

मामले की जानकारी मिलने पर जब उन्होंने चालक के मोबाइल पर संपर्क करना चाहा तो बात नहीं हो पायी। इसके बाद आनंद ने पुलिस से आरोपित चालक पर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चालक के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले संस्थापक-प्रबंधक हुए सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर एसोसिएशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल की ओर से जिले के सीबीएसई से संबद्ध प्रतिष्ठित विद्यालय के विद्यालय प्रमुखों और प्रधानाचार्यों का एक भव्य सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें विभिन्न विद्यालयों के 130 प्रबंधक और प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी मनीष अग्रवाल और एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दीप जलाकर किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के वरिष्ठ संस्थापकों व प्रबंधकों के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधकों का कार्य केवल प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ ही छात्रों के विकास और शिक्षकों के प्रेरणास्रोत भी होते हैं। उनका योगदान हमारे समाज में शिक्षित और सक्षम नागरिकों के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद स्कूल संस्थापकों ने अपनी नीतियों और प्रयासों के माध्यम से शिक्षण को आमजन तक सुगम बनाने का कार्य किया है। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष नायब सिंह धालीवाल व कोषाध्यक्ष डॉ. पुनीत गोयल ने अपने अनुभवों व एसोसिएशन की उपलब्धियों पर चर्चा की। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले संस्थापकों और प्रबंधकों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न देकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इससे पूर्व कोलंबस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। एसोसिएशन के महासचिव व कोलंबस स्कूल के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर संदीप नैथानी, पूजा अग्रवाल, दीपक गुप्ता, नरेश भारद्वाज, स्किंपी गर्ग समेत जिले भर से आस विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक और प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी मनीष अग्रवाल व अन्य।

स्वागत गीत प्रस्तुत करते कोलंबस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

किच्छा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हिंदूवादी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आतिशबाजी से हटाएं देवी-देवताओं के फोटो

संवाददाता, किच्छा

आपत्ति

▸▸ हिंदू संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से की रोक लगाने की मांग

अमृत विचार: हिंदू संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने दीपावली के त्यौहार पर हिंदू देवी-देवताओं की फोटो लगे आतिशबाजी की बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की।

विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रिक्की के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि दीपावली पर आतिशबाजी के बाजार में सामान पर हिंदू देवी देवताओं की फोटो लगी होने से हिंदुओं की भावनाएं आहत होती हैं। ऐसी आतिशबाजी को जलाने से सनातन धर्म एवं हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ होता है, जो किसी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनकी आस्था को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया तो कार्यकर्ताओं को मोर्चा खोलने को मजबूर होना पड़ेगा। एसडीएम मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। यहां प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मंत्री किशोर राठौर, नामित सक्सेना, आशीष राठौर सहित बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर
पत्रांक-NCD/NIDCP/2024-25/9931 दिनांक- 19/10/2024
विश्व आयोडीन अल्पता विकार रोकथाम दिवस (21-10-24)
विश्व आयोडीन
अल्पता विकार रोकथाम दिवस
21 अक्टूबर
आयोडीन अल्पता विकारों की रोकथाम

आयोडीन हर किसी के लिए एक ज़रूरी पोषक तत्व है
आयोडीन अल्पता विकारों के रोकथाम के लिए नियमित रूप से आयोडीनयुक्त नमक का सेवन करें।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
उधम सिंह नगर
अधिक जानकारी हेतु नजदीकी AAM/PHC/CHC/DH से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।
जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, उधम सिंह नगर द्वारा जनहित में प्रसारित।

छठ पूजा तक गांधी पार्क में होगी वाहनों की पार्किंग

विधायक शिव अरोरा का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: त्योहारी सीजन आते ही बाजार में भीड़भाड़ होनी शुरू हो गयी है। गाड़ियों को रोड पर खड़ा करने से व्यापारियों के साथ ही आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पार्किंग के समाधान को लेकर विधायक शिव अरोरा गांधी पार्क पहुंचे। इस मौके पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल और कोतवाल मनोज रतूड़ी भी साथ में रहे। एमएनए से वार्ता के बाद तय हुआ कि छठ पूजा तक वाहनों की पार्किंग गांधी पार्क में की जाएगी।

रविवार को गांधी पार्क पहुंचे विधायक अरोरा ने कहा कि करवाचौथ से लेकर दीपावली व छठ पूजा पर्व तक बाजार में भारी भीड़ रहती है। लोगों का आवागमन सुगम बनाने के लिए गांधी पार्क को वाहनों की पार्किंग के लिए उपयोग किया जाएगा। त्यौहार खत्म होते ही पुनः गांधी पार्क उसी प्रकार रहेगा। मौके पर उन्होंने गांधी पार्क का गेट खुलवाकर आज से ही वाहन खड़े करना शुरू करवाए। विधायक अरोरा ने कहा कि गांधी पार्क में वाहन खड़े होने से जाम नहीं लगेगा। साथ ही मार्केट की ओर आने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे वाहन पार्किंग गांधी पार्क में करें। वहीं गांधी पार्क में पार्किंग बनाने पर लघु व्यापार मंडल, ठेला व्यापारियों ने विधायक अरोरा का माला पहनाकर आभार जताया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, आशू मिड्ढा, मनोज मदान, सुरेश शर्मा व्यापारी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

बाल विवाह रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

डॉ. अमित श्रीवास्तव।

किच्छा। इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट संस्था के अध्यक्ष डॉ. अमित श्रीवास्तव ने सर्वोच्च अदालत द्वारा बाल विवाह रोकने पर ऐतिहासिक निर्णय लिए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि बाल विवाह से बच्चों के अधिकारों एवं अपनी मर्जी से जीवनसाथी चुनने के अधिकार का हनन होता है। यहां बातचीत में आईएसडी संस्था अध्यक्ष डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि यह फैसला वर्ष 2030 तक देश से बाल विवाह का खात्मा सुनिश्चित करेगा। कहा कि बाल विवाह मुक्त अभियान में देश में 200 से भी ज्यादा गैर सरकारी संगठनों का गठबंधन धरातल पर कार्य कर रहा है, जिसने वर्ष 2023 -24 में पूरे देश में एक लाख 20 हजार से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए और 50 हजार से ज्यादा बाल विवाह मुक्त गांव बनाने का सराहनीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल गोराना की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला लिया है तथा राज्य सरकारों को इन दिशा निर्देशों का तत्काल प्रभाव से अमल करना चाहिए, ताकि वर्ष 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

55 हजार रुपये लेकर लापता हुई नाबालिग

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में एक नाबालिग घर में रखी हजारों की नगदी सहित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। नाबालिग के लापता होने के बाद परिजन परेशान हैं। नाबालिग के पिता की लिखित शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की सूचना दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 15 अक्टूबर की शाम करीब 7 :30 बजे अचानक घर से लापता हो गई। पीड़ित के अनुसार पुत्री के लापता होने के बाद जब घर की तलाशी ली गई तो पता चला कि 55 हजार रुपए की नगदी भी गायब है। पीड़ित पिता ने बताया कि पुत्री के लापता होने के बाद उसके द्वारा सभी रिश्तेदारों में खोजबीन की गई, लेकिन पुत्री का कोई सुराग नहीं लगा।

खटीमा के सीमावर्ती गांव में करवाचौथ व्रत रखकर पूजा- अर्चना करती सुहागिनें। ● अमृत विचार

किच्छा में करवाचौथ पर्व पर सजी महिलाएं। ● अमृत विचार

करवाचौथ पर सुहागिन महिलाओं ने की पति की दीर्घायु की कामना

सुबह सरगी के साथ शुरू हुई निर्जला व्रत की शुरुआत, देर शाम चंद्रमा को अर्घ्य देकर महिलाओं ने तोड़ा व्रत, पर्व को लेकर महिलाओं में रहा खासा उल्लास

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर में करवाचौथ धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाओं ने सुबह सरगी खाकर दिनभर निर्जला व्रत रखा और देर सायं चंद्रमा का अर्घ्य देकर व्रत तोड़ा। इस दौरान महिलाओं ने पतियों की लम्बी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं पुरुषों ने भी महिलाओं को उपहार भेंट किए।

रविवार को करवाचौथ की चतुर्थी सुबह 6:46 मिनट से शुरू हो गयी थी। सुबह स्नान करने के बाद सरगी खाकर महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा। चांद निकलने से पहले महिलाओं ने मंदिर में भगवान शिव और मां गौरी की पूजा अर्चना की और पति की दीर्घायु की कामना की। वहीं शहर के मुख्य बाजार स्थित श्री लक्ष्मी नारायण पांच मंदिर में पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री ने व्रती महिलाओं को करवा माता की कथा सुनवाई।

श्री सनातन धर्म स्त्री सत्संग सभा की अध्यक्ष शशि अरोड़ा ने बताया कि करवाचौथ पर मंदिर परिसर में करीब डेढ़ हजार महिलाओं ने करवा माता की कथा सुनी और 16 श्रृंगार कर पूजा अर्चना की। इसके बाद महिलाओं ने चांद के दर्शन कर अर्घ्य दिया और पतियों ने करवा से जल पिलाकर व्रत तोड़ा। इस अवसर पर श्री सनातन धर्मसभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री, ओम प्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, राकेश राज देव, अमित अरोरा, सुरेश राज देव आदि मौजूद रहे।

सुहागनों ने चांद का दीदार कर तोड़ा निर्जला व्रत

दिनेशपुर : पति की दीर्घायु के लिए सुहागन महिलाओं ने निर्जला व्रत धारण कर करवा चौथ का त्यौहार मनाया। सुहागिनों ने करवा व्रत कथा सुनकर पूजा अर्चना की। नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों के प्रांगण में महिलाओं ने अलग-अलग टोलिया बनाकर पूजा अर्चना की। शिव मंदिर चरनपुर में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा कर कथा का श्रवण किया। इस मौके पर पार्वती डोगरा, नीमा देऊपा, निशा डोगरा, उमा चंद, ममता डोगरा, रितु देऊपा, अंजू डोगरा आदि मौजूद रहीं।

रुद्रपुर में चांद का दीदार करती महिलाएं। ● अमृत विचार

दिनेशपुर के ग्राम चरनपुर व चक्कीमोड़ में पूजा की तैयारी करती व्रतधारी महिलाएं। ● अमृत विचार

छलनी से चांद को देखते हुए पति के किए दर्शन

खटीमा : करवा चौथ का पर्व शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिनों द्वारा पतियों के दीर्घायु करने की कामना करते हुए व्रत रखा और पूजा अर्चना की। देर रात्रि चंद्रोदय के बाद छलनी से चांद को देखते हुए पति के दर्शन किए और उनके हाथ से पानी पीकर सुहागिनों ने व्रत तोड़ा। इधर खाली महुवट, बगुलिया, खेलड़िया, मेलाघाट, सिसैया, नगला तराई, झनकईया, अशोक फार्म के क्षेत्रों में भी करवा चौथ व्रत को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूर्व प्रधान अमरजीत कुशवाहा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सुहागिनों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और कथा सुनी और पति के लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सरोज देवी, नमिता देवी, पूनम देवी, सीमा, कल्पना, सुष्मिता मजुमदार, मधु, ज्ञानती देवी, चांदनी, हेमा, राखी, कुसुम, पूजा तथा सुनिता आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

किच्छा में महिलाओं ने हर्षोल्लास से मनाया करवाचौथ पर्व

किच्छा : नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ करवा चौथ का पर्व मनाया गया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। करवाचौथ पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। रविवार को पूरा दिन उपवास रखने वाली सुहागिन महिलाओं ने अन्न जल छोड़कर उपवास रखा और विधि विधान से पूजा अर्चना की। नगर के तमाम स्थानों पर दर्जनों सुहागिन महिलाओं ने दुल्हन की तरह 16 श्रंगार किया और पूजा अर्चना करते हुए करवाचौथ की पारंपरिक कथा को सुना तथा अपने परिवार की खुशहाली, पति के स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की। देर शाम चांद का दीदार करने के बाद सुहागिन महिलाओं ने पति के चरण छूकर आशीर्वाद लिया और पति के हाथ से अन्न जल ग्रहण किया।

पिता को अस्पताल ले जा रहे युवक की हादसे में मौत

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार: पिता के इलाज के लिए अस्पताल जा रहें बाइक सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रविवार को ग्राम पहसैनी, नानकमत्ता निवासी कुलवंत सिंह (35) पुत्र लाल सिंह अपने पिता के इलाज के लिए अपनी मां जागीरो कौर के साथ बाइक से सितारगंज के एक निजी अस्पताल जा रहे थे। घर से छह किमी दूर साधुनगर-सिसई खेड़ा मार्ग पर ग्राम मगरसड़ा में सामने से आई ट्रैक्टर ट्रॉली से साइड लेते समय वह ट्राली से जा टकराया। टकराने के बाद तीनों सड़क से नीचे खेत में जा गिरे। हादसे में तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से तीनों को उप जिला चिकित्सालय सितारगंज में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने कुलवंत सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उसके पिता के गंभीर घायल होने पर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है और उसकी मां को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि कुलवंत के पिता लाल सिंह का पथरी का ऑपरेशन होना था। इसके लिए तीनों दस बजे के करीब एक बाइक पर सवार होकर अस्पताल के लिए निकले थे। बताया कि कुलवंत शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे हैं। वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था। उसकी मौत से पत्नी और तीनों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

करवाचौथ पर भी अनशन पर डटी रहीं महिलाएं

आंदोलन

- न्यूनतम वेतन समेत विभिन्न मांगों को लेकर हैं आक्रोशित
- मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का किया ऐलान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: न्यूनतम वेतन, बोनस और स्थायी आदेश कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर डॉल्फिन कंपनी के श्रमिकों का क्रमिक अनशन जारी है। वहीं आंदोलित महिलाओं ने करवाचौथ के दिन भी क्रमिक अनशन जारी रखा। महिला श्रमिक नन्ही देवी, सुनीता, रचना देवी, नन्ही के साथ लाल सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे।

रविवार को गांधी पार्क में क्रमिक अनशन पर बैठे डॉल्फिन कंपनी के श्रमिकों ने कहा कि वे पिछले कई दिनों से न्यूनतम वेतन कानून, बोनस कानून और स्थायी आदेश कानून सहित अन्य बुनियादी श्रम कानूनों, स्थायी मजदूरों को अवैध रूप से ठेके में नियोजित करके उनका भविष्य बर्बाद करने, 50 स्थायी श्रमिकों की पूर्व नोटिस के बिना अवैध गेटबंदी के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी जायज मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों एडीएम ने उन्हें जिला स्तरीय कमेटी की मध्यस्थता में वार्ता कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। यह आश्वासन भी पूरा नहीं हुआ है। मजबूरन उन्हें क्रमिक अनशन के लिए बाध्य होना पड़ा है। इस अवसर पर प्रीति देवी, ममता, रचना देवी, कृष्णा देवी, आकाश, शीतल, कमलेश, नन्ही देवी, पिंकी, राजकुमारी, विमला देवी, सिमरन, सीमा, शाजमीन, लक्ष्मी समेत कई श्रमिक मौजूद रहे।

गांधी पार्क में क्रमिक अनशन पर बैठीं महिला श्रमिक। ● अमृत विचार

प्रशासन ने विवादित स्थल पर रुकवाया निर्माण कार्य

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: पुलिस प्रशासन ने पतरामपुर के अतिक्रमण विवाद स्थल के पास चल रहे एक व्यक्ति विशेष के निर्माण कार्य को रुकवा दिया। जिससे इस विवाद ने अब एक और नया मोड़ लिया है।

गांव पतरामपुर में विगत वर्ष अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जसपुर तहसील के गांव पतरामपुर में प्रशासन द्वारा खसरा नंबर 287 में बने 28 लोगों के मकान व दुकानों को खसरा नंबर 290 में स्थिति बताकर तोड़ दिया गया था। जिसे पीड़ितों ने अवैध बताया था। हाल ही में न्यायालय द्वारा शासन द्वारा पीड़ित लोगों को 287 नंबर में मकानों व दुकानों का पुनर्निर्माण करने का आदेश दिया था। जिसके आधार पर दो पीड़ितों कुलदीप सिंह व गुरमीत सिंह ने खसरा नंबर 287 में निर्माण शुरू किया था। जिसे प्रशासन ने रुकवा दिया था। जिस पर पीड़ितों व भाकियू कार्यकर्ताओं ने जबर्दस्त हंगामा किया था। इसके कुछ ही दिन बाद उन्होंने मौखिक रूप से पुलिस व प्रशासन से मांग की थी कि विवादित स्थल की पैमाइश की जाए और विवादित स्थल के पास नंबर 290 में व्यक्ति विशेष द्वारा बनाई जा रही दुकानों के निर्माण को रोका जाए। इस पर प्रशासन ने विवादित स्थल के पास खसरा नंबर 290 व्यक्ति विशेष द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया। व्यक्ति विशेष का निर्माण कार्य रुकवाने की मांग करने वाले लोगों में युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह, जगजीत सिंह, सुखदेव सिंह, गज्जन सिंह, कुलदीप सिंह, नजीर अहमद, धर्मेंद्र सिंह, दारा सिंह शामिल रहे।

विकास कार्य | करीब 68 लाख की लागत से होना है मार्ग का निर्माण, विधायक बोले-35 वर्ष बाद हो रहा है मार्ग का निर्माण

विधायक अरोरा ने किया मार्ग निर्माण कार्य का शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना से स्वीकृत नैनीताल रोड से अटरिया रोड मोड़ तक मार्ग के निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि 68 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस मार्ग के बन जाने से बड़ी संख्या में लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

रविवार को निर्माण कार्य के शुभारंभ के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि 35 साल बाद इस सड़क का निर्माण हो रहा है। इंटरलॉकिंग टाइल्स से मार्ग का निर्माण होना है, जिसकी लम्बाई एक किमी. है। इस मार्ग में कई बैंक, रेस्टोरेंट और कॉप्लेक्स हैं। इस मार्ग का बड़ी संख्या में लोग उपयोग करते हैं।

उन्होंने कहा कि रुद्रपुर की जनता विश्वास के साथ उनको चुना है और पूरी ईमानदारी के साथ लोगों की उम्मीद के अनुरूप कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके परिणाम धरातल पर नजर आने लगे हैं।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री राजेश जग्गा, पूर्व पार्षद रीना जग्गा, बंगाली सभा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साह, प्रेमचंद सिंह, नरेश उप्रेती, हरीश अरोड़ा, जगदीश तनेजा, विश्वनाथ शर्मा, राम अवतार यादव, राजेश अरोड़ा, रचित सुखीजा, अभिषेक भल्ला, महेंद्र अरोड़ा, प्रशांत कुशवाहा, संजय ग्रोवर, राजकुमार शाह, राजेश साहनी, मोहनलाल नारंग, डॉ. अभिषेक गुप्ता, मयंक कक्कड़, डंम्पी चोपड़ा, महेंद्र आर्य समेत कई लोग मौजूद रहे।

नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य शुभारंभ करते विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

फायरिंग की झूठी सूचना देना युवक को पड़ा भारी

संवाददाता, रुद्रपुर

ठोका जुर्माना

- रात पर थाने में बैठाया और सुबह 5 हजार के जुर्माने पर छोड़ा

अमृत विचार: पुलिस को डायल 112 पर नशे की हालत में फायरिंग की झूठी सूचना देना एक युवक को भारी पड़ गया। सूचना के आधार पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसका मेडिकल कराने के बाद रातभर थाने में बैठाए रखा। सुबह पूछताछ के बाद पांच हजार का नकद जुर्माना लगाकर छोड़ दिया।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि शनिवार रात डायल 112 पर फायरिंग की सूचना मिली। सूचना पर एसआई विकास रावत पुलिस कर्मियों के साथ दक्ष चौराहे पहुंचे। जहां उन्हें शशांक त्यागी नाम का युवक मिला। पूछताछ की तो पता चला कि सूचना देने वाला मूल रूप से ग्राम सतपुर एचोडा संभल उत्तर प्रदेश और हाल निवासी तीनपानी डैम आनंद विहार ट्रांजिट कैंप में रहता है। उन्होंने बताया कि उसने अत्याधिक शराब पी रखी थी और घटना के संबंध में अलग-अलग जानकारी दे रहा था। इस पर पुलिस ने उसका मेडिकल कराया और रातभर थाने में ही बैठाये रखा। रविवार सुबह पुलिस ने शशांक के साथियों से पूछताछ करने के अलावा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो सूचना झूठी मिली।

ट्रांजिट कैंप में अधेड़ का शव बरामद

रुद्रपुर : पुलिस को ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में किराये पर रह रहे एक अधेड़ का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि अभी मौत के कारणों का पुलिस को कोई पता नहीं चला पाया है। क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना दी कि कृष्णा कॉलोनी वार्ड नंबर 2 में एक व्यक्ति अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने जब आसपास के लोगों से अधेड़ के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि उसकी शिनाख्त बसंत विहार थाना इज्जत नगर जिला बरेली यूपी निवासी 50 वर्षीय गोविंद राम पुत्र हरिप्रसाद से रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में लोगों ने बताया कि गोविंद शराब का लती है। थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडे ने प्रथम दृष्टिया गोविंद की मौत अत्यधिक शराब के सेवन या जहरीली कच्ची शराब पीने से मौत होने की आशंका प्रतीत हो रही है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अश्वस्य भूषणं वेगो मत्तं स्याद् गजभूषणं।
चातुर्यम् भूषणं नार्या उद्योगो नरभूषणं॥

घोड़े की शोभा उसके वेग से होती है और हाथी की शोभा उसकी मदमस्त चाल से होती है। नारियों की शोभा उनकी विभिन्न कार्यों में दक्षता के कारण और पुरुषों की उनकी उद्योगशीलता के कारण होती है।

संपादकीय

एक वैश्विक चुनौती

आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु संकट और क्षेत्रीय संघर्ष जैसे कई वजहों से वैश्विक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य खराब हुआ है। आर्थिक अनिश्चितता भी मानसिक विकार की व्यापकता से जुड़ी हुई है। कहा जा सकता है कि मानसिक विकार न केवल व्यक्तिगत चुनौतियों के रूप में, बल्कि वैश्विक चुनौतियों के रूप में भी पहचाने जाते हैं। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को ठीक ढंग से हल न किए जाने के कारण अर्थव्यवस्था को भी काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल देश की मानव पूंजी को नुकसान होता है बल्कि प्रभावित व्यक्ति की आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य विकारों का सर्वाधिक प्रभाव युवाओं पर पड़ता है। चूंकि भारत की अधिकांश जनसंख्या युवा है इसलिए यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। डब्लयूएचओ के अनुसार, तकरीबन 7.5 प्रतिशत भारतीय किसी-न-किसी रूप में मानसिक विकार से ग्रस्त हैं। इससे सकल घरेलू उत्पाद में हानि हो सकती है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियां कम नहीं हैं। मेंटल स्टेट ऑफ इंडिया -2024 रिपोर्ट के मुताबिक देश में वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2023 में लोगों का मानसिक स्वास्थ्य अधिक प्रभावित हुआ है यानी इस दौरान मानसिक विकार की समस्या बढ़ी है। देश में मानसिक स्वास्थ्य पर कुल सरकारी स्वास्थ्य व्यय का सिर्फ़ 1.3 प्रतिशत खर्च होता है। हर दस लाख आबादी पर सिर्फ तीन मनोचिकित्सक हैं, जबकि कॉमनवेल्थ देशों के मुताबिक हर एक लाख आबादी पर कम से कम 5-6 मनोचिकित्सक होने चाहिएं। साथ ही मानसिक बीमारी वाले लोगों के मानवाधिकारों के संरक्षण से जुड़े कानून में कई कमियां हैं। हालांकि सरकार ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से समय-समय पर समुचित कदम उठाए हैं। जैसे कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2017 और मेंटल हेल्थकेयर एक्ट 2017 को लाया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से सितंबर 2020 में किरण हेल्पलाइन की शुरुआत की गई थी। इसके जरिए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को परामर्श दिया जाता है।

गौरतलब है कि डब्ल्यूएचओ अपनी स्वास्थ्य की परिभाषा में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी शामिल करता है। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक स्वास्थ्य प्राथमिकताओं में शामिल किया जाना चाहिए। भारत में इसकी चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य और केंद्र के मध्य उचित समन्वय की आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य का समाधान करके ही हम देश में समावेशी विकास की उम्मीद कर सकते हैं।

मनुष्य मूलतः मांसाहारी है या शाकाहारी

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

एक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में हर साल वैध-अवैध तरीके से बीस करोड़ जानवरों की हत्या की जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार हरेक वर्ष 9 .12 लाख भैंसें बूचड़खानों में कत्ल कर दी जाती हैं। एक किलो मांस के लिए जितने संसाधनों का उपयोग पशुपालन में किया जाता है।

वर्ष 2024 के साहित्य का नोबेल पुरस्कार हान कांग द्वारा लिखा गया उपन्यास 'द वेजिटेरियन' को मिला है, जो शाकाहार-मांसाहार पर आधारित है। इसने काफी दिनों से चल रहे शाकाहारी -मांसाहारी विवाद को हवा दे दी है। हालांकि उपन्यास में कोरियाई संस्कृति और समाज में मांसाहारी संस्कृति, स्त्री-द्वेष और वर्जित विषय-वस्तु पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

उपन्यास में नायिका को पशुओं की हत्या के दुःस्वप्न आते हैं और इससे उद्वेलित होकर वह मांसाहार त्यागने का निर्णय ले लेती है। चूंकि कोरियाई समाज मूलतः मांसाहारी है इसलिए इसे उनके परिवार और समाज में आश्चर्य की दृष्टि से देखा जाता है और उन्हें इसके लिए अजीब या विक्षिप्त तक समझ लिया जाता है। इतना ही नहीं उस पर मांस खाने का दबाव बनाया जाता है। वह इसका कड़ा विरोध करती हैं। नायिका के इस निर्णय को सामाजिक-पारिवारिक अवज्ञा और पत्नी पर पति की सत्ता-शक्ति को नकारने के रूप में देखा जाता है। स्पष्ट है कि एक मांसाहारी समाज में शाकाहारी होने की सोच को गलत माना जाता है, परंतु यहां यह पक्ष विचारणीय है कि मनुष्य मूलतः है क्या एक मांसाहारी जीव या एक शाकाहारी जीव? सबके अपने-अपने तर्क और विचार हैं। वस्तुत : मनुष्यों में शिकार करके मांस खाने का प्रचलन लगभग 70 हजार ईसा पूर्व से ही है।

प्राचीन भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही गोमांस और जंगली सूअर का व्यापक रूप से सेवन किया जाता था। वैदिक युग में भी पशुओं और गाय की बलि देना सामान्य बात थी। यहां तक कि दक्षिण भारतीय ब्राह्मणों को कम से कम 16 वीं शताब्दी तक मांसाहार करते हुए पाया गया है जबकि उत्तर भारत के ब्राह्मणों और दूसरे सवर्णों ने 19 वीं शताब्दी के आखिरी वर्षों में मांसाहार का त्याग करना शुरू किया है। वर्तमान स्थिति यह है कि हाल के एक सर्वे के अनुसार 19 प्रतिशत भारतीयों ने खुद को शाकाहारी बताया था,जबकि 81 प्रतिशत भारतीयों ने मांसाहारी होना बताया है, जिसमें वो लोग भी शामिल हैं, जो कुछ खास पशु-पक्षियों का मांस नहीं खाते हैं या सप्ताह में किसी खास दिन मांस नहीं खाते हैं। लगभग 80 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में मांस का भक्षण करते हैं, परंतु इसमें

प्राचीन भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही गोमांस और जंगली सूअर का व्यापक रूप से सेवन किया जाता था। वैदिक युग में भी पशुओं और गाय की बलि देना सामान्य बात थी। यहां तक कि दक्षिण भारतीय ब्राह्मणों को कम से कम 16 वीं शताब्दी तक मांसाहार करते हुए पाया गया है ।

क्षेत्रीय तौर पर, सामाजिक-जातीय और धार्मिक तौर पर काफी अंतर है। लक्षद्वीप में लगभग शत प्रतिशत जनसंख्या मांसाहारी है। मुस्लिम बाहुल्य वाले इस संघ शासित प्रदेश में प्रतिदिन के खाने में चावल के साथ मांस-मछली की कोई न कोई किस्म होती ही है। द्वीपीय प्रदेशों में मांसाहारी खाने वालों की संख्या ज्यादा होती है। देश के 16 राज्यों में लगभग 90 प्रतिशत लोग मांसाहार का सेवन करते हैं। विभिन्न सर्वे में लैंगिक तौर पर भी फर्क दिखता है। लगभग 83 प्रतिशत पुरुष मांसाहारी हैं, जबकि उनकी तुलना में लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं ही नॉन वेजिटेरियन खाना पसंद करती हैं।

एक आंकड़ा और दिलचस्प है कि भारत के 20 प्रतिशत शाकाहारियों में से एक प्रतिशत के पास भारत की 80 प्रतिशत संपत्ति है। हालांकि इसका शाकाहारी होने से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि ये संपत्तियां उन बड़े औद्योगिक परिवारों के पास है, जो गुजरात, मारवाड़ी हैं और मूलतः शाकाहारी हैं। चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद मांसाहार को विपत्तियों का घर कहती है और शाकाहार को प्रोत्साहित करती है। भारत में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को भी एक बहुत बड़ा वर्ग मानता और अपनाता है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि मांस एक तामसिक भोजन है, जिसे ग्रहण करने से मनुष्य की बुद्धि न केवल क्षीण हो जाती है, बल्कि वो अपनी इन्द्रियों पर से भी नियंत्रण खो देता है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि मनुष्य में मांसाहारी जानवरों के समान न चीरने -फाड़ने वाले दांत हैं और न ही उसको पचाने वाले आंत हैं। शाकाहार की अवधारणा के पीछे "जियो और जीने दो" और "अहिंसा परमो धर्म" जैसे सिद्धांत हैं, जो भारत के मूल में रचा-बसा है। वस्तुतः शाकाहार का समर्थन मानवीय संवेदनशीलता और पशु अधिकारों पर ध्यान केंद्रित कर किया गया है। सभी जीवों को जीने का अधिकार है और किसी जीव को सिर्फ स्वाद या भोजन के लिए मारना, उसकी स्वतंत्रता छीनना है। प्रकृति ने यदि मनुष्य को ताकतवर बनाया है, वह कमजोर जीवों को खाने के लिए नहीं है। शाकाहारी आहार से रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल कम होना और हृदय रोग, मधुमेह और कुछ तरह के कैंसर की दर कम होना आदि लाभ होते हैं, जबकि मांसाहारियों का तर्क है कि मांस खाने से पोषण मिलता है। पौधे आधारित विकल्पों में मांस के समान पोषक तत्व नहीं होते। दुनिया के कुछ हिस्सों में भौगोलिक कारणों से सिर्फ पौधे आधारित आहार नहीं अपनाया जा सकता। वैज्ञानिक टॉम रेगन और पीटर सिंगर के अनुसार जानवरों की पीड़ा और मृत्यु नुकसानदेह मनुष्यों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है।

एक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में हर साल वैध-अवैध तरीके से बीस करोड़ जानवरों की हत्या की जाती है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार हरेक वर्ष 9.12 लाख भैंसें बूचड़खानों में कत्ल कर दी जाती हैं। एक किलो मांस के लिए जितने संसाधनों का उपयोग पशुपालन में किया जाता है, उतने में पांच किलो अनाज पैदा हो सकता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि शाकाहारी आहार अधिक पौष्टिक होते हैं, चूंकि शाकाहार में पौधे आधारित भोजन जैसे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, फलियां, नट और बीज युक्त चीजें शामिल होती हैं, जो शरीर के स्वस्थ विकास और रोग के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। शाकाहारी आहार में भरपूर मात्रा में फाइबर, प्लांट प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं। वस्तुतः शाकाहार एक संपूर्ण आहार है, जिसमें प्रोटीन, खनिज, वसा, और मिनरल्स जैसे तत्व पाए जाते हैं। कहा जाता है कि एक किलोग्राम मांस का उत्पादन करने के लिए पशु को खिलाने के लिए 25 किलोग्राम अनाज की आवश्यकता होती है और लगभग 15 हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है। यदि सारा अनाज जानवरों के बजाय इंसानों को खिलाया जाए, तो हम 3.5 अरब अतिरिक्त लोगों को खाना खिला सकते हैं। राष्ट्रीय सैंपल सर्वे ऑफिस' के 2011-12 के आंकड़ों के अनुसार उस समय भारत में लगभग आठ करोड़ लोग, यानी औसतन हर 13 में से एक भारतीय, गोमांस या भैंस का मांस खा रहा था। अप्रैल 2018 के एक अध्ययन के अनुसार केवल 20 प्रतिशत भारतीय अब शाकाहारी हैं। वर्ल्ड एटलस के अनुसार भारत में शाकाहारियों का प्रतिशत सर्वाधिक है। भारत में मांस की खपत दर भी दुनिया में सबसे कम है। पशु प्रोटीन की वैश्विक मांग तेजी से बढ़ रही है। मांस और मछली उत्पादन में तेज वृद्धि से यह मांग पूरी हो गई है। इस मांग को पूरा करने के लिए एफएओ 2021 के आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन 9 लाख गाय, 14 लाख बकरियां, 17 लाख भेड़, 38 लाख सुअर, 120 लाख बत्तख और 20 करोड़ मुर्गियां मानवीय उपभोग के लिए मार दी जाती हैं। एक अनुमान के अनुसार, प्रतिदिन औसतन 21 करोड़ मछलियां मारी जाती हैं। प्रतिवर्ष लगभग 100 बिलियन जानवरों को मारा जाता है। वस्तुतः जिस स्तर पर मांस की खेती की जाती है, वह पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है।

एक अनुमान के अनुसार अगले 15 वर्षों में यदि मांसाहार को पूर्णरूपेण समाप्त कर दिया जाए तो सभी मीथेन उत्सर्जन में एक तिहाई और सभी नाइट्रस ऑक्साइड उत्सर्जन में दो तिहाई की कमी आ जाएगी। दुनिया की लगभग 45 प्रतिशत रहने योग्य भूमि का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है। इसमें से केवल एक तिहाई पर ही फसलें उगाई जाती हैं, बाकी का अधिकांश भाग चरागाह भूमि है। पशुधन पालन में विशेष रूप से मुर्गी पालन में एंटीबायोटिक दवाओं का अत्यधिक उपयोग होता है। ये प्रतिरोधी बैक्टीरिया भोजन के माध्यम से पशुओं से मनुष्यों में पहुंचते हैं, जो इंसानी शरीर पर बुरा असर छोड़ रहे हैं। शाकाहार समर्थकों के अनुसार मांसाहार एक जीवनशैली नहीं, बल्कि एक नैतिक अपराध है। इस कारण से काफी संख्या में मांसाहारियों द्वारा शाकाहारियों के प्रति द्वेष और घृणा प्रकट की जाती है जिसे वेजीफोबिया कहा जाता है। वह उनमें पशु हत्या का एक गिल्ट भाव जगाते हैं। यह भी एक प्रमाणित तथ्य है कि दुनिया के ज्यादातर मांसाहारी मांस खाते तो हैं, लेकिन जिंदा पशु को मरता हुआ नहीं देख सकते।

प्रसंगवश

तांत्रिक बाबा और मधुबाला की रूह

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

अभी कुछ दिनों पहले एक तांत्रिक बाबा को फोन लगाया। एक उम्रदराज व्यवसायी के तौर पर परिचय देने के बाद उधर से आवाज आई, "इस उम्र में क्या चाहिए सेठ जी मनचाहा प्यार कि शादी?" मेरे प्यार कहने पर सवाल आया - "कौन है वह और कहां की है ?" मैंने थोड़ा सकुचाते हुए जवाब दिया -"औरत नहीं है बाबा, एक रूह है।" आवाज आई-"मजाक तो नहीं कर रहे हो मेरे साथ?" मैंने कहा-"गंभीर हूं, बाबा"। किशोर उम्र में मधुबाला की फिल्में देखकर उन्हें दिल दे बैठा था। रात-रात भर उनके सपने देखता था। दिलीप कुमार से प्यार और किशोर दा से शादी कर वे बर्बाद हुईं तो मुझे बड़ा दुख पहुंचा। उनकी मौत पर बहुत रोया था। आज भी मैं उन्हें नहीं भूला। आप बस उनकी रूह से मेरा संपर्क करवा दें। इसमें जो खर्च आएगा, मैं देने को तैयार हूं।" बाबा कुछ देर चुप रहने के बाद बोले-"यह मजाक वाली बात नहीं है तो सुनो। रूह को तुम्हारे वश में कर देना कठिन साधना की मांग करता है। इसमें खर्च आएगा। तुम गंभीर हो, यह साबित करने के लिए पच्चीस हजार का एडवांस अभी मेरे खाते में ट्रांसफर कर सकते हो?" मैंने कहा - "जरूर, लेकिन उसके बाद?" उन्होंने कहा - "मैं कुछ दिनों की श्मशान साधना करने के बाद एक सिद्ध ताबीज तुम्हें भेजूंगा। आधी रात को उसे हाथ में लेकर मधुबाला को याद करोगे तो उसकी रूह तुम्हारे सामने होगी। तुम जितनी देर भी चाहो, उससे अपने दिल की बातें कर सकोगे। काम हो जाने के बाद मेरे बकाया के पच्चीस हजार चुका देना।" मैंने कहा-"बाबा, वे इस कदर सुंदर थी तो उनकी रूह भी तो उतनी ही सुंदर होगी न।" उनके हां कहने पर मैंने कहा-" मेरे लिए साधना करते-करते कहीं आप खुद उन्हें दिल दे बैठे और उन पर कब्जा कर लें तो मेरा क्या होगा? मैं तो अकेला ही रह जाऊंगा न?" मेरा यह कहना था कि बाबा सिरे से उखड़ गए। अज्ञात भाषा में कुछ अंट-संट बोलकर फोन काट दिया। थोड़ी देर बाद मैंने भी फोन लगाकर बाबा को कहा कि आपका नंबर पुलिस वालों को दे दिया है। मुझे मेरी मधुबाला से आपने नहीं मिलाया, अब आप पुलिस वालों से मिलने को तैयार रहें। कई दिनों से बाबा का नंबर बंद है। डायल करने पर मधुबाला जैसी ही आवाज में एक संदेश लगातार आ रहा है- "दिस नंबर डज नॉट एक्जिस्ट"।

गलत बात पर अड़ना ताकत या कमजोरी

डॉ .राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

सत्य को साबित करने के लिए आपको हिंसा का सहारा लेने की कतई जरूरत नहीं होती है। सत्य को बताने के लिए हमें क्रोध करने की आवश्यकता नहीं होती है।

केमिस्ट्री या फिजिक्स की कोई किताब ले लीजिए अथवा किसी भी वैज्ञानिक की कोई किताब लेकर चौराहे पर चले जाइए और उसके पन्ने फाड़ना शुरू कीजिए, उसके चिथड़े कर डालिए, उसको रौंद दीजिए। इतने में भी मन न भरे तो उसके पन्ने जला दीजिए। इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालिए। अगले दिन आपको न तो किसी वैज्ञानिक से धमकी मिलेगी, न ही कोई आपके खिलाफ रैली निकालेगा, न ही आपके खिलाफ किसी वैज्ञानिक संगठन द्वारा एफआईआर होगी और न कोई आपका हाथ या गला काटेगा।

फिर क्या कारण है कि किसी धर्म-ग्रंथ का या धार्मिक प्रतीकों का तथाकथित अथवा वास्तविक अपमान करने पर हम पर मुकदमा भी हो सकता है, हमारा हाथ भी काटा जा सकता है, हमारा गला भी काटा जा सकता है और शहर में दंगे भी हो सकते हैं? क्या वैज्ञानिक आस्था को चोट पहुंचाना क्षम्य होता है, लेकिन धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाना नहीं? सदैव धार्मिक भावना का सम्मान करने की बात ही क्यों होती है? वैज्ञानिक भावना का सम्मान करने की क्यों नहीं? ऐसा क्यों होता है कि वैज्ञानिक तो सहिष्णु होते हैं, लेकिन अक्सर 'धर्म' के ठेकेदार नहीं? और क्या अनेक बार सत्य बात कहना किसी धार्मिक आस्था और किसी धार्मिक ग्रंथ का अपमान करना ही माना जाता है?

क्यों यह स्पष्ट नहीं किया जाता है कि इस संसार में व्याप्त अनेक प्रकार की धार्मिक आस्थाओं में से कौन सी सत्य है और क्यों? क्या इसलिए कि ये केवल आस्थाएं होती हैं- प्रमाणित तथ्य नहीं और इन्हें सही सिद्ध करने का कोई तरीका नहीं होता है? जो सिद्ध होते हैं, वह तथ्य होते हैं - आस्था नहीं। क्या किसी मान्यता का स्वयं को 'ईश्वरीय' घोषित कर देना एक सही तरीका हो सकता है? क्या अपने ग्रंथों में लिखी बातों को 'ब्रह्म वाक्य' घोषित कर देना एक सही तरीका हो सकता है? क्या 'बाबा वाक्य प्रमाणम्' और 'व्यक्ति-पूजा' एक सही तरीका हो सकता है? क्या लगभग सभी धार्मिक, पांथिक और सांप्रदायिक मत ऐसा ही नहीं करते हैं? क्या 'सत्य' किसी के पन्ने फाड़ने या जलाने से मिट जाता है? क्या सत्य को कभी लीपापोती की जरूरत पड़ती है? विज्ञान कभी खतरे में क्यों नहीं आता है- धर्म ही क्यों खतरे में आ जाता है?

विज्ञान में तो किसी सिद्धांत से सहमत न होने पर उसका विरोध निश्चिंत होकर किया जा सकता है, लेकिन धर्म, मजहब अथवा रिलीजन में नहीं। दोनों में यह अंतर क्यों है? क्या हमें एक वैज्ञानिक सोच का भी उतना ही सम्मान करने की आवश्यकता नहीं है जितनी आवश्यकता एक धार्मिक सोच का सम्मान करने की है? और जहां दोनों सोचों में अंतर आ रहा है, क्या वहां अपनी बुद्धि और अपने विवेक का प्रयोग करने की आवश्यकता नहीं है कि दोनों में से कौन सी सोच सही है? क्या नैतिक, सामाजिक और मानवीय मूल्यों और गुणों का पालन करना ही वास्तविक धर्म नहीं होता है या नहीं होना चाहिए? क्यों इन गुणों को ही वास्तविक धर्म मानने वालों का उन्हें 'नास्तिक' कहकर अपमान किया जाता है? क्यों कुछ विशेष मान्यताओं को, कुछ अतार्किक बातों को, न मानने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाता है? क्या ऐसा करने वाले स्वयं संकुचित दृष्टि और बंद मन के स्वामी नहीं होते हैं?

सत्य को साबित करने के लिए आपको हिंसा का सहारा लेने की कतई जरूरत नहीं होती है। सत्य को बताने के लिए हमें क्रोध करने की आवश्यकता नहीं होती है। सत्य की रक्षा के लिए हमें किसी को अपशब्द कहने की आवश्यकता भी नहीं होती है। सत्य कभी संगठन बनाकर हिंसा के सहारे किसी पर थोपा नहीं जाता है। हमारी बात का वजन हमारे तर्कों और हमारी सत्यता से बढ़ता है। दूसरों के प्रति हमारे अपशब्दों और दूसरों को नीचा दिखाने से नहीं। सत्य कुछ समय के लिए दबा अथवा छिपा रह सकता है, लेकिन अंततः वह सामने आता है और लोगों को 'अपील' करता है।

दूसरे को सुनना, समझना और सही एवं तार्किक बात को स्वीकार करना और अपनी गलत एवं अतार्किक बात को अस्वीकार करना किसी भी मत की, पंथ की, संप्रदाय की, व्यक्ति की और किसी भी सत्य की, ताकत होनी चाहिए, कमजोरी नहीं। अपनी गलत बात पर अड़ना हमारी ताकत नहीं होती है वरन हमारी कमजोरी होती है। दूसरे को समझने में सहिष्णु होना भी सत्य की ताकत मानी जानी चाहिए- कमजोरी नहीं, किंतु क्या अधिकांश धार्मिक और पांथिक मत ऐसा करते हैं? क्या वे सदैव स्वयं को ही सत्य और स्वयं से भिन्न अन्य को गलत नहीं समझते हैं? क्या इस निर्णय में वे तार्किक होते हैं, क्या वे तथ्यों को देखते हैं? हमें 'वास्तविक सत्य' की ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। वह सत्य जो तार्किक हो, जो तथ्यों द्वारा पोषित और प्रमाणित हो। हमारे मनीषियों ने कहा है- "असतो मा सद् गमय/तमसो मा ज्योतिर्गमय/ मृत्योर्मा अमृतं गमय।" क्या हम आगे बढ़ने की इस मूल भावना को आत्मसात कर पाए हैं?

सोशल फोरम

हिंसा विचारशक्ति का अंत


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

21 वीं सदी में प्रत्यक्ष उपनिवेश नहीं हैं। सभी देश स्वतंत्र हैं, जहां विभिन्न धर्मों, नस्लों और जातियों की मिश्रित आबादी वाले आधुनिक नगर हैं। नगरों में अनोखी रोशनी वाले ऊंचे भवन हैं, पर उनकी नींव में सांस्कृतिक अंधेरा है। लोगों के मन में बासी घाव हैं, सीवन हैं।

आर्थिक उदारीकरण आया तो सारी मानवीय आशाओं को तोड़ते हुए सामाजिक अनुदारता और हिंसा का एक नया युग भी आ गया। आज बाजार में बहुत से रंग हैं, चहल-पहल है, पर समाज विभाजन से भरा है। एक प्रसिद्ध पश्चिमी पत्रकार टॉम बर्गिस की हाल में एक पुस्तक आई है, 'कुक्कूलैंड : ह्वेयर द रिच ऑन द ट्रुथ'। इसमें कहा गया है, 'हम जिस चीज के साक्षी हैं, वह है यथार्थ का निजीकरण।' इन दिनों जिसे सच या झूठ कहा जा रहा है उसका कोई सैद्धांतिक आधार नहीं है। उसका यथार्थ से कोई संबंध नहीं है, वह अमीरों द्वारा निर्मित सच है। यह भी कहा जाना चाहिए कि बाजार में 'यथार्थ का निजीकरण' हो रहा हो तो समाज में 'यथार्थ के समुदायीकरण' पर जोर है। दोनों जगहों की सामान्य घटना है 'यथार्थ का विकृतिकरण', जो मनुष्य की विचारशक्ति को बड़े स्तर पर प्रभावित कर रहा है। जाहिर है,'निर्मित यथार्थ' पर आधारित हिंसा भी 'निर्मित हिंसा' होगी। इन दिनों हर देश में हिंसात्मक संघर्ष बढ़ रहे हैं। रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन के बीच युद्ध चल रहा है।

देश के भीतर की सरहदों पर बढ़े संघर्षों ने संपूर्ण मानव जीवन को सामाजिक अशांति से भर दिया है। निर्मित 'अदर' (अन्य माने जाने वाले लोग) नृशंसतापूर्वक मारे जा रहे हैं, उन्हें सत्ता केंद्रों द्वारा डराकर रखा जा रहा है। स्त्रियों के प्रति यौन हिंसा में वृद्धि हुई है। इसका एक नतीजा है, लड़कियों की स्वतंत्रता में पहले से कमी आ गई है, डर बढ़ा है। कई देशों में देखा जा सकता है कि जनता का प्रतिवाद इधर हिंसक और भीड़-न्याय वाला होता जा रहा है,श्रीलंका और बांग्लादेश के उदाहरण हैं। पश्चिमी देश भी अशांत हैं, यहां बहुत कुछ अभूतपूर्व घट रहा है। वैश्वीकरण के युग में एक बड़ी आबादी विषमता, विस्थापन और वंचना की ज्यादा शिकार हो रही है। नई किस्म के हिंसक संघर्ष और आक्रामक प्रोपेगेंडा उतने अधिक बढ़ रहे हैं। **-फेसबुक वॉल से**

पुलिस स्वयं अपराधी न बने

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जब मुकदमा सजा के स्तर पर आता है तब तक ये पुलिस अधिकारी बूढ़े और रिटायर्ड हो चुके होते हैं। कोई आगे पीछे नहीं होता।

पूर्व डीजीपी ने चेताया कि एनकाउंटर में फंसे तो बाल बच्चे तक रोएंगे, नैतिकता का तकाजा है कि पुलिस स्वयं अपराधी न बने। उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने कहा है कि प्रमोशन और पैसे के लिए एनकाउंटर कर रहे हैं। मैं पहले भी पुलिसकर्मियों को फर्जी मुठभेड़ों पर आगाह कर चुका हूं।

गाजीपुर के एक मामले में घटना के 22 वर्ष बाद पुलिसकर्मियों को सजा सुनाई गई थी। मैंने और पहले कहा था कि किस तरह जनपद सीतापुर की एक मुठभेड़ के मामले में घटना के 25 वर्ष बाद पुलिसकर्मियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और एक-एक करके कई पुलिस अधिकारी केन्द्रीय कारागार बरेली में मरते रहे, लेकिन अदालतों से उनकी जमानत नहीं हुई। लगभग ढाई सौ पुलिस अधिकारी जेलों में सड़ रहे हैं। इन्हें कोई मदद करने वाला या बचाने वाला नहीं होता है। पीलीभीत जनपद में खूंखार आतंकवादियों को मुठभेड़ में मारने वाले 45 पुलिस अधिकारियों को उम्रकैद की सजा हुई। उस समय भी भाजपा सरकार थी। वर्तमान सरकार ने बार-बार गुहार लगाने के बाद भी इन बूढ़े और रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों की सजा माफ नहीं की। हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं हुई, जो सरकारें और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, अपने अधीनस्थों पर नाजायज दबाव डालकर फर्जी मुठभेड़ करवाते हैं, वे फंसने पर कोई मदद नहीं करते। जब मुकदमा सजा के स्तर पर आता है तब तक ये पुलिस अधिकारी बूढ़े और रिटायर्ड हो चुके होते हैं। कोई आगे पीछे नहीं होता। इन्हें उनकी किस्मत के भरोसे छोड़ दिया जाता है।

परिवार और विश्वमानवता

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

करवा चौथ का जो चित्र बनता है उसके मोटिफ़ (अभिप्राय) को देखिये - चंदा की पूजा ,सातसुहागिल ,सप्तमातृका ,मिट्टी की गौर , स्वस्तिक और पूजा का सरलविधान अर्घ्य । तपश्चर्या का सूत्र निराहार रहना ।और भी अभिप्राय हैं , जो देशज हैं क्योंकि अलग जगहों पर करवा माता के चित्र अलग बनते हैं । माता का तत्व भी समझने की बात है । चौथमैया ! अटल अखंड सौभाग्य की कामना -तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु"। ध्यान में रखना होगा कि मनुष्य केवल शरीर ही नहीं है , मन भी है । मन है तो भाव हैं । भाव की अनुपस्थिति ही अभाव है। भाव ही नहीं है तो अरबपति होने पर भी दरिद्र ही है ।

दांपत्य संबंध -जनम-जनम का साथ! कितना तेजस्वी संबंध है ? सावित्री के तेज के सामने बेचारे यमराज का विधान शिथिल हो जाता है और सत्यवान पुनर्जीवित हो जाता है! बहिन का वह संबंध कितना मांगलिक है! बहिन का तिलक मंगलभाव का सर्वश्रेष्ठ प्रतीक है! भाई और भाभी के प्रेमसंबंध की गांठ बांधने की उससे बडी अधिकारी और कौनसी सत्ता हो सकती है ? हरदौल की गाथा देवर के पवित्र-संबंध की अमरगाथा है! भाई , मिलहि न जगत सहोदर भ्राता ! श्रवण की गाथा मातापिता की सेवा की अमृतकथा है । भारत के लोक और शास्त्र : दोनों में परिवार के संबंधों को लेकर शत-सहस्र गाथाएं हैं। जो शताब्दियों से इन संबंधों में अमृतभाव का संचार करती रही हैं । - बहू रिमझिम महलां से ऊतरी कर सोलह सिंगार ,आज म्हारी आमली झलिया जी।/ म्हारी सासूजी पूछे ए बहू थारा गहना का अरथ विचार/ सासूजी गहना गहना के करौ म्हारौ गहना से परवार/ सासूजी गहना गहना के करौ/ म्हारौ सुसरा गढ़ारा राजवी ,सासूजी म्हारा अरथ-भंडार/ सासूजी गहना गहना के करौ/ म्हारा जेठ बाजूबन्द बांकड़ा जीठानी म्हारी बाजूबन्द री लूम/ म्हारा देवर चुड़ला दाँत कौ ,दोरानी म्हारी चुड़ला री टीप/ म्हारी ननद कसूमल कांचली नणदोई गजमोतियारौ हार/ आज म्हारी आमली फलियो जी/ म्हे तो वाराजी बहूजी थारी जीभ नें। लड़ायौ म्हारौ सो परवार/ म्हें तो वारी सासूजी थारी कोखणें ,थे तो जाया अरजुन वीर! आज म्हारी आमली फलियो जी।

मालवी नारी के सम्मिलित परिवार के ऐसे चित्र आज के टूटते-बिखरते परिवार के लिए आदर्श बन सकते हैं। इस गीत की प्रत्येक पंक्ति ही नहीं, प्रत्येक शब्द भावों से परिपूर्ण है। सास बहू से उसके तन पर शोभित आभूषणों का उद्देश्य पूछती है, उत्तर में बहू कहती है- हे सासूजी ! शरीर पर जो आभूषण सुशोभित है वे तो भौतिक सम्पदा है, मेरी आत्मिक सम्पदा मेरे आभूषण, तो मेरा सम्मिलित परिवार और परिजन हैं। यदि परिवार के संबंधों में आपने भारत को नहीं पाया तो क्या समाज और क्या राष्ट्र ? क्या विश्व , क्या मानवता ?

परिवारों के परिवार का ही नाम समाज है और कुटुंबों के कुटुंब का नाम राष्ट्र! यदि परिवार में ही आपने मानवता और समाज को नहीं पहचाना तो उन किताबी रटंन्त का अर्थ भाप के इंजन के भप-भप से अधिक नहीं है। वसुधैव कुटुंबकम् और विश्व मानवता की बात केवल और केवल ढोंग तथा पाखंड है। ध्यान से पढ़ना -परिवार संस्था जीवित है तो इसका रहस्य नारी के भाव में है। यह भारतीय नारी की गौरव गाथा हैं !

करवाचौथ अथवा अन्य कोई भी पर्व वैज्ञानिक-अनुसंधान में आज तक बाधक नहीं बना और आगे भी बाधक बनने की तिल भर भी आशंका नहीं है। मेरे साथ भौतिकी की प्रोफेसर थीं ,हम से आपसे अधिक जानती थी ,किन्तु करवाचौथ का व्रत बड़ी निष्ठा से करती थीं। आपको अपने ही रूढिवाद और अंधविश्वास को परिभाषित करना होगा और विश्वास और अंधविश्वास के बीच अन्तर स्पष्ट करना होगा। समस्त ज्ञान- विज्ञान का केन्द्र ,उदगम और प्रयोजन लोकजीवन ही है। प्रमाण भी लोकजीवन ही है ! उस निश्छल प्यार को किसके प्रमाण पत्र की जरूरत है ?

बढ़ रहा हृदय रोग उपचार का व्यय

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल में प्राप्त जानकारी के अनुसार देश में हृदय रोगों के बीमा दावों में वृद्धि देखी जा रही है, जो बढ़ती वित्तीय चिंताओं के साथ-साथ बढ़ते स्वास्थ्य संकट को दर्शाती है।

बीमा एग्रीगेटर पॉलिसीबाजर डॉट काम के अनुसार हृदय संबंधी दावे 2019-20 में 9.12 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 18.20 प्रतिशत हो गए, जो हृदय संबंधी समस्याओं के बढ़ते प्रचलन को दिखाता है। हृदय संबंधी दावे की औसत लागत 2019-20 में 4.5 लाख रुपए से बढ़कर 203-24 में 12.25 लाख रुपए हो गई हैं। जरूरी है कि हृदय को ठीक रखने के लिए शारीरिक रूप से एक्टिव रहा जाए। इसके लिए सप्ताह में 5 दिन 30 मिनट्स तक कार्डियो एक्सरसाइज की जाए साइक्लिंग, स्विमिंग, जंपिंग और बहुत कुछ किया जा सकता है। कुछ नहीं तो रोज वाकिंग कर सकते हैं। संतुलित आहार लें। इसमें साबुत अनाज, फल, सब्जियां, कम वसा वाले डेयरी उत्पाद, नट्स और फलियां शामिल हों। नमक और चीनी का सेवन कम करें। खराब जीवनशैली से बचना, गतिहीन जीवन अधिक मोटापा और तनाव भी हृदय रोग को बढ़ाते हैं।

व्यायाम डॉक्टर की सलाह के बाद ही शुरू करना चाहिए। डायबिटीज और हृदय संबंधी रोग लाइफ स्टाइल रोग कहलाते हैं। अतः जीवनशैली परिवर्तित करके इन रोगों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

दिल से संबंधित बीमारियों का प्रचलन तो तेजी से बढ़ ही रहा है, इनका इलाज भी बहुत महंगा है, जो बिना इंश्योरेंस के संभव नहीं हो पाता। लिहाजा एक उम्र के बाद कुछ न कुछ हेल्थ इंश्योरेंस भी जरूरी हो गया है, अगर परिवार में किसी को इस बीमारी का पता चलता है तो सबसे पहले हेल्थ पॉलिसी का होना आवश्यक है, क्योंकि प्राइवेट अस्पतालों में इलाज महंगे होते जा रहे हैं। ध्यान रहे हार्ट का हेल्दी होना जरूरी है।

सार-संक्षेप

शहीद के वृद्ध पिता ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

खटीमा : एक सितंबर 1994 को पृथक राज्य आंदोलन में अपनी शहादत देने वाले शहीद परमजीत के माता-पिता अब राज्य बनने के बाद स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। बीते दिनों उपजिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में शहीद के पिता वृद्धि नानक सिंह ने 6 व 7 नवम्बर को आमरण अनशन की चेतावनी दी है। शहीद के माता-पिता का कहना है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा पहुंचने पर शासन-प्रशासन शीघ्र ही बेटे को नौकरी देने की बात करता है। सीएम साहब के लौटते ही आश्वासनानुसार कार्यवाही नहीं होती है। शहीद परमजीत के पिता नानक सिंह व माता शरण कौर ने सवाल किया है कि क्या उनका बेटा परमजीत शहीद नहीं है। जबकि प्रत्येक शहीद के एक आश्रित को नौकरी एवं पेंशन दी जा रही है। लेकिन उन्हें राज्य गठन के बाद लगातार ही टहलाया जा रहा है। एसडीम रविन्द्र सिंह बिष्ट के माध्यम से शासन-प्रशासन को भेजे गए ज्ञापन में उनके आश्रित पुत्र को नौकरी दिलाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर शहीद परमजीत के वृद्ध माता-पिता ने आमरण अनशन की चेतावनी दी है।

किच्छा के व्यापारी मनीष चोपड़ा को मनोनयन पत्र सौंपते वरिष्ठ पदाधिकारी।

मनीष बने अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के किच्छा प्रभारी

किच्छा : अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने नगर के वरिष्ठ व्यापारी मनीष चोपड़ा को व्यापार मंडल का किच्छा प्रभारी बनाने की घोषणा की है। जिला मीडिया प्रभारी लव बख्शी की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने मनीष चोपड़ा को मनोनयन पत्र सौंपते हुए संगठन हित में कार्य करने की आशा जताई। मनीष चोपड़ा ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। मनीष चोपड़ा के मनोनयन पर प्रदेश प्रवक्ता अनुज कांत अग्रवाल, प्रदेश संरक्षक जीवन सिंह कार्की, सचिव अमित चौहान, जिलाध्यक्ष डिंपल पांडे, जिला महामंत्री मनोज जोशी, देवेंद्र बांगा, विनोद पाठक, जाकिर हुसैन, ज्योति अवस्थी, मोनिका शर्मा, अंजलि तगाड़ी, कल्पना रावत ने बधाई दी है।

बाजपुर में छात्र हिमांशु बिष्ट को सम्मानित करते अतिथि।

विज्ञान महोत्सव में हिमांशु और दीपक रहे प्रथम व द्वितीय

बाजपुर : राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद देहरादून के दिशा-निर्देश पर स्व. गिरिजेश गंगवार राजकीय इंटर कालेज बरा में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व इंडिया इंटर कालेज रोशनपुर के हिमांशु बिष्ट व दीपक ने प्रतिभाग कर क्रमश: प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिमांशु ने अपने माडल के अंतर्गत आपदा संबंधित बचाव के लिए एक अलर्ट सूचक प्रणाली तथा दीपक ने मानव संसाधन विषय के अंतर्गत आग के प्रयोग से बिजली बनाने की प्रणाली का मॉडल तैयार किया, जो कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि कुंवर सिंह रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी, ऊधम सिंह नगर, प्रेमचंद जिला समन्वयक विज्ञान महोत्सव तथा रमाशंकर विश्वकर्मा प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरा ने संयुक्त रूप से हिमांशु बिष्ट व दीपक को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। दोनों छात्र 7 नवंबर को देहरादून में प्रस्तावित राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव में ऊधमसिंह नगर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी, अंजली जगाती शाह, डॉ. संदीप कुमार पांडेय, डॉ. शिवशंकर गौतम, छात्र हिमांशु बिष्ट व दीपक को बधाई दी है।

ताइक्वांडो में हल्द्वानी और नैनीताल कॉलेज रहे अव्वल

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा आयोजित की गई अंतर महाविद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता, कई कॉलेजों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा अंतर महाविद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. कमल किशोर पांडे प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल के द्वारा हमारे अंदर प्रेम तथा सद्भावना के साथ-साथ अनुशासन का भी विकास होता है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने समस्त 12 टीमों को जिसमें 9 छात्र वर्ग तथा 8 छात्रा वर्ग की टीमों को ताइक्वांडो के नियमों को बताते हुए कहा कि खेल में बहुत संभावनाएं हैं। सरकार भी खेलों को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। निर्णायक मंडल के सदस्य नीरज कुमार, राकेश परिहार, हिमांशु जोशी, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद आमिर, डॉ .लोकेश पांडे रहे। अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विजेता एमबी पीजी कॉलेज हल्द्वानी और उपविजेता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर एवं बालिका वर्ग में विजेता डीएसबी कैंपस नैनीताल एवं उपविजेता महिला सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर रहे। राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र कुशवाहा ने मुख्य अतिथि, निर्णायक मंडल के सदस्य एवं समस्त महाविद्यालय परिवार के कोच और मैनेजर का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीरज शुक्ला के द्वारा किया गया। यहां पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नरेश शर्मा, विजेंद्र चौधरी, राजीव चौधरी, डॉ. विकास रंजन, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अलका, डॉ. कुंवरपाल सिंह, डॉ. उदय कुमार, रमेश खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में विजेता टीम के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

ज्ञानार्थी कॉलेज के गर्व ने जीता रजत पदक

काशीपुर : ज्ञानार्थी कॉलेज के कॉमर्स विभाग के छात्र गर्व पांडेय ने काशीपुर स्टेडियम में आयोजित विश्वविद्यालय खेलों में ताइक्वांडो में रजत पदक जीतकर कॉलेज का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए कॉलेज चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा, सचिव शिवानी मेहरोत्रा, निदेशक डॉ. मनोज मिश्रा, संस्थान प्रमुख प्रतिमा सिंह और कॉलेज रजिस्ट्रार सतीश कांडपाल सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी।

कोच के साथ गर्व पांडेय।

एसके पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हुए सम्मानित

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : एसके पब्लिक स्कूल मझोला को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सीबीएसई रीजनल डायरेक्टर देहरादून द्वारा सम्मानित किया गया है। सीबीएसई देहरादून के क्षेत्रीय निदेशक मनीष अग्रवाल के माध्यम से विद्यालय प्रबंधक जगजीत सिंह को उधमसिंह नगर एसोसिएशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल द्वारा एजुकेशन स्टेलवर्ट अवार्ड से नवाजा गया। क्षेत्रीय निदेशक अग्रवाल ने शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया।

प्रबंधक सिंह को पुरस्कृत करने पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं जनपद के प्रधानाचार्य प्रबंधकों ने बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी, शैक्षिक निर्देशन राजेंद्र सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य नवीन चंद्र पाठक, बृजेश भट्ट आदि ने शुभकामनाएं दी।

प्रबंधक जगजीत सिंह को सम्मानित करते सीबीएसई के रीजनल डायरेक्टर।

बाजपुर से बरेली के लिए चलेगी नई पैसेंजर ट्रेन

बाजपुर : बाजपुर से काशीपुर एवं बाजपुर से बरेली जाने वाले यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। रेलवे विभाग ने एक नई पैसेंजर डेमो ट्रेन बरेली सिटी से काशीपुर के लिए शुरू की है। यह गाड़ी संख्या 05401 बाजपुर से काशीपुर को प्रतिदिन सुबह 11 बजकर 41 मिनट रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05402 बाजपुर से बरेली सिटी को प्रतिदिन दोपहर 1.50 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन बरेली सिटी से प्रतिदिन सुबह 8 बजकर 25 मिनट पर चलेगी व वापसी में काशीपुर से प्रतिदिन दोपहर एक बजकर 25 मिनट पर बरेली सिटी के लिए चलेगी। इस ट्रेन के चलने से बाजपुर एवं आसपास की जनता को बाजपुर से सरकरा, काशीपुर, बरेली सिटी तक यात्रा करने के लिए काफी सहूलियत होगी।

शिक्षण व मूल्यांकन की नई तकनीक बताई

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार : स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल, सितारगंज में टीचर एम्पावरमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय कंपिटेंसी बेस्ड टीचिंग, असेसमेंट और मैनेजमेंट एनईपी 2020 था, जिसमें स्कूल के 40 शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षण और मूल्यांकन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था।

प्रशिक्षण का संचालन एपीएस अकादमी, लखनऊ की प्रिंसिपल मिसेज हेमा कालाकोटी ने किया, जिनके पास शिक्षा क्षेत्र में 25 वर्षों का अनुभव है। मिसेज कालाकोटी ने आईआईएम लखनऊ से स्कूलों में प्रभावी एवं रणनीतिक नेतृत्व" पर प्रमाणपत्र प्राप्त किया है और सीबीएसई के निरीक्षण समिति की सदस्य भी रह चुकी हैं। उन्होंने सीसीई (सतत एवं व्यापक मूल्यांकन) के मॉनिटरिंग और मेंटरिंग का कार्य भी 2010 से 2016 के बीच किया है। इस आयोजन को सफल बनाने में सेवा संकल्प की सचिव सुखप्रीत का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को एनईपी 2020 क्लासरूम मैनेजमेंट एनसीएफ 2022 और कंपिटेंसी बेस्ड टीचिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और इसे बेहद उपयोगी बताया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबन्धक पलविंदर सिंह औलख, प्रिंसिपल कमलजीत कौर औलख, कॉर्डिनेटर भूपेंद्र सिंह, वाइस कोऑर्डिनेटर सुखवंत कौर, एकेडमिक कॉर्डिनेटर उत्तम तिवारी,सिमरनजीत कौर, गीता तिवारी, रमन कौर,रमनदीप संधू, प्रदीप,रवनीत, अनुपमा दुबे, गौरव जोशी, हिमांशु मिस्त्री, अशोक कुमार, मनप्रीत कौर, पुष्पा शर्मा, आनंद राजपूत, अनुषा, अमित भट्ट, एकता, सुमन ओली, कविता भट्ट, हेमा भट्ट, मेघा, अर्शदीप आदि उपस्थित रहे।

सितारगंज के स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल में टीचर एम्पावरमेंट प्रोग्राम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

टोल प्लाजा के मैनेजर से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर : कुंडा के ग्राम जगतपुर पट्टी स्थित टोल प्लाजा के मैनेजर ने अपने ही एक कर्मचारी पर अभद्रता, मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस को दी तहरीर में दीपक कुमार ने कहा है कि वह जगतपुर पट्टी टोल प्लाजा पर मैनेजर के रूप में कार्यरत है। संदीप भी यहीं टोल प्लाजा पर नौकरी करता है। लोकल का होने की वजह से रजिस्टर में केवल हस्ताक्षर करता है और सही से ड्यूटी नहीं करता। आरोप है कि वह पैसे लेकर गाड़ियां निकाल देता है। मना करने पर वह गाली-गलौज कर चुका है। 18 अक्टूबर को शाम 4 बजे संदीप अपने हस्ताक्षर कर जाने लगा तो उसने उसे टोका। जिस पर वह हाथापाई कर गाली-गलौज करने पर उतर आया और जान से मारने की धमकी देने लगा।

सरकार को बताया किसान विरोधी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : उत्तराखण्ड में भाजपा सरकार के विगत ढाई वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश के अंदर अराजकता, भय, भूख का वातावरण बना हुआ है। किसान अपनी ही भूमि को पाने के लिए बाजपुर में 14 माह से आंदोलन कर रहा है। कोई भी बहाना बनाकर सरकार किसान की जमीनें छीन रही है। खनन कारोबार को आमजन से छीन कर सरकार अपने लोगों की कंपनी लाकर उसे लाभ पंहुचा रही है।

यह वात पूर्व हॉकी खिलाड़ी और जालंधर कैंट विधानसभा से विधायक उत्तराखंड कांग्रेस के सह प्रभारी प्रगट सिंह ने रविवार साए किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लों के साथ पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। प्रगट सिंह ने कहा कि वह सोमवार को कांग्रेस की नैनीताल में आयोजित जनाक्रोश रैली में भाग लेने आए हैं। पार्टी चाहती है कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसमस्याओं को लेकर अपनी भूमिका निभाए और मिशन2027 तक जो भी कार्यकर्ता अच्छा प्रदर्शन करेगा पार्टी उसे आगे बढ़ाने पर विचार करेगी। अव समय धरातल पर जनता के बीच रहकर जनसेवा करने का है। ऐसे में कांग्रेसजन भाजपा शासन में महिला उत्पीड़न, बलात्कार की घटनाओं को रोकने उत्पीड़न में भाजपा नेताओं की संलिप्तता की जांच करवाने, राज्य की नदियों को निजी हाथों में देने के निर्णय को वापस लेने आदि मागों को लेकर मुखर है। उन्होंने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी ने उन्हें जिस विश्वास के साथ राज्य में सहप्रभारी की बागडोर सौंपी है। वह उनके विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस के सह प्रभारी प्रगट सिंह। ● अमृत विचार

ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग

खटीमा, अमृत विचार : ध्वनि प्रदूषण से बच्चों की पढ़ाई में उत्पन्न हुए व्यवधान से त्रस्त सड़ासड़िया निवासी पंडित प्रकाश भट्ट ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण लगाने की मांग की। डीएम ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित कर उचित कार्रवाई करने को कहा। डीएम उदय राज सिंह को सौंपे गये ज्ञापन पर डेढ़ माह बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर पंडित भट्ट ने ज्ञापन की प्रति उपजिलाधिकारी को सौंपी और डीएम के निर्देशानुसार कार्रवाई की मांग की।

कहा कि शासन-प्रशासन से लगातार मांग के बाद भी ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश नहीं लगने से नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़ प्रतीत होता है।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक घायल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें एक युवक के गंभीर चोटें आई हैं, जिसे 108 एंबुलेंस वाहन सेवा से काशीपुर ले जाया गया है।

रविवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर ग्राम महेशपुरा में बड़ा मंदिर के नजदीक बुलेट और बाइक की भिड़त हो गई। जिसमें बाइक सवार प्रतापपुर काशीपुर निवासी गुरविंदर पुत्र अवतार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को काशीपुर अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं घटना की जानकारी के बाद दोराहा चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जानकारी ली। बताया जाता है कि बुलेट और बाइक सवार दोनों ही रुद्रपुर की ओर से काशीपुर की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक दोनों बाइकें आपस में भिड़ गईं। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया है। घटना के चलते मौके पर लोगों की भीड़ रही।

बाजपुर में बाइकों की भिड़ंत में घायल युवक को उपचार के लिए लेकर जाते लोग।

छत से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर

बाजपुर : सफाई करते वक्त टिनशेड की छत से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्राम इटव्वा निवासी विशन सिंह पुत्र शेर सिंह अपने घर पर छत की सफाई कर रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच टिनशेड की छत पर पैर फिसलने से वह नीचे आ गिरा। परिजन आनन-फानन में घायल को उपजिला चिकित्सालय ले गए।

कार की टक्कर से बाइक सवार महिला जख्मी

बाजपुर : तेज रफ्तार कर की चपेट में आकर बाइक सवार महिला घायल हो गई। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। रविवार को ग्राम बेरिया दौलत बाजपुर निवासी शारदा देवी 45 पत्नी महेश कुमार अपने बेटे शेखर के बाद बाइक पर बैठकर बाजपुर की ओर आ रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच दोपहर बाद करीब साढ़े 12 बजे ग्राम धर्मपुर के नजदीक तेज रफ्तार कार ने पीछे से बाइक को चपेट में ले लिया जिसमें शारदा घायल हो गई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया।

मौसम | बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात के असर से अक्तूबर में पारा 30 के पार बरकरार

दिवाली से पछुआ हवाएं चलने पर बढ़ेगी ठंड

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : करीब एक सप्ताह पूर्व बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवात का आंशिक असर उत्तराखंड में भी दिख रहा है। जिसके चलते बादलों की आवाजाही के बीच अक्तूबर अंत तक पारे के 30 डिग्री सेल्सियस के पार बने रहने की संभावना है।

दिवाली से चलने वाली पछुआ हवाएं लोगों को ठंड का अहसास कराएंगी। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि दिन में चटख धूप निकलने से वातावरण में नमी की मात्रा घट रही है। साथ ही बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवात का भी आंशिक असर उत्तराखंड पर पड़ा है। बताया कि ठंडा दो प्रकार से होता है। पहला तब, जब पहाड़ों से ठंडी हवाएं नीचे की ओर आती हैं और दूसरा तब, जब राजस्थान की ओर से पछुआ हवाएं प्रदेश में आती हैं। यह हवाएं सूखी और बेहद ठंडी होती हैं। अभी प्रदेश में दक्षिण, पूर्वी एवं दक्षिण-पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। अक्तूबर अंत से दिवाली के आस-पास राजस्थान की ओर से पछुआ हवाएं चलने की प्रबल संभावना है। जिसके बाद से ठंड में इजाफा होगा और लोग कंपकंपाने पर मजबूर हो जाएंगे।

ला-नीना प्रभाव से पड़ेगी कड़ाके की ठंड

पंतनगर : मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया कि अल-नीनो का प्रभाव अब समाप्त हो चुका है। नवंबर में ला-नीना बनना प्रारंभ होगा, जो दिसंबर अंत तक अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचेगा। जिसके चलते इस बार सर्दियों में कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है।

मौसम बदलने के साथ ही बढ़े वायरल के मरीज

काशीपुर : मौसम का बदलता मिजाज लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। वायरल बुखार से ग्रस्त मरीज अस्पताल की ओर रुख कर रहे हैं। चिकित्सक मरीजों को लापरवाही नहीं बरतने की सलाह दे रहे हैं। एक सप्ताह से सुबह-शाम ठंडा और दोपहर में गर्म मौसम हो रहा है। लापरवाही बरतने से लोगों को जुकाम, बुखार, गले में दर्द, पेट की समस्या आदि शिकायत होने लग गई है। इससे ग्रस्त होने पर भारी संख्या में मरीज एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय की ओर रुख कर रहे हैं। अस्पताल में ऐसे करीब 30 प्रतिशत मरीज पहुंच रहे हैं। जहां चिकित्सक इलाज करने के साथ सुबह-शाम गर्म कपड़े पहनकर रखने की सलाह दे रहे हैं। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अमरजीत साहनी ने बताया कि ओपीडी करीब 200 तक पहुंच रही है। इनमें करीब 30 प्रतिशत मरीज वायरल जुकाम, बुखार, खांसी आदि के पहुंच रहे हैं। ऐसे मरीजों को लापरवाही से बचना चाहिए।

कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लेगी उत्तराखंड की टीम

बाजपुर : राजस्थान के हनुमानगढ़ में 8 नवंबर से प्रस्तावित ओपन नार्थ जॉन पैरा कबड्डी टूर्नामेंट में उत्तराखंड की टीम प्रतिभाग करेगी।

टीम की तैयारी कोच आदर्श डबराल, कप्तान कुलदीप सिंह की अगुवाई में की जा रही है। कुलदीप सिंह ने बताया कि उनकी टीम पहले के मुकाबले इस बार अच्छा प्रदर्शन करेगी। टीम का चयन कर लिया गया है जिसमें कप्तान वह स्वयं हैं। उप कप्तान अनंत राम को बनाया गया है। टीम में मोहम्मद यासीन, मोहम्मद अजरुद्दीन, फरहान, दीपांशु बिष्ट, सूर्य प्रताप भंडारी, अजय बरई, जगत सिंह, बलवंत सिंह, संदीप कुमार चौधरी को शामिल किया गया है।

कप्तान ने भरोसा दिलाया है कि इस बार ओपन नार्थ जोन पैरा कबड्डी टूर्नामेंट कप उत्तराखंड की टीम लेकर आएगी।

दिलप्रीत अध्यक्ष, करन बने सचिव

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर मीडिया सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें दिलप्रीत सिंह सेठी को मीडिया सेंटर का अध्यक्ष चुना गया। रविवार को आयोजित बैठक में पत्रकारों की समस्याओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से दिलप्रीत सिंह सेठी को अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष सोनू जैन को चुना गया।

इसके अलावा काशीपुर मीडिया सेंटर के संरक्षक मंडल में जसपाल सिंह चड्ढा, अनिरुद्ध निझावन, आरडी खान, गुरविंदर सिंह चंडोक, अनुराग गंगोला, नवीन अरोरा, आदर्श सिंह, अभय पांडे के अलावा सुझाव एवं सलाहकार समिति में विनोद भगत, दीप पाठक, कुंदन बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद रफी खान, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा व एफयू खान, वरिष्ठ महामंत्री विपिन चौहान व महामंत्री गजेंद्र यादव, सचिव पर करन सिंह, उपसचिव हरवंश बिष्ट, आय व्यय निरीक्षक निजामुद्दीन उर्फ समीर खान, प्रचार मंत्री में अजीम खान व डॉ. एमए राहुल, मीडिया प्रभारी नाजिम मंसूरी, पीआरओ फरीद सिद्दीकी, विकास अग्रवाल, कानूनी सलाहकार नदीमउद्दीन एडवोकेट व अमरीश अग्रवाल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद पर नीरज गुप्ता को मनोनीत किया गया। इसके अलावा विशेष आमंत्रित सदस्यों में जुगनू खान, मुकुल मानव, अतुल तिवारी, मुकीम अंसारी, मोहम्मद शमी, स्वतंत्र नवीन, कैलाश चौधरी, अली अकबर, जितेन्द्र सरस्वती, अरुण कुमार, हिमांशु ठाकुर, उदय कुमार, अनिल सिंधवानी शामिल रहे। कार्यकारिणी सदस्यों में आकाश गुप्ता, ललिता कौर, सुनील कोठारी, मनोज श्रीवास्तव, महबूब अली, मोहम्मद नफीस आदि रहे।

काशीपुर में संगठन विस्तार के बाद मीडिया सेंटर के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बाजपुर महेशपुरा में पुष्प वर्षा कर पंच प्यारों का स्वागत करती संगत। ● अमृत विचार

बाजपुर नगर कीर्तन में शामिल गुरुवाणी का यशगान करती संगत। ● अमृत विचार

बाजपुर में निकला भव्य नगर कीर्तन, जगह-जगह स्वागत

बाबा निर्मल सिंह गोरखा की अगुवाई में स्वार रामपुर से शुरू होकर महेशपुरा बाजपुर गुरुद्वारा साहिब पहुंचा, हजारों संगत रही शामिल

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: ब्रह्मज्ञानी बाबा बुड्ढा साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित व नवनिर्मित गुरुद्वारा साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश को लेकर विशाल नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्रीगुरु तेगबहादुर साहिब डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा निर्मल सिंह गोरखा की अगुवाई में स्वार रामपुर से शुरू होकर महेशपुरा बाजपुर गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। जगह-जगह संगत द्वारा उत्साह पूर्वक नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। पूरे रास्ते पुष्प वर्षा के बीच पंच प्यारों व श्री गुरुग्रंथ साहिब की अगुवाई में निकले इस नगर कीर्तन का उत्साह देखते ही बन रहा था।

रविवार को गुरुद्वारा साहिब स्वार रामपुर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरु महाराज की हजूरी में अरदास कर नगर कीर्तन की आरंभता की गई।

बाजपुर नेशनल हाइवे-74 पर पुष्प वर्षा के बीच नगर कीर्तन में पालकी साहिब का स्वागत करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

इस दौरान सबसे आगे हरि सिंह नलुआ अखाड़ा के योद्धा अपने करतब दिखा रहे थे। इसके साथ ही नगाड़ा साहिब, पीछे झाड़ू से सफाई करती संगत व पंच प्यारे चल रहे थे। संगत द्वारा जगह-जगह नगर कीर्तन में शामिल पंच प्यारों का सरोपा पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इनके पीछे गुरु महाराज की पालकी व सैंकड़ों श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। शब्द गुरुवाणी जो बोले सो निहाल, सतश्रीअकाल..., राज करेगा खालसा आकीं रहे न कोए, पंथ की जीत, जयकारों से पूरा माहौल गुरु महाराज की भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। वहीं भाई दलजीत सिंह खालसा सहित अनेक पंथ प्रचारक जत्थों ने गुरुवाणी का यशगान किया। पालकी साहिब के समक्ष हजारों श्रद्धालुओं ने मत्था टेक कर प्रसाद ग्रहण किया।

स्वार, नरपतनगर, बिजारखाता, मानपुर गुरुद्वारा साहिब के सामने, शिकारपुर, दोराहा, महेशपुरा सहित अनेक स्थानों पर संगत ने पुष्प वर्षा की। नगर कीर्तन में बाबा निर्मल सिंह गोरखा, नानकसर ठाठ गजरौजा गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह, बाबा कैप्टन सिंह ग्रंथी सभा के अध्यक्ष ज्ञानी सुरजीत सिंह, समाजसेवी हरवीर सिंह गिल, मनजीत सिंह, लखविंदर सिंह, अनूप सिंह, बलकार सिंह, गुरनाम सिंह, जगीर सिंह, कुलदीप सिंह, जरनैल सिंह, त्रिलोचन सिंह, अवतार सिंह, सुखविंदर सिंह रंधावा सहित हजारों लोग मौजूद थे। स्वार से बाजपुर तक करीब 23 किमी की दूरी करके तय पहुंचे नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नंगे पैर शामिल हुए जिन्होंने पूरी दूरी पैदल की तय की।

नगर कीर्तन में दुरुस्त रही सभी व्यवस्थाएं

बाजपुर। नगर कीर्तन की व्यवस्था व अनुशासन देखते ही बनती थी, दो पहिया वाहनों का शोरगुल न के बराबर था, वहीं ट्रैफिक व्यवस्था में भी कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं होने दिया गया। यह सभी व्यस्थाएं पिछले करीब एक सप्ताह में पूर्ण की गई थीं जिसमें यातायात व्यवस्था के साथ ही अन्य सभी पहलुओं पर गहनता पूर्वक चर्चा कर निर्णय लिए गए। नगर कीर्तन में शामिल हुई संगत को भोजन के लिए परेशान नहीं होना पड़ा। संगत के सहयोग से भोजन की व्यापक व्यवस्था की गई थी। इस दौरान हजारों की संगत ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

बाजपुर नगर कीर्तन में करतब दिखाते हरि सिंह नलवा अखाड़ा के योद्धा।

योद्धाओं ने अखाड़े में दिखाए हैरतअंगेज करतब

बाजपुर। नगर कीर्तन में हरि सिंह नलवा अखड़ा के संचालक हरप्रीत सिंह की अगुवाई में योद्धाओं ने जगह-जगह अखाड़ा जमा जौहर दिखाए जिसमें शस्त्रों के प्रदर्शन कर सभी को अचंभित कर दिया। इस दौरान सात वर्ष के बच्चों से लेकर अखाड़े के योद्धाओं ने तलवारबाजी समेत अनेक शस्त्रों की कला का प्रदर्शन कर अपने जौहर दिखाए। योद्धाओं के हैरतअंगेज करतब देखकर लोग दंग रह गए।

करवाचौथ पर महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए रखा व्रत

रविवार को करवाचौथ पर्व पर चंद्रमा को अर्घ्य देती कनिका। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: रविवार को करवाचौथ पर्व पर महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा तथा क्षेत्र में अनेक स्थानों पर सामूहिक रूप से पूजन कर कथा श्रवण की। सुहागिन महिलाओं ने अनेक स्थानों पर सामूहिक रूप से विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ पूजन करवाया तथा कथा सुनी। महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना की। इसके अलावा नगर के मंदिरों व अन्य मोहल्लों में भी सामूहिक पूजन किया गया। देर रात चंद्रमा दिखाई देते ही व्रतधारी महिलाओं के चेहरों पर रौनक लौट आई। उन्होंने चंद्रमा को जल धारा अर्पित कर व्रत का परायण किया।

रामनगर में किया गया अधिवक्ताओं की क्रिकेट टीम का ट्रायल

रामनगर : बार एसोसिएशन रामनगर की क्रिकेट टीम के चयन हेतु अधिवक्ताओं का ट्रायल लिया गया। प्रबंधक जगदीश मासीवाल, बैटिंग कोच प्रभात ध्यानी, प्रकाश बिष्ट, बॉलिंग कोच हरीश घिल्डियाल व फील्डिंग कोच प्रेम चंद्र नैनवाल के दिशा-निर्देश में क्रिकेट ट्रायल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयन हेतु ट्रायल किया गया। ट्रायल में कई अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

नामित सदस्य अध्यक्ष ललित मोहन तिवारी, संतोष देवरानी, गणेश कुमार गगन, बलवंत सिंह, जगतपाल सिंह, गिरधर बिष्ट, ललित मोहन पांडे के नेतृत्व में एडवोकेट क्रिकेट खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया की गई। जिसमें एडवोकेट विक्रम भट्ट, रवि चौधरी, मदन मेहता, विनोद अनजान, गणेश चंद्र, दीपक चंद्रा, भोपाल सिंह रावत, गणेश कुमार गगन, शोभित कश्यप, कृष्ण नेगी, संदीप कश्यप, फिरोज अंसारी, विक्रम सिंह मावरी भास्कर पपनै तथा सहायक हरि सिंह तड़ियाल उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में युवक की मौत, परिवार में कोहराम

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। करवाचौथ पर्व के दिन युवक की मौत से परिजन सदमे में हैं।

मनोज कुमार।

कोतवाली अंतर्गत गांव ध्यान नगर निवासी मनोज कुमार (35 वर्ष) पुत्र मदन सिंह सांय करीब 6:30 बजे बाइक से जसपुर की ओर से अपने घर आ रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे अमृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पत्नी ने रखा था करवाचौथ का व्रत

जसपुर। हादसे में मारे गए मनोज की पत्नी ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा था। वह शाम पूजा के लिए पति के आने का इंतजार कर रही थी। लेकिन उसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पति के मौत की खबर सुन पत्नी बेसुध हो गई।

फागपुर में रामलीला मंचन जारी

बनबसा : फागपुर में आयोजित रामलीला मंचन के द्वितीय दिवस विश्वामित्र का अयोध्या जाना, राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को मांगना से लेकर सीता द्वारा अपनी कुल देवी की पूजा करने तक की लीला का मंचन हुआ। द्वितीय दिवस की रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथ ग्राम प्रधान हर्ष बहादुर चन्द, भागीरथी देवी, ललिता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। रामलीला मंचन में राम के पात्र की भूमिका राम कृष, लक्ष्मण दर्शन, सीता शौर्य जोशी, विश्वामित्र मुकुल, ताड़िका भरत, दशरथ वैभव मुरारी, जनक विजेंद्र, अहिल्या के पात्र की भूमिका नकुल ने निभाई। हारमोनियम मैं मनवर सिंह रावत, तबले पर जगदीश सिंह संगत दे रहे हैं।

वर्ग पहेली-228

बाएं से दाएं

1.1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।

4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, ख़र्च करने वाला, उदार, दानशील।

5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।

8.1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

ऊपर से नीचे

1.1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।

2.1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।

3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।

6.1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों

7.1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।



वर्ग पहेली -227 का हल

1 भा	षा	स	2 म		3 तु	
			धु		ला	
			मा		ई	
	4 कु	5 शा	स	न		
		सि			6 ज़े	
7 गुं	जि	त			ह	
			8 झा	ड़	न	

सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6	7	3		4			8	
		9			2			
2		5		3		7		
	1				3		2	5
	2						4	
3	5		7				6	
		7		6		5		9
			1			6		
	6			8		2	7	4

सुडोकू - 140 का हल

1	7	5	2	6	9	3	8	4
2	9	4	7	8	3	1	6	5
3	8	6	5	4	1	7	9	2
7	5	2	8	3	4	9	1	6
9	6	3	1	2	5	4	7	8
4	1	8	9	7	6	2	5	3
5	3	7	6	1	2	8	4	9
8	2	9	4	5	7	6	3	1
6	4	1	3	9	8	5	2	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 22 अक्टूबर 02.29 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 06.50 तक तत्पश्चात मृगशिरा 22 अक्टूबर 05.51 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज आपको जॉब में बदलाव के अवसर मिल सकते हैं। जहां बहुत आवश्यकता न हो वहां बातें न करें। सिरदर्द संबंधी परेशानियां हो सकती है। मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा। आपके मित्र आपके कुछ अपेक्षाएं रखें, जिसे आपको पूरा करना पड़ेगा।

वृष — आज साझेदारी से जुड़े व्यवसाय में आपको सफलता मिल सकती है, जो काम किसी अभाव के कारण शुरू नहीं कर पा रहे थे वो आप शुरू कर लेंगे। सहकर्मियों के कार्यों में गलतियां निकालने से आपकी आलोचना हो सकती है।

मिथुन — आज दिन की शुरुआत में शारीरिक कष्ट की संभावना है। शत्रु आपका काम बिगाड़ने का प्रयास करेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यवसाय में अपेक्षित लाभ मिलने के आसार कम हैं। विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे।

कर्क — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में नए संपर्क विकसित हो सकते हैं। नौकरी में आपको उच्च पद मिल सकता है। अटके हुए काम दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

सिंह — आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। युवाओं को नए प्रेमी मिल सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा।

कन्या — आज जमा पूंजी अनावश्यक कार्यों में खर्च हो सकती है। अपने निर्णय पर कायम रहें। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें। आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। परिवार में कलह का माहौल रहेगा।

तुला — आज गलत लोगों के साथ संबंध न रखें। धर्म-कर्म को लेकर आपके मन में अनास्था उत्पन्न हो सकती है। बच्चों के भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। स्वास्थ्य समस्या को लेकर परेशानी होने की संभावना है। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव कम रहेगा।

वृश्चिक — आज कारोबार में मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। आप अपनी दिनचर्या में बदलाव कर सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं से मदद मिलेगी। सभी कार्यों में सफलता मिलने से आप उत्साहित रहेंगे। ज्यादा लाभ कमाने के चक्कर में नैतिकता से समझौता न करें।

धनु — आज तकनीक में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। रुके कार्यों में गति आने से आपको लाभ होगा। मन की उलझनें दूर होगी। विद्यार्थियों को शिक्षकों की काफी अच्छी मदद मिलेगी। आप जिस काम की काफी समय से योजना बना रहे थे उसे शुरू कर सकते हैं।

मकर — आज अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें अन्यथा आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं। शेयर और निवेश में सावधानी रखें। लव लाइफ में अभाव महसूस होगा। आपको महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें।

कुंभ — आज माता-पिता की सलाह की अवहेलना न करें। हास्य-व्यंग्य पर गंभीर प्रतिक्रिया देने से बचें। यदि आप नया काम शुरू करना चाह रहे तो आपको अपनी योजनाओं में बदलाव करना पड़ सकता है। फाइनेंस संबंधी परेशानियों को दूसरों से साझा न करें।

मीन — आज रचनात्मक क्षमता का कारोबार में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय संतान को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी संवादशैली काफी आकर्षक रहने वाली है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- राज तिलक — सुबह : 10.43
- हिन्दुस्तान की कसम — रात : 07.00

&pictures
- जिगरवाला नं.1 — सुबह : 11.03
- सूर्या द सोल्जर — रात : 07.30

SONY PIX
- टार्जन — सुबह : 10.36
- जॉन विच — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- रक्षा बंधन — सुबह : 11.48
- दबंग 3 — रात : 08.00

ZEE ACTION
- शिवा द सुपर हीरो 3 — सुबह : 10.58
- ब्रूस ली — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया।
पुलिस वाला- रुको
औरत- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
पुलिस वाला- अहा! इस दिन के इंतजार में तो मैं कई सालों से था, चलो अब 100 बार लिखो कि मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नहीं तोड़ूंगी।

सहेली- मैं तो लुट गई बर्बाद हो गई।
पिंकी- क्यों पति ने पिटाई की क्या?
सहेली- मेरे पति का ऑफिस में एक लड़की से चक्कर चल रहा है।
पिंकी- तुमको कैसे पता?
सहेली- मेरे बॉयफ्रेंड ने कल उनको एक लड़की के साथ देखा था।

करवाचौथ पर रखा व्रत, चांद निकलने के बाद पति के हाथों पानी पीकर तोड़ा निर्जला व्रत

सुहागिनों ने की अखंड सौभाग्य की कामना

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर रविवार को अल्मोड़ा में सुहागिनों ने करवाचौथ का व्रत रखा। चांद निकलने के बाद महिलाओं ने पति के हाथों से पानी पीकर व्रत तोड़ा। जिले भर में महिलाओं में व्रत को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

सुहागिन महिलाएं करवाचौथ का व्रत रख पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। रविवार को छलनी से चंद्रमा को देखकर महिलाओं ने पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा। पहाड़ों में महिलाएं वट सावित्री की पूजा करती है, लेकिन करवाचौथ का चलन भी अब तेजी से बढ़ रहा है। नगर के कई स्थानों पर महिलाओं ने उत्साह के साथ करवाचौथ का व्रत रखा। सुबह से निर्जला व्रत रख शाम को महिलाओं ने मिट्टी के करबे के साथ एक थाली में धूप, दीप, चंदन, रोली, सिंदूर से विधि विधान से पूजा-अर्चना की। कई महिलाओं ने देवी मंदिरों में जाकर भी सामूहिक पूजा अर्चना की और पुरोहितों से कथा सुनी। यहां ममता वर्मा कनवाल, प्रीति कनवाल, पुष्पा साह, रेनू चौहान, दीपा सिंह पाल, विमला जलाल, मालती गस्याल, ईला पांडे, प्रेमा बिष्ट, बसंती रावत समेत अन्य महिलाओं ने मंदिरों में पूजा अर्चना की।

अल्मोड़ा में रविवार को करवाचौथ पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। ● अमृत विचार

महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए काम कर रही हैं नैना

बागेश्वर : जौलकांडे की उप प्रधान नैना लोहनी महिलाओं व बच्चों के कल्याण के लिए काम कर रही हैं। इन दिनों ठंड का मौसम आने लगा है। ऐसे में वह गरीब बच्चों को गर्म कपड़े देने में लगी हैं। इसके लिए मजदूरों के बच्चों का चयन किया जा रहा है। इससे पूर्व भी वे कई गरीब बच्चों को गर्म कपड़े वितरित कर चुकी हैं। गत वर्ष उनके द्वारा एक स्कूल के गरीब बच्चों को शीतकाल व ग्रीष्मकाल के लिए गणवेश तथा पुस्तकें प्रदान की गईं। नैना बताती हैं कि महिलाओं के हितों के लिए वे पूर्व में कार्य करती रही हैं। अब वह जरूरतमंद बच्चों की भी मदद करने का प्रयास कर रही हैं।

नैना लोहनी।

खेल स्टेडियम की मंजूरी पर हर्ष

सवादाता, रानीखेत

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पर्यटन नगरी रानीखेत के लिए खेल स्टेडियम की स्वीकृति पर यहां भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मिष्ठान वितरण किया।

गांधी चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ सभा कर रानीखेत में खेल स्टेडियम निर्माण की मंजूरी देने को लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि यह मंजूरी विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल के प्रयासों के कारण संभव हो पाई है। कार्यकर्ताओं ने विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल का भी धन्यवाद व्यक्त किया। नुक्कड़ सभा के बाद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी मनाई। नुक्कड़ सभा को भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दीप भगत, मोहन नेगी, जिला उपाध्यक्ष विमल भट्ट व खजान जोशी ने संबोधित किया। इस अवसर पर खजान पाण्डेय, नगर महामंत्री उमेश पंत, मीडिया प्रभारी रामेश्वर गोयल, जगदीश अग्रवाल, हर्षवर्धन पंत, नरेंद्र रौतेला, शाहिद अली, ललित मोहन पंत, जगदीश छावड़ा, कुंदन नाथ, संतोष भट्ट रहे।

रानीखेत में स्टेडियम की घोषणा पर मिष्ठान वितरण कर खुशी जताते भाजपाई।

विधायक नैनवाल का आभार जताया

रानीखेत : रानीखेत नगर में खेल मैदान बनाने की घोषणा पर रानीखेत विकास समिति के सदस्यों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। कहा कि खेल मैदान की उपलब्धि होने पर विधायक का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। गांधी पार्क में आयोजित बैठक में रानीखेत विकास समिति के सदस्यों ने विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल के प्रयासों की प्रशंसा की। कहा कि खेल मैदान बनने से यहां के खेल प्रेमियों को अपनी प्रतिभा उजागर करने का अवसर मिलेगा। आभार व्यक्त करने वालों में जीवनचंद पांडे, डॉ. बीडी पांडे, गिरीश भगत, अशोक कुमार, खजान जोशी, हरीश मैनाली, चारु पंत, भुवन शाह, चंद्रशेखर गुरुरानी, बसंत बिष्ट रहे।

सार-संक्षेप

मनु वाल्मीकि ने पास की यूजीसी नेट परीक्षा

टनकपुर : नगर क्षेत्र कार्की फॉर्म आमबाग निवासी मनु रत्नाकर पुत्री सुरेश कुमार वाल्मीकि ने अंग्रेजी विषय नेट परीक्षा 85.96% अंकों से उत्तीर्ण की है। मनु रत्नाकर के पिता सुरेश कुमार वाल्मीकि उप प्रबंधक (मानव संसाधन) के पद से एनएचपीसी से अभी हाल ही में सेवानिवृत हुए हैं। वर्तमान में वह वाल्मीकि समाज टनकपुर के अध्यक्ष हैं। और माता मुन्नी देवी गृहिणी हैं। मनु रत्नाकर ने इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को श्रेय दिया है। मनु रत्नाकर की इस उपलब्धि पर पूर्व राज्य मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना, एनएचसी टनकपुर के प्रमुख एवं महाप्रबंधक राजिल व्यास, डीएस राव उप महाप्रबंधक, सुदर्शन कुमार वरिष्ठ प्रबंधक, पियूष कुलश्रेष्ठ वरिष्ठ प्रबंधक, दीप चंद्र, डॉ. देवी दत्त जोशी, कार्की फॉर्म वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष नवल किशोर तिवारी, संरक्षक जगदीश जोशी, मधुसूदन वाल्मीकि, प्रेमपाल वाल्मीकि वाल्मीकि समाज अध्यक्ष बनबसा, राकेश कुमार एवं समाज के सम्मानित लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगी स्निग्धा तिवारी

अल्मोड़ा : नैनीताल उच्च न्यायालय की अधिवक्ता व नगर निवासी स्निग्धा तिवारी काली (कोलंबिया) में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता को लेकर हो रही कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज 16 के महाधिवेशन में भाग लेंगी। जिसके लिए उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। जैवविविधता और लोकतंत्र के संबंध आयोजित महाधिवेशन में 30 अक्टूबर को होगा। स्निग्धा, दुनिया भर के 15 प्रमुख नागरिक अधिकार संगठनों के अंतर्राष्ट्रीय समूहों जो जलवायू परिवर्तन, मानवाधिकारों की रक्षा के साथ-साथ नागरिकों की निजता के अधिकार के लिए कार्यरत हैं में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। जैवविविधता के इस महासम्मेलन में स्निग्धा जस्ट ट्रांजिशन, जलवायु परिवर्तन के लिए नीतिगत प्रयास के मुद्दों पर अनेक सत्रों में वक्ता के तौर पर आमंत्रित हैं और कई सत्रों का संचालन कर रही हैं। उन्हें ग्रीन पार्टी ऑफ कोलंबिया द्वारा दो दिवसीय सम्मेलन में भी आमंत्रित किया गया है।

स्निग्धा तिवारी।

टनकपुर गांधी मैदान में लगा झूला व दुकानें।

टनकपुर के गांधी मैदान में लायंस दीपावली मेला आज से

टनकपुर : टनकपुर के गांधी मैदान में लायंस क्लब के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र सहायता के लिए सोमवार आज से तीन दिवसीय दीपावली मेला शुरु होने जा रहा है। मेले के मुख्य आकर्षण हवाई झूले, लाजवाब व्यंजन, लकी ड्रा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब दीपावली मेले के अध्यक्ष वैभव अग्रवाल और मीडिया डायरेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि लायंस दीपावली मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार की देर शाम कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम आकाश जोशी द्वारा किया जाएगा। बाद में नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, 22 अक्टूबर मंगलवार को स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों के डांस प्रतियोगिता और 23 अक्टूबर को आर्केस्ट्रा नाइट टीवी के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम एवं लकी ड्रा किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने सूर्य मंदिर के इतिहास को जाना

अल्मोड़ा : ताकुला ब्लाक स्थित राजकीय इंटर कालेज के विद्यार्थियों का दल शैक्षिक भ्रमण के तहत कटारमल स्थित प्रसिद्ध सुर्य मंदिर पहुंचा। यहां उन्होंने मंदिर के इतिहास समेत तमाम अन्य जानकारियां ली। मौके पर विद्यार्थियों ने मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की भी जानकारी ली। इसके अलावा विद्यार्थियों के दल ने स्यालीधार स्थित मानसखंड विज्ञान केंद्र का भी दौरा किया। यहां पर विज्ञानियों ने विद्यार्थियों को उर्जा गेंद, संवेग अंतरण, क्यूरी बिंदु, गहरा कुआं, पाइथागोरस प्रमेय, परवलय, असंभव मिश्रण, दर्पण, उर्ध्वगामी शंकु, अधिकायांतरण, मानव की शारीरिक संरचना, पारंपरिक चिकित्सा, आयुर्वेद, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, कोरल रीफ आदि से संबंधित जानकारियां दी। आभासी अंतरिक्ष स्थल के भीतर तारामंडल, ग्रहों, उपग्रहों आदि के विषय के बारे में जानकारी ली। यहां प्रधानाचार्य डा. पवनेश ठकुराठी, गणेश चंद्र शर्मा, अंकित जोशी, अर्पण साह, अजरा परवीन, फरीद अहमद आदि मौजूद रहे।

छौलछीना में रामलीला मंचन का एक दृश्य।

धौलछीना में राम बारात देखने के लिए उमड़ी भारी भीड़

धौलछीना : श्री रामलीला कमेटी धौलछीना के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के चतुर्थ दिवस रामचंद्र जी की बारात देखने के लिए दर्शन उमड़ पड़े। इस दौरान सीता जी की विदाई देखकर दर्शकों की आंखें भर आई। प्रभु श्री रामचंद्र जी की बारात का जीवंत अभिनय ने सभी का मन मोह लिया। बाद मैं प्रभु श्री राम और सीता माता का विवाह हुआ। शनिवार रात राम बारात के पश्चात कैकेयी मंथरा संवाद, दशरथ कैकेयी संवाद, सीता राम लक्ष्मण संवाद, राम कौशल्या संवाद तथा वनवास के दृश्यों का मंचन किया गया। दशरथ कैकई संवाद तथा कौशल्या राम संवाद के दृश्यों को दर्शकों में खूब पसंद किया। इस दौरान राम का अभिनय केवल चम्याल, लक्ष्मण हितेश मेहरा, भरत दीपक मेहरा, शत्रुघ्न तनिष्क रावत, जनक प्रशांत रावत, सीता काजल बोरा ने किया।

बैट्री चोरी में तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार किए बीएसएनएल टावर की बैट्रियां चुराने के आरोपी

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : बीएसएनएल टावर की बैटरी चोरी के मामले में टनकपुर पुलिस ने 48 घंटे के भीतर तीनों अभियुक्तों को बरेली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यहां बता दें कि 18 अक्टूबर को वादी राजपाल गंगवार पुत्र नेम चन्द्र गंगवार निवासी खजूरिया कला तहसील विलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश की तहरीरी सूचना के आधार पर कोतवाली टनकपुर में धारा 316(2) बीएनएस बनाम ठेकेदार हंसराज पंजीकृत किया गया था।

19 अक्टूबर को टनकपुर पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्तगण को मय चोरी की कुल 9 अदद बैटरी 4 एमपीपीटी मॉड्यूल के साथ रिठौरा टोल प्लाजा के पास बरेली से गिरफ्तार किया गया है। इनसे हुई बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 316 (2) बीएनएस का लोप कर धारा 303, 317(2), 61 (2) बीएनएस की वृद्धि की गयी है।

इन तीनों अभियुक्तों को आज सोमवार को न्यायालय पेश कराया जाएगा। प्रभारी कोतवाल सुरेंद्र कोरंगा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 36 वर्षीय अभियुक्त में हंसराज पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम रूपापुर पोस्ट कुनौला थाना सिविल लाईन बदायूं उत्तर प्रदेश, 22 वर्षीय आकाश पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम टिकुरी थाना आंवला उत्तर प्रदेश और 35 वर्षीय प्रेमपाल पुत्र मूल चन्द निवासी डंडिया मुर्तजा नगर बरेली थाना हाफिजगंज बरेली शामिल है।

उन्होंने बताया कि इन लोगों के पास से 8 अदद बैटरी मोबाइल टावर, अदद बैटरी जनरेटर 4 एमपीपीटी मॉड्यूल बरामद किया गया है जिसकी कीमत 9 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस टीम में प्रभारी कोतवाल सुरेन्द्र सिंह कोरंगा, एसआई राकेश सिंह कठायत, हेड कांस्टेबल कमल कुमार, कांस्टेबल नासिर हुसैन, विनोद यादव शामिल थे।

टनकपुर कोतवाली में पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी। ● अमृत विचार

भाषण में पल्लवी, सुमन दीक्षा और मानवी विजेता

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : स्व. जय दत्त वैला राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत इतिहास विभाग में इतिहास परिषद के तत्वावधान में 'उत्तराखंड तथा भारत के गुमनाम नायक' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्र-छात्राओं में प्रतिभाग किया। व्याख्यान प्रतियोगिता का संयोजन इतिहास विभाग की प्रभारी डॉ. दीपा पांडे, डॉ. महिराज मेहरा तथा मंच संचालन डॉ. पंकज प्रियदर्शी ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. नमिता मिश्रा तथा डॉ. निधि पांडे रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पल्लवी कुवार्बी, द्वितीय कु. सुमन तथा तृतीय स्थान पर दीक्षा बिष्ट और मानसी फुलोरिया रहे। पुरस्कार वितरण प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे ने किया। इस मौके पर शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

रानीखेत महाविद्यालय में भारत की गुमनाम नायकों पर व्याख्यान प्रस्तुत करते छात्र।

अल्मोड़ा में मेयर के पद के लिए कांग्रेस से 17 लोगों ने ठोका दावा

- बीते दिनों कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मांगी थी दावेदारों की जानकारी
- सांस्कृतिक नगरी में नगर निकाय चुनाव को लेकर हलचल तेज

कमलेश कनवाल, अल्मोड़ा

अमृत विचार : आगामी निकाय चुनाव को लेकर सभी राजनैतिक दलों ने तैयारियां तेज कर दी है।

वहीं, चुनाव लड़ने वाले दावेदार मतदाताओं की चौखट में जाने लगे है। पहली बार सांस्कृतिक नगरी में होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए इस बार कांग्रेस से 17 दावेदारों ने अपना दावा ठोका है। अल्मोड़ा में नगर निगम की घोषणा के बाद यहां चुनाव को लेकर हलचल भी तेज हो गई है। भाजपा, कांग्रेस समेत अन्य राजनैतिक दलों ने भी चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। हालांकि अभी चुनाव को लेकर तिथि घोषित नहीं हुई है, लेकिन राजनैतिक दलों के दावेदार मतदाताओं की चौखट तक पहुंच रहे है।

वहीं, कांग्रेस से इस बार नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए 17 दावेदारों ने दावा ठोका है। सभी दावेदारों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को इस बारे में जानकारी दी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने इसकी पुष्टि की है।

प्रदेश कार्यकारिणी को भेजे गए हैं नाम

अल्मोड़ा में पहली बार होने वाले नगर निगम चुनाव में दावेदारों की सूची पूर्व में प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से मांगी गई है। इस सूची को वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर उनके नाम प्रदेश कार्यकारिणी को भेजी जा चुकी है।

पूर्व में प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देश पर संभावित दावेदारों के नाम मांगे गए थे। इनमें मेयर पद पर सभी आरक्षण मिलाकर कुल 17 लोगों ने आवेदन किया है।
-भूपेंद्र सिंह भोज, जिलाध्यक्ष कांग्रेस।

उत्तर प्रदेश

अपनी ही ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रामपुर हाईवे पर डिवाइडर पर चढ़कर बेकाबू हुई ट्रैक्टर-ट्राली
- ट्रैक्टर-ट्रॉली में सीमेंट लेकर रामपुर जा रहे थे सगे भाई

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास रविवार तड़के सीमेंट से लदी ट्रैक्टर- ट्रॉली डिवाइडर पर चढ़कर बेकाबू हो गई।

जिससे ट्रैक्टर पर सवार पाकबड़ा के उमरी सब्जीपुर निवासी दो सगे भाई छोटू व मुन्ना नीचे गिर गए और उनके ऊपर ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया चढ़ गया। इस हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो सगे भाइयों की मौत के बाद परिवार में मातम छा गया है। जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव उमरी सब्जीपुर निवासी मोहम्मद रफी उर्फ छोटू (28) और मुन्ना (26) सगे भाई थे। रविवार तड़के दोनों भाई ट्रैक्टर-ट्रॉली में सीमेंट लादकर रामपुर की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली छोटू चला रहा था, जबकि मुन्ना उसके बगल में बैठा था। तड़के लगभग 4:00 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली कटघर थाना क्षेत्र में हाईवे पर जीरो प्वांइट के पास पहुंचे तो छोटू को नींद की झपकी आ गई। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। झटके लगने से छोटू और मुन्ना ट्रैक्टर से नीचे सड़क पर गिर गए। जबकि लोडेड ट्रॉली होने के कारण ट्रैक्टर आगे बढ़ गया। इससे छोटू ट्रैक्टर और मुन्ना ट्रॉली के पहिये के नीचे आकर कुचल गया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पाकर थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार व काशीपुर तिराहा चौकी प्रभारी सोमपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जेब में मिले अभिलेखों से पहचान करने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

एसएसजे विवि में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता की विजेता टीम। ● अमृत विचार

टेबल टेनिस में लोहाघाट विजेता

संवाददाता, अल्मोड़ा

- एसएसजे विवि की अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता हुई आयोजित
- लक्ष्मण सिंह महर परिसर पिथौरागढ़ की टीम रही उपविजेता

अमृत विचार : एसएसजे विवि की अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हुई। स्थानीय स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट की टीम विजेता रही।

जबकि लक्ष्मण सिंह महर परिसर पिथौरागढ़ की टीम उपविजेता रही। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के व्यक्तिगत स्पर्धा के पुरुष वर्ग में लोहाघाट के ऋतिक विजेता एवं लोहाघाट के ही अमन उपविजेता, महिला वर्ग में एसएसजे परिसर की निहारिका विजेता और जिज्ञासा उपविजेता रही। मौके पर सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की टीम का चयन किया गया। चयनित टीम अब 28 अक्टूबर को नार्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

यह प्रतियोगिता चितकारा विश्वविद्यालय पंजाब में होगी। यहां क्रीड़ा प्रभारी लियाकत अली खान, हरेंद्र प्रसाद, खगेंद्र खोलिया, हरीश गोस्वामी, प्रदीप बनकोटी, प्रेम सिंह लटवाल, विजय बिष्ट आदि मौजूद रहे।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

संवाददाता, सैदनगली (अमरोहा)

- संभल मार्ग स्थित ढक्का मोड़ पर हुआ हादसा, ससुराल जा रहा था शिवम

अमृत विचार : सैदनगली क्षेत्र में संभल मार्ग पर दो युवकों की बाइक आगे चल रही लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती खुर्द निवासी शेर सिंह सैनी का पुत्र शिवम सैनी (20) अपने साथी अर्जुन के साथ बाइक पर सवार होकर शनिवार देर शाम असमोली थाना क्षेत्र के गांव नवादा में अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही इनकी बाइक सैदनगली क्षेत्र में संभल मार्ग स्थित ढक्का मोड़ के पास पहुंची तो आगे चल रही लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में बाइक पीछे से जा घुसी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया।

जहां चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने घायल शिवम सैनी को मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि शिवम की शादी 9 जून 2024 को नवादा निवासी महेंद्री के साथ हुई थी। थानाध्यक्ष रमेश शहरावत ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया है। परिजनों की तहरीर पर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

इंजीनियर के घर से 15 लाख का सामान चोरी

गजरौला (अमरोहा), अमृत विचार : तेवा फैक्ट्री में कार्यरत इंजीनियर के घर का ताला तोड़कर चोर 15 लाख रुपये के जेवर व नकदी चोरी कर ले गए।

इस दौरान इंजीनियर की पत्नी और बेटी मेडिकल स्टोर से दवा लेने गई थीं। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला बुध बाजार निवासी राजेश कुमार तेवा एपीआई फैक्ट्री में इंजीनियर हैं। शनिवार शाम वह ड्यूटी गए थे। घर उनकी पत्नी निशा व बेटी थीं। शाम 5 बजे निशा अपनी बेटी के साथ दवा लेने चली गई थीं। घर के दरवाजे पर ताला लगा था। इस बीच चोरों ने घर का ताला तोड़ लिया। आरोपी गुल्लकों में रखी नकदी, आलमारी में रखे लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। जब मां-बेटी दवा लेकर लौटीं तो सामान बिखरा पड़ा देखा। सूचना के बाद इंजीनियर राजेश कुमार भी घर आ गए। पुलिस भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

बंगाल की खाड़ी में 23 तक चक्रवात की आशंका

भुवनेश्वर। बंगाल की खाड़ी में 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान आने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन में कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान अंडमान सागर के ऊपर बने एक चक्रवाती परिसंचरण के क्षेत्र के सोमवार तक कम दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित होने की आशंका है।

कोचिंग में तीन की मौत पर सोमवार को सुनवाई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित एक कोचिंग सेंटर में जुलाई माह में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत से संबंधित मामले पर उच्चतम न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा। दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में स्थित राउज़ आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में भारी बारिश के बाद पानी भर जाने से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थी डूब गए थे। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 21 अक्टूबर की वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

असमः विषाक्त नाश्ता से करीब 200 लोग बीमार

गोलाघाट। असम के गोलाघाट जिले में एक मृतक व्यक्ति की याद में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान नाश्ता करने के बाद खाद्य विषाक्तता के कारण 200 लोग बीमार हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार रात को सरुपथार क्षेत्र के उरीअमघाट के पसघोरिया गांव में प्रदीप गोगोई की मां की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान हुई। एक अधिकारी के अनुसार, कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को पारंपरिक जलपान (नाश्ते के रूप में मुरमुरे और क्रीम) परोसा गया।

बृजभूषण के खिलाफ 4 को बयान दर्ज करेगी कोर्ट

नई दिल्ली। अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर आपराधिक मामले में अब चार नवंबर को गवाहों के बयान दर्ज करेगी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने एक गवाह का बयान दर्ज करने के बाद, अगली कार्यवाही के लिए चार नवंबर की तारीख निर्धारित की। अदालत ने 21 मई को सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए बल प्रयोग करने के आरोप तय किए थे। भाजपा नेता ने अदालत में खुद के निर्दोष होने का दावा किया है।

भाजपा के 99 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी

महाराष्ट्र विस चुनाव : उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से होंगे उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 20 नवंबर को होगा मतदान

भाजपा ने रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 99 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को नागपुर दक्षिण-पश्चिम और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से उम्मीदवार बनाया है।

भाजपा उम्मीदवारों की इस सूची को पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की 16 अक्टूबर को हुई बैठक में अंतिम रूप दिया गया। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। पार्टी ने राज्य सरकार में मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर व पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को नांदेड़ जिले की भोकर विधानसभा सीट से टिकट दिया है। चव्हाण लोकसभा चुनाव से पहले इस साल फरवरी में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वह फिलहाल भाजपा के राज्यसभा सदस्य हैं। महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा 160 सीट पर उम्मीदवार उतार सकती है। बाकी सीटों पर उसके सहयोगी दलों शिवसेना (शिंदे गुट) और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के बेटे संतोष दानवे को भोकरदन से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि पार्टी की मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार वांद्रे पश्चिम से और राज्य सरकार में मंत्री चंद्रकांत पाटिल कोथरुड से चुनाव लड़ेंगे। मुलुंड से मौजूदा विधायक मिहिर कोटेचा को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है और तीन बार के विधायक राम कदम मुंबई की घाटकोपर पश्चिम सीट से फिर से चुनाव लड़ेंगे। शेलार के भाई विनोद शेलार को भी भाजपा ने टिकट दिया है। वह मलाड पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे। सुभाष देशमुख को सोलापुर दक्षिण से और पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे नितेश को कंकावली से टिकट दिया गया है।

पहली सूची में 13 महिलाओं को दिया गया टिकट

महाराष्ट्र चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची में 13 महिलाएं हैं, जबकि अनुसूचित जनजाति से छह और अनुसूचित जाति से चार उम्मीदवार हैं। महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति गठबंधन की सरकार है, जिसके मुखिया शिवसेना के एकनाथ शिंदे हैं। इस सत्ताधारी गठबंधन में शिवसेना के अलावा भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। दूसरी तरफ, विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) है। इसमें उद्धव बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और वरिष्ठ नेता शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल है। साल 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति बिल्कुल बदल गई है।

जूनियर चिकित्सकों की रैली में शामिल हुए लोग

कोलकाता। प. बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार से अपनी 10-सूत्री मांगों के समर्थन में आंदोलनरत कनिष्ठ चिकित्सकों को रविवार शाम नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों का भी साथ मिला। चिकित्सकों ने धर्मतला में आमरण अनशन स्थल पर एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर राज्य के स्वास्थ्य सचिव एन एस निगम को हटाने सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो उनका आंदोलन और तेज हो जाएगा। नागरिक समाज संगठनों के सदस्य तख्तियां लेकर, मोमबत्तियां जलाकर और महिलाओं द्वारा शंख बजाकर आंदोलनकारी चिकित्सकों के समर्थन में एकजुटता दिखाने के लिए रैली में शामिल हुए। ये आंदोलनकारी मृतक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं।

ऑनलाइन मंचों से आईएसआई व आतंकी समूह की हो रही भर्तियां

श्रीनगर, एजेंसी

- युवकों को अत्याचारों से जुड़े वीडियो समेत बरगलाने वाली चीजें हैं दिखाते

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और आतंकी समूह डिजिटल मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर में भर्ती के प्रयास तेज करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि कड़े सुरक्षा प्रबंधों के चलते प्रत्यक्ष संवाद करना मुश्किल होता जा रहा है। एक अधिकारी के अनुसार ये समूह सोशल मीडिया मंचों और एक्स (पूर्व में ट्विटर), फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप के जरिए कम उम्र के युवाओं को बहकाने का प्रयास कर रहे हैं। पकड़े जाने से बचने के लिए वे फर्जी प्रोफाइल और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल कर रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि एक बार पहचान हो जाने के बाद इन युवकों को निजी समूहों में शामिल कर लिया जाता है, जहां उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा किए गए अत्याचारों से जुड़े वीडियो समेत बरगलाने वाली चीजें दिखाई जाती हैं।

इंटरनेट के माध्यम से नेटवर्क बढ़ा रहे आतंकी

अधिकारी ने कहा कि इंटरनेट के प्रसार ने सोशल मीडिया को संचार और सूचना साझा करने का आकर्षक साधन बना दिया है, जिससे आतंकवादी संगठनों को नेटवर्क बढ़ाने में मदद मिलती है। खुद को चरम राष्ट्रवादी बताने वाले कुछ व्यक्तियों की पहचान प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी सहित कट्टरपंथी समूहों से जुड़े होने के रूप में की गई है।

झारखंड में अकेले चुनाव लड़े, तो भी इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे : राजद

रांची, एजेंसी

- सीट बंटवारे पर जताया असंतोष, राजद ने कहा कि 12 से कम सीट उसे स्वीकार्य नहीं

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर हुए समझौते पर निराशा व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को कहा कि 12 से कम सीट उसे स्वीकार्य नहीं होगा और अगर अकेले चुनावी मैदान में उतरना पड़ा, तो उस स्थिति में भी वह इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है, जिसमें कांग्रेस, राजद और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) भी घटक हैं। झामुमो और कांग्रेस ने शनिवार को घोषणा की कि दोनों दल राज्य की 81 विधानसभा सीट में से 70 पर चुनाव लड़ेंगे। राजद प्रवक्ता मनोज कुमार झा ने कहा, 12-13 सीट से कम हमें स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि राजद की 18-20 सीट पर मजबूत पकड़ है। अगर हमें तीन-चार सीट पर चुनाव लड़ने के लिए कहा जाता है, तो हम कोई त्याग करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा हम इंडिया गठबंधन को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। झा ने कहा कि यदि पार्टी अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय भी लेती है, तो भी वह 60-62 सीट पर इंडिया गठबंधन को समर्थन देगी।

जींद में घर में घुस किया नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, मामला दर्ज

जींद। जिले के पिल्लूखेड़ा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से घर में घुसकर दुष्कर्म करने के आरोप में रविवार को महिला थाने में एक शख्स के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहित के तौर पर हुई है। पिल्लूखेड़ा थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 अक्टूबर को वह घर में अकेली थी, तभी जामनी गांव निवासी मोहित उसके घर आया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

महिला ने कलाई की नसें काटीं देखकर पुरुष मित्र की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस को संदेह कि दिल का दौरा पड़ने से हुई है युवक की मौत

दिल्ली में कलाई काटने के बाद अस्पताल में भर्ती हुई महिला मित्र की हालत देखकर एक व्यक्ति बेहोश हो गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस को संदेह है कि उसकी मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई, लेकिन वह सटीक कारण पता लगाने के लिए और जानकारी सामने आने की प्रतीक्षा कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि साढ़े तीन बजे आनंद विहार थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन करके अस्पताल में व्यक्ति के बेहोश होने के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस कैलाश दीपक अस्पताल पहुंची, लेकिन तब तक चिकित्सक अरुण नंदा नामक व्यक्ति को मृत घोषित कर चुके थे। पूछताछ में पता चला कि जगतपुरी निवासी अरुण की मित्र ने शाहदरा के आनंद विहार इलाके में धारदार चीज़ से नसें काट ली थीं, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला ने नसें काटने के बाद मैसेंजिंग ऐप से अरुण को वीडियो भेजा था। महिला की हालत देखकर अरुण अस्पताल में बेहोश हो गया, जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बाबा सिद्दीकीः पुलिस ने एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र में राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में एक ताजा घटनाक्रम में अपराध शाखा ने रविवार को नवी मुंबई से एक स्क्रैप डीलर को शूटरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया। जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मूल रूप से राजस्थान के उदयपुर के रहने वाला भगवत सिंह ओम सिंह (32) के रूप में हुई है। वह वर्तमान में नवी मुंबई में रह रहा है।

बागडोगरा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए मोदी ने रखी आधारशिला

कोलकाता, एजेंसी

- परियोजना के निर्माण कार्य पर 1,550 करोड़ रुपये होंगे खर्च

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तरी प. बंगाल में सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे का विस्तार किये जाने की आधारशिला रखी। इस पर 1,550 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं प्रधानमंत्री ने 23 परियोजनाओं का अनावरण वाराणसी से ऑनलाइन किया। अधिकारियों ने बताया कि बागडोगरा हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव में 70,390 वर्ग मीटर में टर्मिनल भवन होगा, जिसमें व्यस्त समय में 3,000 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी तथा वार्षिक क्षमता एक करोड़ यात्रियों को संभालने की होगी। नया टर्मिनल भवन पर्यावरण अनुकूल होगा, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को एकीकृत किया जाएगा तथा पारिस्थितिकी प्रभाव को कम करने के लिए प्राकृतिक प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

विवाहित व्यक्ति ने नाबालिग लड़की को जिंदा जलाया

- आंध्र प्रदेश के बडवेल में वारदात को आरोपी ने दिया अंजाम

बडवेल (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के बडवेल में 16 वर्षीय लड़की को कथित तौर पर उसके पूर्व प्रेमी ने जलाकर मार डाला। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी व्यक्ति ने कुछ महीने पहले नाबालिग से रिश्ता तोड़ लिया था और अन्य महिला से शादी कर ली थी। उन्होंने कहा कि आरोपी जे. विग्नेश ने कडप्पा जिले के बडवेल के बाहरी इलाके में नाबालिग के ऊपर कथित तौर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। म्यदुकुरु के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने कहा, विग्नेश ने शनिवार सुबह 10 बजे नाबालिग को आग लगा दी, जिसके बाद पीड़िता को कडप्पा स्थित आरआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई।

दूसरे राज्यों की बसों से दिल्ली में बढ़ा प्रदूषण : आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित आनंद विहार प्रदूषण का केंद्र बना हुआ

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि आनंद विहार में प्रदूषण का बड़ा कारण दूसरे राज्यों से आने वाली बसें हैं। दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के पास स्थित उत्तर प्रदेश सरकार के बस डिपो पर प्रदूषण रोधी उपायों को लागू करने के लिए पड़ोसी राज्य के साथ मिलकर काम करेगी।

आतिशी ने पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ आनंद विहार बस डिपो पर प्रदूषण नियंत्रण उपायों का निरीक्षण करने के बाद यह टिप्पणी की। मुख्यमंत्री ने कहा दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित आनंद विहार प्रदूषण का केंद्र है, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्तर सबसे अधिक है। इस क्षेत्र में दिल्ली के बाहर से बसों का आना-जाना लगा रहता है और पास में ही कौशाम्बी बस डिपो भी है। दिल्ली में सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसें चलती हैं, जबकि कौशाम्बी बस डिपो में डीजल बसें आती हैं। हम वहां भी प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर काम करने की योजना बना रहे हैं।

यमुना में प्रदूषण के लिए हरियाणा-उप्र जिम्मेदार

आतिशी ने यमुना में प्रदूषण के लिए हरियाणा व उत्तर प्रदेश सरकारों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा छठ के दौरान वे आगरा नहर को बंद कर देते हैं, जिससे उनका अशोधित कचरा दिल्ली की ओर चला जाता है।

भाजपा कर रही राजनीति

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते वायु और जल प्रदूषण के लिए भाजपा की गंदी राजनीति जिम्मेदार है। सर्दियों की शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब होने लगी है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

बीएसई, एनएसई में 1 नवंबर को दिवाली मुहूर्त कारोबार

नई दिल्ली। प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और एनएसई एक नवंबर को दिवाली पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र आयोजित करेंगे। यह नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक होगा। शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में कहा कि सांकेतिक कारोबार सत्र शाम छह से सात बजे के बीच होगा। यह सत्र नए संवत (दिवाली से शुरू होने वाला हिंदू कैलेंडर वर्ष) की शुरुआत का भी प्रतीक है। मुहूर्त या शुभ घंटे के दौरान कारोबार से हितधारकों के लिए समृद्धि और वित्तीय वृद्धि होती है।

त्योहारी मांग से खाद्य तेलों में तेजी, चीनी-गुड़ महंगा

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद त्योहारी मांग बरकरार रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में 620 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी रही जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं चीनी और गुड़ के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 133 रिंगिट लुढ़ककर 4317 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.36 सेंट की गिरावट के साथ 42.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5200 मसूरी- 5100 बासमती- 9300 परमल- 4200 दाल दलहन : काला चना- 8600 साबुत चना दाल- 9200 मूंग साबुत- 10600 राजमा- 13400-16500 दाल उड़द- 10700 साबुत मसूर दाल- 9200 मसूर दाल- 8650 उड़द साबुत- 10500 काबुली चना- 12200-15600 अरहर दाल- 14800 लोबिया/करमानी- 8100 सोयाबीन- 5200 मूंगफली- 11500 मटर (सूखी)- 5600 मक्का- 3600

दूसरे तिमाही के नतीजों और विदेशी निवेश से तय होगी बाजार की दिशा

विश्लेषकों के अनुसार बाजार में देखने को मिलेगा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- भू-राजनीतिक जोखिम और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से बाजार हो सकता है प्रभावित

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अभी तक भारतीय बाजार के प्रदर्शन में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं। एचडीएफसी बैंक का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 6% की वृद्धि के साथ 17,825.91 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में बढ़कर 16,820.97 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 15,976.11 करोड़ रुपये था।

शीर्ष चार कंपनियों की पूंजी 81,151 करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से चार के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में 81,151.31 करोड़ रुपये बढ़े हैं। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक को हुआ। एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 76,622.05 करोड़ रुपये घट गई।

इंप्लॉयड वोलैटिलिटी : निवेश के निर्णय में मुख्य संकेतक

इंप्लॉयड वोलैटिलिटी (आईवी) एक महत्वपूर्ण वित्तीय माप है, जो विकल्पों के बाजार में अनिश्चितता और जोखिम को दर्शाती है। यह दर्शाता है कि एक संपत्ति की कीमत में भविष्य में कितनी उतार-चढ़ाव हो सकती है, जो निवेशकों के लिए निर्णय लेने में सहायक होती है। उच्च आईवी का मतलब है कि विकल्पों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जबकि कम आईवी अधिक स्थिरता को दर्शाती है। इस लेख में, हम आईवी के लाभों, इसके प्रभावों और निवेशकों के लिए जोखिम प्रबंधन की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

इंप्लॉयड वोलैटिलिटी क्या है?

इंप्लॉयड वोलैटिलिटी (आईवी) एक संकेतक है जो विशेष रूप से विकल्पों (ऑप्शन) के बाजार में उपयोग होता है लिए रणनीतियां विकसित करने में मदद कर सकती है। जब आप किसी विकल्प (कॉल या पुट) को खरीदते हैं, तो उसकी कीमत में एक प्रमुख घटक होता है जो आईवी के रूप में जाना जाता है। अधिक आईवी का मतलब है कि बाजार में अधिक अनिश्चितता है, और इसकी वजह से विकल्प की कीमत अधिक हो जाती है।

निवेशक ऐसे ले सकते हैं लाभ

- **अनुमान लगाने की क्षमता :** आईवी से निवेशक अनुमान लगा सकते हैं कि संपत्ति में कितनी तेजी या मंदी आई। इससे वे बेहतर निर्णय ले सकते हैं।
- **विकल्पों का मूल्य निर्धारण :** जब आईवी अधिक होती है, तो विकल्पों के प्रीमियम बढ़ते हैं। आप सही अनुमान से उच्च प्रीमियम से लाभ ले सकते हैं।
- **जोखिम प्रबंधन :** आईवी से निवेशक अपने पोर्टफोलियो में संभावित जोखिमों को पहचान सकते हैं और उनके अनुसार रणनीतियां बना सकते हैं।
- **बाजार की भावना :** आईवी न केवल अनिश्चितता का माप है, बल्कि यह बाजार की भावना को दर्शाता है।



जोखिम

- **सही समय चुनें :** आईवी का आकलन कर बाजार के अनुसार सही समय का चुनें। आईवी बढ़ रही है, तो लाभ के लिए सही समय हो सकता है।
- **विकल्प : स्ट्रैडल-** जब उम्मीद करते हैं कि बड़ी उतार-चढ़ाव आएगी, लेकिन नहीं जानते कि दिशा क्या होगी। **स्ट्रैंग्ल-** जब एक ही समय में कॉल और पुट विकल्प खरीदते हैं, लेकिन अलग-अलग स्ट्राइक कीमतों पर। **स्प्रेड-** जब आप एक विकल्प खरीदते हैं और दूसरा बेचते हैं, ताकि जोखिम को सीमित किया जा सके।

ईपीएफओ के सदस्यों की संख्या 9.07% बढ़कर हुई 18.53 लाख

नई दिल्ली, एजेंसी

- श्रम मंत्रालय ने कहा- अगस्त में 9.30 लाख नए सदस्य जोड़े गए

सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के नए सदस्यों की संख्या अगस्त में सालाना आधार पर 9.07% बढ़कर 18.53 लाख हो गई है। रविवार को श्रम मंत्रालय ने कहा गया है कि ईपीएफओ ने अगस्त 2024 में 9.30 लाख नए सदस्यों को जोड़ा, जो अगस्त, 2023 से 0.48% की वृद्धि है। इसमें कहा गया है कि नए सदस्यों में यह उछाल रोजगार के बढ़ते अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल पहुंच कार्यक्रमों के कारण है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा जारी अगस्त, 2024 के अस्थायी पेरोल आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2024 में 18.53 लाख सदस्यों की शुद्ध वृद्धि हुई, जो सालाना 9.07% की वृद्धि है। आंकड़ों का एक उल्लेखनीय पहलू 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है, जो अगस्त, 2024 में कुल नए सदस्य जुड़ने का 59.26% है। अगस्त, 2024 के लिए 18-25 आयु वर्ग के लिए शुद्ध पेरोल डेटा 8.06 लाख था।

सौर उपकरण आयात 2030 तक 30 अरब डॉलर होने का अनुमान : जीटीआरआई

- ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य को पूरा करने में निर्यात बढ़ेगा

नई दिल्ली। भारत का सौर उपकरण आयात 2030 बढ़कर सालाना 30 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने रविवार को कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के देश के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह निर्यात बढ़ेगा। इस दौरान चीन पर निर्भरता भी बढ़ेगी। भारत में आत्मनिर्भर सौर विनिर्माण उद्योग विकसित करने के लिए पॉलीसिलिकॉन और वेफर उत्पादन में निवेश करना होगा। इसके बिना भारत को उच्च आयात लागत का सामना करना पड़ सकता है और नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

सरकारी बैंकों में मुख्य महाप्रबंधकों के पद बढ़ाने पर विचार कर रहा वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में चार महाप्रबंधकों पर होंगे मुख्य महाप्रबंधक

वित्त मंत्रालय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के बढ़ते कारोबार और लाभप्रदता पर उनमें मुख्य महाप्रबंधकों के पदों को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। मौजूदा निर्देशों के अनुसार, पीएसबी में चार महाप्रबंधकों के लिए मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) हो सकता है।

सूत्रों ने बताया कि ये निर्देश 2019 में जारी हुए थे और तब से कोविड-19 के बावजूद पीएसबी के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। पीएसबी ने रिकॉर्ड लाभ दर्ज किया है। वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा वृद्धि के अगले स्तर को प्राप्त करने के लिए सीजीएम पदों की समीक्षा कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दिशा-निर्देशों में ढील देने का फैसला गहन जांच और उनके कारोबार को आगे बढ़ाने की जरूरत पर विचार करने के बाद लिया जाएगा। सीजीएम पद 2019 में 10 राष्ट्रीयकृत बैंकों के चार बड़े बैंकों में विलय के बाद बनाया गया था। सीजीएम महाप्रबंधक और कार्यकारी निदेशक के बीच प्रशासनिक और कार्यात्मक संपर्क के रूप में कार्य करते हैं। बैंकों ने वित्तीय सेवा विभाग से यह भी अनुरोध किया है कि निदेशक मंडल को उनकी व्यावसायिक जरूरतों के अनुसार पदों की संख्या तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

मिड व स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड में 30,342 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान मिड-कैप (मझोली कंपनियों में निवेश करने वाले एमएफ) और स्मॉल-कैप (छोटी कंपनियों में निवेश करने वाले) म्यूचुअल फंड योजनाओं के प्रति निवेशकों ने जबर्दस्त उत्साह दिखाया है। इन योजनाओं में 30,342 करोड़ का निवेश आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इन योजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिला है, जिससे इनके प्रति उनका आकर्षण बना हुआ है। पिछले साल समान अवधि में मिड-कैप और स्मॉल-कैप कोषों में प्रवाह 32,924 करोड़ रहा था। सेबी स्मॉल और मिड-कैप में ऊंचे प्रवाह पर चिंता जता चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक उच्च रिटर्न देने की क्षमता के कारण स्मॉलऔर मिड-कैप म्यूचुअल फंड में निवेश जारी रखेंगे।

आर्यन के शतक व रिंकू की बेहतर पारी के बावजूद यूपी मुश्किल में

शतक का जश्न मनाते यूपी के आर्यन जुयाल।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

रणजी मैच- तीसरा दिन

- **हरियाणा की पहली पारी में बने 453 रन के जवाब में यूपी ने 6 विकेट खोकर बनाए 267 रन**

अमृत विचार : कप्तान आर्यन जुयाल (118 रन) के नाबाद शतक और रिंकू सिंह (89 रन) के धमाकेदार अर्धशतक के बावजूद यूपी की राह आसान नजर नहीं आ रही है। हरियाणा के पहली पारी में 453 रन के जवाब में रणजी के तीसरे दिन यूपी ने पहली पारी में 6 विकेट खोकर 267 रन बना लिए हैं। कप्तान आर्यन जुयाल के साथ शिवम शर्मा विकेट पर मौजूद हैं। पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल करने का लक्ष्य यूपी के लिए मुश्किल लग रहा है। इससे पहले यूपी को बंगाल के खिलाफ भी एक अंक ही मिला था ,जबकि पहली पारी में बढ़त के आधार पर बंगाल को 3 अंक मिले थे। एआर जयपुरिया स्कूल प्रांगण स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में हरियाणा ने 9 विकेट पर 431 रन से आगे का खेल शुरू किया। 453 रन पर हरियाणा का आखिरी विकेट गिर गया। युजवेंद्र चहल 48 रनों के योग पर शिवेंद्र शर्मा का शिकार बने। यूपी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 31 रन के योग पर पहला झटका लगा, जब स्वास्तिक चिकारा (21 रन) आउट हो गए। हरियाणा के तेज गेंदबाज अमन कुमार की गेंद पर वह धीरू सिंह को कैच थमा बैठे। प्रियम गर्ग (3) भी हर्षल की गेंद पर हुड्डा को कैच दे बैठे। सिद्धार्थ यादव (6) भी सस्ते में निपट गए। 43 रन पर टीम के तीन विकेट हो गये। इसके बाद रिंकू सिंह ने आर्यन के साथ पारी को संभाला और टीम का स्कोर 205 रनों तक ले गए। हरियाणा के जयंत यादव ने रिंकू सिंह को 89 रन पर आउट किया। रिंकू ने 110 गेंदों पर 10 चौके और तीन छक्के जड़े। रिंकू के आउट होते ही यूपी की पारी लड़खड़ा गई। 5 रन बनाकर नितीश राणा और 2 रन बनाकर सौरभ पवेलियन लौट गये। 13 चौके और एक छक्के की मदद से 118 रन बनाने वाले आर्यन नाबाद हैं। हरियाणा की ओर से हर्षल पटेल, अमन कुमार और जयंत यादव ने दो-दो विकेट लिए।

भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया

जोहोर बाहरू (मलेशिया), एजेंसी

सुल्तान जोहोर कप

दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के दो-दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। मोहम्मद कोनैन दाद (सातवें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने गोल किये। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया।

ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज़ (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने दो-दो गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत ने शनिवार को जापान को हराया था। उसने अपनी वही लय बनाए रखी। लेकिन वह ब्रिटेन था जिसने पहला गोल किया। खेल के दूसरे मिनट में ही पेनरोज ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। भारत ने इसके कुछ देर बाद ही दाद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गोल से बराबरी कर ली। ब्रिटेन ने 15वें मिनट में फिर से बढ़त ली जब पेनरोज़ ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत ने दूसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया और लगातार तीन गोल किए।

खेल डायरी

नागल बासेल में हारे, बोल्लिपल्ली-खाडे ने अल्माटी में एटीपी 250 स्तर का पहला खिताब जीता

नई दिल्ली। भारत के सुमित नागल बासेल में स्विस इंडोर्स में क्वालीफाइंग के दूसरे दौर में हार गये, जबकि ऋत्विक चौधरी बोल्लिपल्ली और अर्जुन खाड़े की जोड़ी ने रविवार को अल्माटी ओपन पुरुष युगल खिताब जीता। ओलंपियन और भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल बासेल में क्वालीफायर में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ के खिलाफ 6-4, 7-6(2) से हार गए। अल्माटी में हालांकि बोल्लिपल्ली और खाडे के लिए यह एक स्वपनिल पल था। भारतीय जोड़ी ने एक घंटे और 41 मिनट तक चले मुकाबले में कोलंबिया के निकोलस बैरिएंटोस और ट्यूनीसिया के स्कैंडर मंसूरी को जोड़ी को हराकर एटीपी 250 स्तर का अपना पहला खिताब जीता।

क्लब विश्व कप खेलेंगे लियोनेल मेस्सी

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी अगले साल क्लब विश्व कप खेलेंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो ने शनिवार की रात घोषणा की कि इंटर मियामी इस टूर्नामेंट में खेलेगा। मेस्सी की अपार लोकप्रियता को देखते हुए इस घोषणा की अपेक्षा भी की जा रही थी। हर चार साल में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में फीफा के छह फुटबॉल परिसंघों की 32 टीमें भाग लेती हैं। इंटर मियामी 15 जून 2025 को मियामी गार्डन्स से पहला मैच खेलेगी। टूर्नामेंट का फाइनल 13 जुलाई को न्यूजर्सी में होगा। क्लब विश्व कप में यूरोप की भी 12 टीमें होंगी।

सबसे अमीर मैराथन की मेजबानी करेगा श्रीनगर

तीरंदाजी : फुगे विश्व कप फाइनल में पदक से चूके, ज्योति क्वार्टर फाइनल से बाहर टिलेक्सकला (मैक्सिको), 20 अक्टूबर (भाषा) उदीयमान सितारे प्रथमेश फुगे तीरंदाजी विश्व कप कंपाउंड सेमीफाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में मौजूदा चैम्पियन मथियास फुलेर्टन से हारकर पदक से चूक गए। रोमांचक मुकाबले में दोनों तीरंदाजों ने पांचों दौर में परफेक्ट 10 स्कोर किया और एक अंक भी नहीं गंवाया। स्कोर 150-150 रहने के बाद शूटआफ से विजेता का फैसला हुआ। शूटआफ में भी स्कोर 10-10 से बराबर रहा। इसके बाद डेनमार्क के तीरंदाज ने मामूली अंतर से फुगे को हराया। फुगे अगर जीत जाते तो पदक पक्का हो जाता। कांस्य पदक के प्लेआफ मुकाबले में वह विश्व चैम्पियन माइक शोलेसेर से 150-146 से हार गए। वहीं पूर्व विश्व कप पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम महिला कंपाउंड वर्ग में क्वार्टर फाइनल में एस्तोनिया की मीरी मारिता पास से 145-147 से हार गई। रिकर्व वर्ग में दीपिका कुमारी और धीरज बोम्मादेवरा उतरेंगे।

जोकोविच ने नडाल को, सिनेर ने अल्काराज को हराया

रियाद। इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7, 6-3, 6-3 से हराकर सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप जीती जबकि नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में रफेल नडाल को 6-2, 7-6 से हराया। नडाल अपने कैरियर में आखिरी बार यह चैम्पियनशिप खेल रहे थे। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिये खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कहेंगे। इस नुमाइशी टूर्नामेंट के पिछले दौर में अल्काराज ने नडाल और सिनेर के अलावा जोकोविच को भी हराया था। इस टूर्नामेंट में पुरस्कार राशि मिलती है लेकिन एटीपी अंक नहीं।

न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद जीता टेस्ट

तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने आठ विकेट से मैच जीतकर ली 1-0 की बढ़त

- **विल यंग और रचिन रविंद्र ने तीसरे विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी की**

बेंगलुरू, एजेंसी

न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के स्पेल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी नए बदलाव की भारत की उम्मीद पर पानी फेर दिया। पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा। आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था।

जीत के लिए 107 रन का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरुआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती। विल यंग 48 रन और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की साझेदारी कर टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढत दिला दी। पहली पारी में 46 रन पर आउट होने के बावजूद भारत ने जिस तरह मैच में वापसी की थी, वह काबिले तारीफ है। उसे अब पुणे में 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में स्वाभाविक खेल दिखाना होगा। गले की जकड़न से उबरने के बाद शुभमन गिल की दूसरे टेस्ट में वापसी तय है लेकिन पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 150 रन बनाने वाले सरफराज खान को अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत को देखना होगा कि तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है या तीन स्पिनर उतारने है। यह फैसला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर कारगर साबित नहीं हुआ। आखिरी दिन गीली आउटफील्ड से मैच एक घंटा विलंब से 10 बजकर 15 मिनट पर शुरू हुआ। नई गेंद पर बुमराह ने 29 रन देकर दो विकेट लिए। टॉम लाथम खाता खोले बिना पहले ही ओवर में पगबाधा आउट हो गए। भारत को तीसरे तेज गेंदबाज की कमी महसूस हुई होगी क्योंकि विकेट से बुमराह और सिराज को मदद मिल रही थी। भारत ने तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को उतारा था, जिन्होंने 3 ओवर में 26 रन दिए। डेवोन कोंवे भी बुमराह के सामने असहज थे और 17 रन पर पगबाधा हुए। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय दो विकेट पर 35 रन था लेकिन यंग और रविंद्र ने संभलकर खेला और दोनों ने ढीली गेंदों को नसीहत दी। पहली पारी में शतक जमाने वाले रविंद्र ने कुलदीप को छक्का भी लगाया।

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद जश्न मनाते न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और विल यंग। ● एजेंसी

36 साल बाद टेस्ट जीतने का एहसास है खास : लाथम

बेंगलुरू। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने टीम को याद दिलाया कि पहला मैच जीतने के बाद जश्न के बीच दूसरे टेस्ट पर ध्यान ना भटकने दे, क्योंकि भारत के पास जवाबी हमला करने की ताकत है। न्यूजीलैंड को 24 अक्टूबर से पुणे में शुरू होने वाले दूसरे मैच की तैयारी करनी होगी। न्यूजीलैंड की यह भारत में सिर्फ तीसरी टेस्ट जीत है। टीम को इस प्रारूप की तीसरी जीत के लिए 36 साल का इंतजार करना पड़ा। लाथम ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि 36 साल बाद हमने यहां जीत हासिल की है। इस स्थिति में होना वास्तव में विशेष एहसास है। यह टीम के लिए गर्व का क्षण है और हम इसका जश्न मनाएंगे।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 46 रन

न्यूजीलैंड पहली पारी: 402

भारत दूसरी पारी: 462

न्यूजीलैंड दूसरी पारी: 110/2 (27.4 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
टॉम लाथम पगबाधा बो बुमराह	0	06	0/0
डेवोन कोंवे पगबाधा बो बुमराह	17	39	3/0
विल यंग नाबाद	48	76	6/1
रचिन रविंद्र नाबाद	39	46	6/0

अतिरिक्त: 6, विकेट पतन : 1 .0, 2 .35 गेंदबाजी : बुमराह 8-1-29-2 सिराज 7-3-16-0 जडेजा 7 .4-1-28-0 कुलदीप 3-0-26-0 अश्विन 2-0-6-0

हारकर भी डब्ल्यूटीसी सूची में शीर्ष पर भारत

दुबई। न्यूजीलैंड से पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। भारत का प्रतिशत गिरकर 68 .06 हो गया है और अब उसे आगामी दो टेस्ट तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। तालिका में आस्ट्रेलिया 62 .50 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्रीलंका 55 .56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड इस जीत के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है। न्यूजीलैंड टीम नवंबर और दिसंबर में तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करेगी और शीर्ष दो में पहुंच सकती है।

हम एक मैच के आधार पर अपनी मानसिकता नहीं बदलते : रोहित

बेंगलुरु। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भारत सिर्फ एक हार के बाद टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना आक्रामक रवैया नहीं बदलेगा। रोहित ने मैच के बाद कहा कि हम एक मैच या एक श्रृंखला के आधार पर अपनी मानसिकता नहीं बदलते हैं। भारत ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में इसी तरह का रवैया दिखाया और बारिश से दो दिन से अधिक समय गंवाने के बावजूद टीम ने जीत दर्ज की। यह कोशिश जारी रखने के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम को यह संदेश देने के बारे में है कि हम दबाव में या मैच में पिछड़ नहीं रहे हैं। जब आप वास्तव में पीछे होते हैं, तो आप असाधारण चीजें करने की कोशिश करते हैं और बिना डर के खेलना चाहते हैं। हम ने हाल के कुछ मैचों में जैसा प्रदर्शन किया है उससे पता चलता है कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं और यह इसी तरह होने वाला है। हमने यहां (बेंगलुरु में) भी बेखौफ क्रिकेट खेला।

एशियाई क्रॉस कंट्री में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हांगकांग। भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को एशियाई क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 11 पदक जीते। भारत ने सभी चार टीम श्रेणियों पुरुष, महिला और पुरुष अंडर-20 और महिला अंडर-20 में स्वर्ण पदक जीते। भारत ने जहां पुरुषों की व्यक्तिगत 10 किमी स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया वहीं भारतीय महिला एथलीटों ने व्यक्तिगत 10 किमी दौड़ में स्वर्ण और रजत पदक जीता, लेकिन वह कांस्य पदक से चूक गईं। एशियाई खेलों के पदक विजेता और 5,000 मीटर और 10,000 मीटर ट्रैक स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह पुरुषों की 10 किमी दौड़ में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 32:43 मिनट में यह दौड़ पूरी करके स्वर्ण पदक हासिल किया। अभिषेक पाल 32:49 मिनट के समय के साथ दूसरे जबकि अरुण राठौड़ 32:51 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के ही कार्तिक कुमार ने चौथा स्थान हासिल किया।

जर्मनी के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए वरुण की भारतीय हॉकी टीम में वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

जर्मनी के खिलाफ 23-24 अक्टूबर को यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिए डिफेंडर वरूण कुमार की भारतीय हॉकी टीम में वापसी हुई है। जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप से वरुण पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में नहीं थे। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि आरोपों से क्लीन चिट मिलने के बाद वरुण को टीम में लिया गया है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम को मिडफील्डर हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं। इस श्रृंखला से राजिंदर सिंह और आदित्य अर्जुन लालागे पदार्पण करेंगे। गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक व सूरज करकेरा होंगे जबकि डिफेंस की कमान हरमनप्रीत के साथ जरमनप्रीत, अमित रोहिदास, वरुण और संजय संभालेंगे। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, विष्णु कांत सिंह, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, मोहम्मद राहीन मौसीन और राजिंदर सिंह होंगे।

एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर को भारतीय अंडर 17 टीम का चयन

नई दिल्ली, एजेंसी

- **थाईलैंड में होने वाले कप के लिए 23 सदस्यीय टीम का ऐलान**

भारत की अंडर 17 पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इशफाक अहमद ने रविवार को थाईलैंड में 23 से 27 अक्टूबर तक होने वाले एएफसी अंडर 17 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत ग्रुप डी में है, जिसमें उसका सामना ब्रूनेइ दारूस्सलाम, तुर्कमेनिस्तान और थाईलैंड से होगा। एएफसी अंडर 17 एशियाई कप 2025 सउदी अरब में खेला जाएगा। **भारतीय टीम:** गोलकीपर- ए सूरज सिंह, रोहित, नंदन रॉय डिफेंडर- करीश सोराम, कैफ, सी रेनिन सिंह, बी सुमित शर्मा, टी उशाम सिंह, येइफारेम्बा चिंगखाम, जोड्रिक अबरांचेस मिडफील्डर- अब्दुल साल्हा शीरगोजरी, ए सैमसन, के अजलान शाह, लेविस जांगमिनलुन, सामी, मनभाकुपर मालजियांग, अरबाश, एन रिषि सिंह, विशाल यादव, एन माटे फॉरवर्ड- भरत लाइरेंजाम, प्रेम हंसदाक, एच लुंकिम।

बॉलीवुड हलचल

हिंदी में डब होगी तमन्ना की फिल्म ओडेला 2

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की तेलुगु भाषा में बन रही फिल्म ओडेला 2, हिंदी में भी डब कर रिलीज की जा सकती है। तमन्ना भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। तमन्ना इन दिनों फिल्म ओडेला 2 को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली है। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाती नजर आयेंगी। चर्चा है कि ओडेला 2 को हिंदी में भी डब किया जाएगा। इस फिल्म को मूल भाषा तेलुगु के साथ-साथ पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, मुरली शर्मा, वशिष्ठ सिम्हा और अन्य कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्माण संपत नंदी द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। तमन्ना भाटिया हाल ही में रिलीज़ हुई ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी, फिल्म स्त्री 2 में स्पेशल डांस नंबर आज की रात में नजर आयीं थी।

रॉकस्टार गर्ल नरगिस हुईं 45 वर्ष की

मुंबई। बॉलीवुड की रॉकस्टार गर्ल नरगिस फाखरी आज 45 वर्ष की हो गयी। नरगिस फाखरी का जन्म 20 अक्टूबर 1979 को क्वीन्स, न्यूयॉर्क में हुआ था। नरगिस की मां मैरी फाखरी क्रिश्चियन थीं, जबकि पिता मोहम्मद फखरी पाकिस्तानी थे। जब नरगिस छह साल की थी तो उनके माता-पिता का तलाक हो गया था। कुछ साल बाद उनके पिता की मृत्यु हो गई। नरगिस ने करियर की शुरुआत 16 साल की उम्र में मॉडल के रूप में की थी। उन्होंने अमेरिका के नेक्स्ट टॉप मॉडल (2004) में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में पेशेवर रूप से मॉडलिंग की। उन्होंने कई मॉडलिंग एजेंसी के साथ ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, स्विटजरलैंड, थाईलैंड, हॉन्गकॉन्ग, जर्मनी और ब्रिटेन आदि देशों में काम किया। 2009 के दौरान नरगिस किंगफिशर की कैलेंडर गर्ल बनीं, जिससे उनके लिए बॉलीवुड का रास्ता खुल गया। किंगफिशर के कैलेंडर में नरगिस को देखकर इम्तियाज अली ने उन्हें फिल्म रॉकस्टार ऑफर की। 2011 में प्रदर्शित इस फिल्म में रणबीर कपूर और नरगिस की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया इसके बाद उन्होंने मद्रास कैफे, मैं तेरा हीरो, अजहर ,अमावस , तोरबाज जैसी कुछ फिल्मों में काम किया। नरगिस ने फिल्म स्पाय के जरिये हॉलीवुड डेब्यू भी किया। नरगिस इन दिनों हाउसफुल 5 की शूटिंग में बिजी हैं।

डीडीएलजे के 29 साल पूरे, काजोल ने दी करवाचौथ की बधाई

मुंबई। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनेत्री काजोल की ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे) के प्रदर्शन के 29 साल पूरे हो गये हैं। यश चोपड़ा निर्मित और आदित्य चोपड़ा निर्देशित फिल्म दिलवाले दुल्हनियां ले जायेगें, 20 अक्टूबर 1995 को प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म में शाहरूख खान, काजोल, अमरीशपुरी, अनुपम खेर ने मुख्य भूमिका निभायी थी। काजोल ने फिल्म डीडीएलजे के 29 साल पूरे होने की प्रशंसकों को एक साथ खास अंदाज में बधाई दी। काजोल ने इंस्टाग्राम पर डीडीएलजे का एक पोस्ट साझा कर कैप्शन में लिखा करवा चौथ के ओजी (ओरिजनल) को 29 साल... सभी को करवा चौथ की शुभकामनाएं... शायद मराठा मंदिर जाकर फिल्म देखें। डीडीएलजे के 29साल पूरे।

ओलंपिक के फाइनल पर भाला फेंक स्टार बोले- प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी

वह दिन नदीम का था : नीरज चोपड़ा

लखनऊ, एजेंसी



पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने से चूकने वाले भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि उनके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी, लेकिन वह दिन पाकिस्तान के अरशद नदीम का था जो उन्हें पछाड़कर चैंपियन बना। चोपड़ा ने आठ अगस्त को हुए फाइनल में 89.45 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता, लेकिन नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए पहले ही प्रयास में 92.97 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले चोपड़ा लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बने।

चोपड़ा ने कहा कि कुछ भी गलत नहीं था, सब कुछ सही था। थ्रो भी अच्छा था। ओलंपिक में रजत प्राप्त करना भी कोई छोटी चीज़ नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि प्रतियोगिता अच्छी थी और स्वर्ण पदक उसी ने जीता है जिसका वह दिन था। वह नदीम का दिन था। चोपड़ा ने इस धारणा को खारिज किया कि हॉकी और क्रिकेट के बाद भाला फेंक भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता का गवाह बनने वाला नया खेल बन गया है। उन्होंने कहा कि भाला फेंकने में कोई दो टीमें नहीं हैं, लेकिन विभिन्न देशों के 12 एथलीट हैं जो एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। मैं 2016 से भाला फेंक में नदीम के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा हूं और यह पहली बार है कि नदीम ने जीत हासिल की है। नदीम के बारे में पूछने पर चोपड़ा ने कहा कि नदीम अच्छा इंसान है, अच्छे तरीके से बोलता है, सम्मान करता है, इसलिए मुझे अच्छा लगता है। भाला फेंक में शुरुआत के बारे में उन्होंने कहा कि वह एक अप्रत्याशित पल था, जब मैंने इसकी शुरुआत की। मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता था। जब मैं मैदान पर गया, उस समय, यह निर्णय लिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

भीड़ की गोलीबारी में तीन की मौत, 8 घायल

वाशिंगटन। अमेरिका के मिसिसिपी राज्य में एक फुटबॉल खेल में हाईस्कूल के पूर्व छात्रों की टीम की जीत का जश्न मना रही सैकड़ों लोगों की भीड़ पर हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शनिवार सुबह दो लोगों ने फुटबॉल खेल में जीत का जश्न मना रहे कई सौ लोगों की भीड़ पर खेल खत्म होने के कुछ घंटों बाद आउटडोर कोर्ट पर गोलियां चला दीं। गोलीबारी लेक्सिंगटन शहर से कई किलोमीटर दूर हुई। स्थानीय शेरिफ के अनुसार, भीड़ में 200 से 300 लोग थे, जो गोलियों की आवाज सुनकर तितर-बितर होने लगे। मृतकों में से दो की उम्र 19 साल और तीसरे की उम्र 25 साल है।

जॉर्जिया के सैपेलो द्वीप में सात लोगों की मौत

अमेरिका। अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के सैपेलो द्वीप में नौका घाट (डॉक) का एक हिस्सा ढह जाने से शनिवार को कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी इसे संचालित करने वाली सरकारी एजेंसी के प्रवक्ता ने दी। जॉर्जिया के प्राकृतिक संसाधन विभाग के प्रवक्ता टायलर जोन्स ने बताया कि कई लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। जोन्स ने कहा कि अमेरिकी तट रक्षक बल, मैकिन्टोश काउंटी का अग्निशमन विभाग, जॉर्जिया का प्राकृतिक संसाधन विभाग और अन्य विभाग के कर्मचार पानी में अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं।

दुर्ग में अंधविश्वास के चलते पोते ने की दादी की हत्या

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में अंध विश्वास कम होने का नाम नही ले रहा है अंधविश्वास के चलते एक और जान चली गयी। दुर्ग जिले में शनिवार शाम को नंदिनी थाना क्षेत्र के नंदकट्टी गांव में एक पोते ने अपनी 77 वर्षीय दादी की त्रिशूल से हत्या कर दी और फिर नजदीक के शिवलिंग पर उसका खून चढ़ा दिया और जब खून कम पड़ा तो उसने स्वयं को भी घायल कर अपना खून चढ़ाने लगा। घटना की सूचना मिलते ही नंदिनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले कर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी से पूछताछ करने पर यह पता चला है कि पूरा मामला अंधविश्वास से जुड़ा हुआ है। आरोपी खुद को शिव भक्त बताता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अधिक निवेश आय के बहाने ठगी, दो लोग गिरफ्तार

गुरुग्राम। पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश पर अधिक आय के बहाने लोगों को ठगने के आरोप में एक बैंक कर्मचारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान जयपुर के मूल निवासी कनिष्क विजयवर्गीय और राम अवतार के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि शेयर बाजार में निवेश पर अधिक आय के बहाने 23 जुलाई को उससे 24.60 लाख रुपये की ठगी की गई। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई।

हाफ मैराथन...

वेदांता ग्रुप की ओर से दिल्ली में हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इसकी पुरस्कार राशि 2,60,000 अमेरिकी डॉलर रखी गई थी। इस आयोजन में दिव्यांग ने भी भाग लिया। एजेंसी

पाकिस्तान में विवादास्पद संवैधानिक संशोधन विधेयक को मंजूरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान कैबिनेट ने रविवार को गठबंधन सहयोगियों से आम सहमति लेने के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में एक बैठक के दौरान विवादास्पद 26वें संवैधानिक संशोधन के प्रस्तावित मसौदे को मंजूरी दे दी। गठबंधन सरकार रविवार को सीनेट और नेशनल असेंबली में प्रस्तावित न्यायिक सुधार विधेयक पेश करने के लिए तैयार है। डॉन न्यूज ने प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के हवाले से कहा, संघीय कैबिनेट ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी समेत सरकार और इसके गठबंधन सहयोगियों के 26वें संवैधानिक संशोधन के प्रस्तावित मसौदे को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक से पहले प्रधानमंत्री शहबाज ने प्रस्तावित संवैधानिक संशोधन पर विस्तृत चर्चा के लिए राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की।

नेपाल की धरती पर चीन विरोधी गतिविधियां नहीं होने दी जाएंगी

- प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की टिप्पणी

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को कहा कि देश में चीन विरोधी गतिविधियां नहीं होने दी जाएंगी और यह एक चीन नीति का समर्थन करता है। ओली ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य चेन जिनिंग के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह टिप्पणी की।

यह बैठक काठमांडू के बालूवातार में उनके आधिकारिक आवास पर हुई। एक चीन नीति के प्रति नेपाल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए ओली ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि नेपाल की सीमा में कोई भी चीन विरोधी गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। चीन का दावा है कि अलग हुआ देश ताइवान उसका हिस्सा है और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले सभी देशों के लिए एक चीन नीति का पालन करना अनिवार्य है।

चीन से निरंतर समर्थन की आशा व्यक्त की

ओली ने नेपाल के आर्थिक विकास के लिए चीन से निरंतर समर्थन की आशा भी व्यक्त की। प्रधानमंत्री के अनुसार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी पार्टियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के बारे में भी बातचीत हुई।

यूक्रेन ने दागे 100 से ज्यादा ड्रोन, रूस ने भी किया पलटवार

कीव। रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने रविवार को देश के पश्चिमी क्षेत्र में 100 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। दूसरी ओर यूक्रेन के क्रीवी रिह शहर में एक बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 17 लोग घायल गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बीती रात रूस के सात क्षेत्रों की ओर भेजे गए 110 ड्रोन को मार गिराया गया। अधिकतर ड्रोन ने रूस के सीमा क्षेत्र कुर्क्स को निशाना बनाया, जहां 43 ड्रोन मार गिराए जाने की सूचना मिली है। सोशल मीडिया पर सामने आई वीडियो फुटेज में निजनी नोवगोरोड क्षेत्र के डेजरजिन्स्क शहर के ऊपर वायु रक्षा बल ड्रोनों के तबाह करते हुए दिख रहे हैं। स्थानीय गवर्नर ग्लेब निकितिन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि डेजरजिन्स्क औद्योगिक क्षेत्र पर ड्रोन हमले को विफल करते हुए चार लड़ाके घायल हो गए।

मेरी हत्या की कोशिश ईरान की बड़ी गलती

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा- इजराइल पर हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के एजेंट ने उनकी और उनकी पत्नी की हत्या करने की कोशिश करके एक बड़ी गलती की है। उन्होंने लेबनान से ड्रोन हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उसका लक्ष्य उत्तरी शहर कैसरिया में उनके निजी आवास को निशाना बनाना था।

बाद में ड्रोन ने शहर के एक अन्य घर को निशाना बनाया, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हमले के समय नेतन्याहू और उनकी पत्नी अपने निजी आवास में नहीं थे। नेतन्याहू ने बयान में कहा यह मुझे और इजराइल को पीढ़ियों तक हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई जारी रखने से नहीं रोक सकेगा। उन्होंने कहा, मैं ईरानियों और उनके सहयोगियों से कहता हूं कि जो कोई भी इजराइल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हम आपके आतंकवादियों को खत्म करना जारी रखेंगे, गाजा से हमारे अपहृत लोगों को वापस लाएंगे और उत्तरी क्षेत्र के निवासियों को उनके घर वापस लाएंगे। नेतन्याहू ने कहा, हम स्वयं द्वारा निर्धारित सभी युद्ध लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और पीढ़ियों के लिए हमारे क्षेत्र में सुरक्षा वास्तविकता को बदल देंगे। वहीं, इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष की शुरुआत के बाद से लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 2,448 तक पहुंच गई है, जबकि 11,471 लोग घायल हुए हैं। शनिवार एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। लेबनानी मंत्रिपरिषद में आपदा जोखिम प्रबंधन इकाई द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में लेबनान पर इजराइली हवाई हमलों में 30 लोग मारे गए और 135 अन्य घायल हो गए।

गाजा में हमले के बाद ध्वस्त इमारतें।

उत्तरी गाजा में इजराइली हमलों में 87 लोग मारे गए

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। उत्तरी गाजा में कई मकानों पर इजराइली हमलों में 87 लोग मारे गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि बेत लहिया शहर पर शनिवार को रातभर और रविवार को हुए हमलों में 40 लोग घायल भी हुए हैं। गाजा के उत्तरी छोर पर स्थित बेत लहिया, लगभग एक वर्ष पहले इजराइल के जमीनी हमले के पहले लक्ष्यों में से एक था। तीन अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिका वर्गीकृत दस्तावेजों को अनधिकृत रूप से जारी करने की जांच कर रहा है। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ये दस्तावेज वैध प्रतीत होते हैं। ईरान लेबनान में हमास और हिजबुल्ला आतंकवादी समूह का समर्थन करता है, जहां एक साल से बढ़ते तनाव ने पिछले महीने एक पूर्ण युद्ध का रूप ले लिया। बेत लहिया में हमलों पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। इसने हालांकि कहा कि वह गाजा में हवाई हमलों और जमीनी अभियानों दोनों को जारी रखे हुए है। चिकित्सक रहीम खेदर के अनुसार मृतकों में दो दंपती और उनके चार बच्चे, तथा एक महिला, उसका बेटा और उसकी पुत्रवधू और उनके चार बच्चे शामिल हैं।

ईरान पर किसी भी इजरायली हमले का मिलेगा करारा जवाब : अरागची

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने शनिवार को कहा कि ईरान के खिलाफ किसी भी इजराइली हमले का मतलब खतरे की रेखा को पार करना होगा और इसका माकूल जवाब दिया जायेगा। अरागची ने तुर्की प्रसारक एनटीवी को बताया, ईरान पर किसी भी हमले का मतलब हमारे लिए लाल रेखा को पार करना है। हम ऐसे हमले को अनुत्तरित नहीं छोड़ेंगे। ईरान की परमाणु सुविधाओं या किसी भी तरह के हमले पर आवश्यक प्रतिक्रिया दी जाएगी। ईरान पर इजराइल को किसी भी हमले के लिए एक सममित प्रतिक्रिया मिलेगी। शीर्ष ईरानी राजनयिक ने कहा, इजराइल को ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया के दौरान, 90 प्रतिशत तक मिसाइलें अपने लक्ष्य तक पहुंच गईं।

इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति बने प्रबोवो

- राजधानी जकार्ता में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

जकार्ता, एजेंसी

प्रबोवो सुबियांतो ने विश्व के सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया के आठवें राष्ट्रपति के रूप में रविवार को शपथ ली। पूर्व रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो (73) ने देश के सांसदों और अन्य देशों से आमंत्रित किए गए गणमान्य व्यक्तियों के समक्ष मुस्लिमों के पवित्र धर्म ग्रंथ कुरान पर हाथ रखकर राष्ट्रपति पद की शपथ ली, जिसके बाद सड़कों पर मौजूद हजारों समर्थकों ने उनका स्वागत किया।

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में 40 से अधिक देशों के नेता और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस, अमेरिका, सऊदी अरब, रूस, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश सम्मिलित हैं। सुबियांतो लंबे समय से बेहद लोकप्रिय राष्ट्रपति जोको विडोडो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं और उन्होंने इससे पहले दो बार 2014 और 2019 में उनके खिलाफ राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों ही मौकों पर जोको विडोडो ने अपनी हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। हालांकि, विडोडो ने पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद सुबियांतो को रक्षा प्रमुख नियुक्त किया था। सुबियांतो के साथ-साथ देश के नए उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका (37) ने भी शपथ ली।

विदेश राज्यमंत्री ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

जकार्ता। विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने रविवार को जकार्ता के संसद परिसर में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और उपराष्ट्रपति जिब्रान राकाबुमिंग राका के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दो दिवसीय यात्रा पर गए मार्गेरिटा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति सुबियांतो को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

असम में भूमि अधिकार योजना का तीसरा संस्करण शुरू : हिमंत

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को मिशन बसुंधरा योजना के तीसरे एवं अंतिम चरण की शुरुआत की। यह राज्य के मूल निवासियों को भूमि अधिकार देने का एक प्रमुख कार्यक्रम है। शर्मा ने यहां एक आधिकारिक समारोह में कहा कि मूल निवासियों को भूमि पट्टे प्रदान करके, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार जाति-माटी-भेटी (समुदाय, भूमि, मातृभूमि) की रक्षा के अपने संकल्प को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, सत्ता संभालने के तुरंत बाद, हमने असम में मूल निवासियों को भूमि अधिकार प्रदान करने के मिशन पर काम शुरू किया।

अमेरिकी लोकतंत्र के लिए हैरिस खतरा : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने उन्हें गलत तरीके से नामित किया है। ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा, वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं।

जिस तरह से उन्होंने उम्मीदवारी हासिल की। वे मुझे लोकतंत्र के लिए खतरा कहते हैं, है न? वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। क्योंकि उन्हें उम्मीदवार भी नहीं होना चाहिए था, उन्हें उम्मीदवार को निष्पक्ष रूप से चुनना चाहिए था, न कि उन्हें सिर्फ इसलिए देना चाहिए था, क्योंकि वे राजनीतिक रूप से सही होना चाहते थे। उन्होंने हैरिस को इतिहास की सबसे खराब उपराष्ट्रपति बताते हुए कहा कि दुनिया उनका ठीक वैसे ही मजाक उड़ा रही है, जैसे वह वर्तमान अमेरिकी नेता जो बाइडेन पर हंसती है।



पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पोलियो के दो नए मामले मिले

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पोलियो के दो नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही देश में इस साल सामने आए कुल मामलों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, प्रांत के संघर और मीरपुर खास जिलों में शनिवार को नए मामलों की पुष्टि हुई। एक दिन पहले ही चार नए मामलों की पुष्टि हुई और इसके बाद अब दो मामलों की पुष्टि हुई है जिससे देश में पोलियो वायरस के उन्मूलन के प्रयासों को झटका लगा है। इस साल मीरपुरखास और संघर में पोलियो के एक-एक मामले सामने आए हैं।

बांग्लादेश में संसद नहीं हटा सकेगी न्यायाधीशों को

- सर्वोच्च न्यायिक परिषद को न्यायिक कदाचार के आरोपों की जांच के अधिकार के साथ किया बहाल

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय ने सर्वोच्च न्यायिक परिषद को न्यायिक कदाचार के आरोपों की जांच करने के अधिकार के साथ रविवार को बहाल कर दिया। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही अपने उस पिछले फैसले को भी बरकरार रखा, जिसमें 16वें संविधान संशोधन को अवैध घोषित किया गया था।

जिसके तहत न्यायाधीशों को हटाने का अधिकार संसद को हस्तांतरित किया गया था। उच्चतम न्यायालय के वकील रूहुल कुद्दुस ने उच्चतम न्यायालय द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद संवाददाताओं को बताया यह आदेश प्रधान न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद के नेतृत्व वाली उच्चतम न्यायालय की अपीलीय प्रभाग की छह सदस्यीय पीठ द्वारा पारित किया गया। सुनवाई में मौजूद कुद्दुस ने कहा कि इस फैसले ने मूल संवैधानिक प्रावधानों को मजबूत किया है। इस फैसले का मतलब पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल के दौरान पारित 16वें संवैधानिक संशोधन को रद्द करना भी है।

भारत को संरा सुरक्षा परिषद में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए : रूस

मॉस्को। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस का मानना है कि भारत, ब्राजील और अफ्रीकी देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। रविवार को सरकारी समाचार एजेंसी तास ने एक खबर में यह जानकारी दी। तास की खबर के अनुसार लावरोव ने एआईएफ ऑनलाइन को दिए साक्षात्कार में कहा, भारत, ब्राजील के साथ-साथ अफ्रीकी देशों को काफी समय पहले सुरक्षा परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए था। इन देशों में दुनिया की बड़ी आबादी रहती है, जिसका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

सिंगापुर के साथ परस्पर हितों की संभावनाएं तलाशेगा भारत

सिंगापुर, एजेंसी

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि वह यहां अपनी आगामी बैठकों के दौरान सिंगापुर के मंत्रियों के साथ शिक्षा क्षेत्र में सहयोग और आपसी हितों को बढ़ाने की संभावनाएं तलाशेंगे। प्रधान शिक्षा में पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग, भागीदारी और तालमेल को बढ़ावा देने के लिए 20 से 26 अक्टूबर तक सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया की अपनी सात दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सिंगापुर में हैं।

उन्होंने दोपहर के भोजन पर करीब 500 प्रवासी भारतीयों को संबोधित करने के बाद कहा मैं शिक्षा के क्षेत्र में आपसी हितों की अधिक संभावनाएं तलाशने के लिए यहां आया हूं, जैसे पीएचडी कार्यक्रम और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा जैव प्रौद्योगिकी जैसे भविष्य के क्षेत्र। मंत्री ने कहा कि सिंगापुर का भारतीय बाजार के साथ स्वाभाविक संबंध है और हम भविष्य में सिंगापुर के साथ बड़े पैमाने पर जुड़ेंगे।

शिक्षामंत्री पाठ्यक्रम एकीकरण की संभावना पर भी करेंगे चर्चा

प्रधान अपनी दो दिवसीय सिंगापुर यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, उप प्रधानमंत्री गान किम योंग, शिक्षा मंत्री चान चुन सिंग और विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन से मुलाकात करेंगे। प्रधान सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ-साथ एक स्थानीय माध्यमिक विद्यालय का भी दौरा करेंगे, जहां वे पाठ्यक्रम एकीकरण की संभावना पर चर्चा करेंगे।

आयोजन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- शिक्षण कर्मियों की भर्ती में कोई समझौता नहीं

हम एम्स ब्रांड को नहीं होने देंगे कमजोर : नड्डा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि वह नये अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) में पढ़ाई और शिक्षण कर्मियों की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने देंगे और इस ब्रांड की रक्षा करेंगे। नड्डा ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सेवाएं दे रहे बिहार और झारखंड के चिकित्सकों के मंच द्वारा आयोजित बीजेएमएफकॉन-2024 को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली एम्स की स्थापना 60 के दशक में हुई और 80 के दशक में ही यह एक ब्रांड के रूप में उभर पाया।

उन्होंने कहा किसी भी संस्थान को विकास करने और पूरी क्षमता से काम करने में 10 से 20 साल का समय लगता है। मैं एम्स के मानकों को कमजोर नहीं होने दूंगा और ब्रांड नाम की रक्षा करूंगा। नड्डा ने कहा कि शिक्षण कर्मियों की भर्ती में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एम्स-दरभंगा के लिए जल्द ही भूमिपूजन समारोह आयोजित किया जाएगा और एम्स-देवघर का काम शुरू हो चुका है और कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। नड्डा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा स्वास्थ्य में बदलाव लाने के लिए कई नीतिगत हस्तक्षेप किए गए हैं। उन्होंने कहा स्वास्थ्य नीति-2017 में हमने इसे व्यापक और समग्र बनाने का प्रयास किया। पहले उपचारात्मक पहलू पर जोर दिया जाता था, लेकिन अब निवारक, प्रोत्साहनात्मक, उपचारात्मक उपशामक और पुनर्वास पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जो एक समग्र दृष्टिकोण है।

बीजेएमएफकॉन-2024 कार्यक्रम में नड्डा को सम्मानित करते चिकित्सक।

1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं

नड्डा ने कहा कि जिन सुविधाओं को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र और उप-केंद्र कहा जाता था उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 1.73 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर हैं और उनकी गुणवत्ता का आकलन डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का ध्यान गैर-संचारी रोगों का शीघ्र पता लगाने पर है।

वैक्सीन संबंधी भ्रांतियों को रंगमंच के जरिये किया जीवंत

- लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के कलाकार ने शुरू की नई पारी

लंदन, एजेंसी

लंदन में रहने वाले भारतीय मूल के कलाकार अमित शर्मा ने वैक्सीन लेने में लोगों की हिचकिचाहट और इसे लेकर फैली भ्रांतियों को रंगमंच के जरिये जीवंत करके लंदन के किल्न थिएटर के कलात्मक निदेशक के रूप में अपनी पारी का आगाज किया। नाटक पिन्स एंड नीडल्स का प्रदर्शन हाल ही में पूरी दुनिया में किया गया है और इसका प्रदर्शन अगले सप्ताहांत तक होगा।

रॉब ड्रमंड द्वारा लिखित इस नाटक के जरिये कोविड के टीके और दुनिया भर में बच्चों से जुड़े अन्य टीकों को लेकर हुई राजनीति और फैलाई गई भ्रांतियों को दिखाने का प्रयास किया गया है। भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता गवी सिंह चेरा मुख्य किरदार रॉब की भूमिका में हैं। शर्मा का कहना है, इस नाटक से निश्चित रूप से बहस को बढ़ावा मिलेगा व इसके साथ से इससे एक दर्शक के लिए अपने से विपरीत विचारों वाले व्यक्ति के प्रति सहानुभूति रखने और उसे समझने में मदद मिलेगी।

दर्शकों के लिए मेरे भीतर जुनून : अमित शर्मा

अमित शर्मा ने कहा कि दर्शकों के लिए मेरा जुनून है कि वे खुद को और अपनी आवाज को प्रतिबिंबित होते देखें। यह उन लोगों को भी समझाने में मदद कर सकता है, जो समान पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं, लेकिन हमारे अभिनय से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। ब्रिटेन की राजधानी स्थित किल्न थिएटर में अपनी नयी पारी को लेकर शर्मा को उम्मीद है कि वह इस तरह के और भी नाटक पेश करेंगे।